राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 355 लखनऊ,
मंगलवार 19 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 16 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

हर व्यक्ति को न्याय दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध : केशव प्रसाद मौर्य 03

प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण व समय से करें निस्तारण 04

-: सर्राफा बाजार भाव :-

सोना		प्रति 10 ग्राम
24 कैरेट	=	1,01,550/
22 कैरेट	=	93,100/
18 कैरेट	=	76,180/
चांदी		प्रति किलो
	=	1,15,000/

संक्षिप्त समाचार

असम में 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके हुए महसूस

गुवाहाटी। असम के नगांव जिले में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किये गये। भारतीय सिस्मोलॉजी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 बजकर 09 मिनट 33 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र नगांव जिले में जमीन के अंदर 35 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 26.28 उत्तरी अक्षांश तथा 92.71 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

बड़ा फेरबदल : तीन एसीपी को नई जिम्मेदारी, दो रिलीव

लखनऊ। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सोमवार को एसीपी स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया। एसीपी क्राइम ऋषभ यादव को एसीपी अलीगंज बनाया गया। एसीपी ट्रैफिक अंकित कुमार महानगर एसीपी बने। एसीपी ट्रैफिक अभिनव को एसीपी साइबर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर ने यह बदलाव किया है। महानगर एसीपी नेहा त्रिपाठी और अलीगंज एसीपी धर्मेंद्र रघुवंशी को लखनऊ कमिश्नरेट से रिलीव कर दिया गया है। दोनों अंदरूनी ट्रांसफर पर थे।

नशा तस्कर सतप्रीत के विरुद्ध इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम के प्रयासों के उपरांत कनाडा में बैठे पंजाब के नशा तस्कर सतप्रीत सिंह थियाड़ा उर्फ सत्ता के विरुद्ध इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि विशेष जांच टीम के अनुरोध पर सतप्रीत सत्ता के विरुद्ध ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। नवांशहर के गांव बंगा निवासी सतप्रीत सिंह उर्फ सत्ता को साल 2021 में बिक्रम सिंह मजीठिया के विरुद्ध दर्ज एनडीपीएस एक्ट केस में सह आरोपित के तौर पर नामज़द किया गया था। जांच में पाया गया कि जब अंतरराष्ट्रीय कुख्यात भोला ड्रग रैकेट पंजाब में सक्रिय था, उस समय सतप्रीत सत्ता 2007 से 2013 के दरमियान नियमित तौर पर भारत आता रहा। वह अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट के साथ जुड़ा हुआ था और उस समय की विभिन्न राजनैतिक हस्तियों के साथ उसके घनिष्ठ सम्बन्ध थे।

दिल्ली के 32 स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। राष्ट्रीय राजधानी के 32 स्कूलों को सोमवार सुबह बम की धमकी मिली। अधिकतर कॉल द्वारका स्थित स्कूलों को मिली है। एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली कराया गया और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस ने तफ्तीश के बाद इस धमकी को फर्जी बताया।

दिल्ली एयरपोर्ट 100 मिलियन क्लब में शामिल, बना एशिया का दूसरा बड़ा हब

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। अब यह दुनिया के उन चुनिंदा एयरपोर्ट्स की सूची में शामिल हो गया है, जिनकी क्षमता सालाना 100 मिलियन (10 करोड़) से अधिक यात्रियों को संभालने की है।

वर्तमान में दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) द्वारा संचालित यह हब 109 मिलियन यात्रियों की क्षमता के साथ खड़ा है। यह क्षमता मई 2023 में टर्मिनल-1 के पूरी तरह शुरू होने के बाद हासिल हुई। एशिया में दिल्ली एयरपोर्ट दूसरा ऐसा एयरपोर्ट है जिसने यह मुकाम पाया है। इससे पहले केवल टोक्यो हानेडा एयरपोर्ट ही इस सूची में शामिल था। अगर सरकार टर्मिनल-2 के आधुनिकीकरण की मंजूरी देती है, तो दिल्ली एयरपोर्ट की क्षमता 140 मिलियन यात्रियों तक बढ़ सकती है। इसी बीच, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का दूसरा बड़ा हवाई अड्डा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) कृ इस साल नवंबर तक शुरू होने जा रहा है। इसकी शुरुआती क्षमता सालाना 12 मिलियन यात्रियों की होगी, जो दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद करेगा।

डल झील में होगा पहला खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल

▸ 21 से 23 अगस्त तक दिखेगा नया नजारा

एजेंसी

नई दिल्ली। डल झील पहली बार एक नए अंदाज में देश के सामने आने को तैयार है। जम्मू-कश्मीर की पहचान बन चुकी इस झील में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक होगा। यह पहला मौका होगा जब राष्ट्रीय स्तर की ओपन वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता यहां आयोजित की जाएगी। इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

जाने-माने कायाकिंग और कैनोइंग खिलाड़ी व ओलंपिक जज बिलकसि मीर ने कहा, यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत में वाटर स्पोर्ट्स के नए युग की शुरुआत है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का आभार मानते हैं।÷ अब तक 15 राष्ट्रीय पदक जीतने वाले युवा खिलाड़ी मोशिन अली ने कहा कि वह डल झील में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचना चाहते हैं। कोच मुहम्मद इम्तियाज़ का मानना है कि जैसे गुलमर्ग विंटर स्पोर्ट्स का केंद्र बना, वैसे ही यह फेस्टिवल डल झील को वाटर स्पोर्ट्स के नक्शे पर चमकाएगा। इस आयोजन को कश्मीर की संस्कृति से भी जोड़ा गया है। फेस्टिवल का मैस्कॉट हिमालयन किंगफिशर है जबकि लोगो में डल झील का शिकारा शामिल किया गया है। शिकारा चलाने वाले मुहम्मद रफीक मल्ला ने कहा कि इस आयोजन से झील में रहने वाले लोगों को भी नए अवसर मिलेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल खेलो इंडिया कैलेंडर में शामिल नई प्रतियोगिता है।

छह खेलों में होगी प्रतिस्पर्धा

फेस्टिवल में कुल छह खेल होंगे, जिनमें तीन पदक इवेंट रोइंग, कायाकिंग और कैनोइंग शामिल हैं। इसके अलावा डेमो इवेंट्स के तौर पर वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट भी आयोजित किए जाएंगे, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहेंगे। गुलमर्ग पहले ही खेलो इंडिया विंटर गेम्स के जरिए देश का प्रमुख विंटर स्पोर्ट्स हब बन चुका है। अब डल झील को वाटर स्पोर्ट्स गंतव्य बनाने की कोशिश की जा रही है। इस आयोजन से न सिर्फ एथलीट्स बल्कि हाउसबोट मालिकों और स्थानीय कारोबारियों को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। आयोजन की तैयारी के लिए झील की सफाई और डिवीडिंग जैसे काम तेजी से किए गए हैं।

भारत ने एशियन निशानेबाजी में 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता रजत

शायमकेंट (कजाकिस्तान) 18 अगस्त (वार्ता) अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। शायमकेंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिकड़ी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए। वहीं चीन के हू काई, चांगजी यू और यिफान झांग ने 1744-51 गुणा अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान ने 1733-62 गुणा अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

चुनौतियों को देखते हुए साइबर की दुनिया में करना होगा काम

सीएम योगी ने साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक व रणनीतिक प्रतिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय समिट का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय समिट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के लिए मोबाइल फोरेंसिक वैन (एमएफवी) का फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर अटल पुस्तकालय का भी शुभारम्भ किया। बंथरा के ओरांव दारोगाखेड़ा स्थित उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साढ़े तीन हजार साल पहले लखनऊ के करीब सीतापुर जिले में नैमिषारण्य में एक संगोष्ठी हुई थी। उस संगोष्ठी में विद्वान ऋषि, मुनियों ने हिस्सा लिया। उसमें जो मंथन चिंतन हुआ, वह आज भी हम सब के बीच ज्ञान के रूप में विद्यमान है। यह सेमिनार भी कानून व्यवस्था कायम रखने में बहुत कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन को समय के हिसाब से करना होता है। वर्ष 2017 के पहले यूपी की दूसरी स्थिति थी। आज सभी 75 जिलों में साइबर थाने स्थापित हो चुके हैं। प्रदेश के सभी थानों में साइबर सेल गठित किया गया। अब साइबर मुख्यालय स्थापित किया जा रहा है। अब हमें उससे भी आगे सोचकर कार्य करना होगा। सुपरसोनिक मिसाइल या ड्रोन जैसा कुछ सोचना पड़ेगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर अटल पुस्तकालय का भी शुभारंभ किया गया है।

यूपी माफिया मुक्त नहीं, महामाफिया बन गया : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल में जबरन वसूली गिरोह संचालित करने के आरोप में कानपुर में एक वकील गिरफ्तारी का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यादव ने 'एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश में भाजपाई भ्रष्टाचार का त्रिकोण- फर्जी 'एनकाउंटर वाली भ्रष्ट भाजपा सरकार, काली कमाई वाले भाजपा संरक्षित भ्रष्ट अधिकारी, दोनों की करतूतों को छिपाने वाला भ्रष्ट भाजपाई वकील। अखिलेश यादव ने कहा, ''हजारों करोड़ कमाने वाले भ्रष्टाचारी को न ड्रोन देख पाया, न दूरबीन में वो नजर आया, मामला भी तब खुला जब आपस में ही रंगदारी का धंधा सामने आया। अब देखते हैं कि इस भाजपाई भू-माफिया के अवैध कब्जों पर बुलडोजर अपने आप चलता है या हमारी इस पोस्ट के प्रकाशित होने के बाद या फिर कोई सबसे बड़ा रंगदार, इन सबसे वसूलकर मामला रफा-दफा कर देगा। सपा अध्यक्ष ने कहा, ''उत्तर प्रदेश 'माफिया मुक्त होने का दावा करने वाले अब कहां हैं? सच तो ये है कि उत्तर प्रदेश 'माफिया मुक्त नहीं हुआ है, बल्कि माफिया किसी एक में समाकर 'महामाफिया बन गया है

उमा भारती ने योगी से की शाहजहांपुर का नाम बदलने की मांग

शाहजहांपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यूपी के शाहजहांपुर जिले का नाम बदलने की मांग करते हुए विवाद को फिर हवा दे दी है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जिले का नाम किसी स्वतंत्रता सेनानी, संत या समाज सुधारक के नाम पर रखा जाना चाहिए, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतिनिधित्व करता हो। उमा भारती ने इस मुद्दे पर विपक्षी दलों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने विपक्ष पर गुलामी से जुड़े नामों का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह दल केवल वोट बैंक की राजनीति में जुटे हैं और जनता की भावनाओं का सम्मान नहीं करते। उमा भारती ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया आरोपों पर भी तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था है और सभी शिकायतों की जांच करता है। अगर जनता राहुल गांधी को वोट नहीं दे रही है, तो उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए, बजाय इसके कि वे चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाएं।

मेफेड्रोन फैक्टरी का पर्दाफाश, दाऊद गिरोह से जुड़े नेटवर्क का खुलासा

एजेंसी

▸ तुर्की में बैठे सलीम डोला के निर्देश पर नशीले पदार्थ बनाने के लिए भिवंडी से भेजा जाता था कच्चा माल

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हुजूर तहसील में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई इकाई ने मेफेड्रोन बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। इसमें दाऊद गिरोह से जुड़े नेटवर्क के जुड़े होने के बारे में कई अहम जानकारियां मिली हैं। भोपाल की हुजूर तहसील में डीआरआई की मुंबई इकाई ने बताया कि जगदीशपुर इलाके में संचालित हो रही इस फैक्टरी में पिछले कुछ महीनों से मेफेड्रोन का अवैध उत्पादन किया जा रहा था।

डीआरआई की मुंबई इकाई ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई टीम की पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि जाँच अभी जारी है और कई अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिनके तार सीधे-सीधे इस सिंडिकेट से जुड़े हैं। इसमें दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क से जुड़े लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार पूछताछ में सामने आया कि नशीले पदार्थ बनाने के लिए आवश्यक कच्चा माल भिवंडी से भेजा जाता था। यह सप्लाई सीधे तुर्की में बैठे सलीम डोला के निर्देश पर की जा रही थी। आरोपितों ने कबूल किया कि मार्च से जुलाई 2025 के बीच लगभग 400 किलो कच्चा माल भोपाल फैक्टरी में भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि इसमें 2 ब्रोमो 4 मिथाइल प्रोपियोफेनोन जैसे रसायनों की बड़ी मात्रा शामिल थी। सप्लाई चेन का जिम्मा महाराष्ट्र के भिवंडी और ठाणे इलाके से जुड़े स्थानीय नेटवर्क के पास था। डीआरआई की पूछताछ में वीरेन शाह नामक आपूर्तिकर्ता का नाम भी सामने आया, जो कथित तौर पर हर महीने बड़ी मात्रा में यह रसायन भेज रहा था। मार्च में 50 किलो, अप्रैल में 100 किलो, मई में 50 किलो, जून और जुलाई में 100-100 किलो की खेप भोपाल पहुंची थी।

यूपी में फिर से सक्रिय होगा मानसून, 21 से होगी झमाझम बारिश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बरसात का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 अगस्त से प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने जा रहा है। बंगाल की खाड़ी से बने नए वेदर सिस्टम का असर सीधे यूपी पर पड़ेगा, जिससे कई जिलों में झमाझम बारिश होगी। फिलहाल प्रदेश में उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। कानपुर, वाराणसी, अयोध्या सहित कई जिलों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद जैसे तराई क्षेत्रों में 19 अगस्त को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने से 21 अगस्त से यूपी के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

अनोखी पहल : रेलवे ट्रैक के बीच पहली बार सोलर पैनल की स्थापना

समृद्धि न्यूज

नई दिल्ली। वाराणसी स्थित बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ने भारतीय रेलवे में एक अनोखी पहल करते हुए यहां 70 मीटर लंबे सक्रिय रेलवे ट्रैक (लाइन संख्या 19) के बीच 15 किलोवाट क्षमता का रिमूवेबल सोलर पैनल सिस्टम स्थापित किया गया है। यह देश का पहला ऐसा प्रयोग है जिसमें बिना रेल संचालन प्रभावित किए पैनल लगाए गए हैं।

रेल मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सोलर पैनल की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया कि भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ने रेलवे पटरियों के बीच भारत का पहला 70 मीटर लंबा रिमूवेबल सोलर पैनल सिस्टम (28 पैनल, 15 किलोवाट पावर) स्थापित किया है जो हरित और टिकाऊ रेल परिवहन की दिशा में एक कदम है।

रेल अधिकारियों के अनुसार, पैनल विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं ताकि उन्हें आसानी से हटाया और लगाया जा सके। ट्रैक से आसानी से हटाने के लिए 4 एसएस एलन बोल्ट का उपयोग किया गया है। इससे न सिर्फ ट्रैक की देखभाल और मरम्मत में सुविधा होगी बल्कि पैनलों की सफाई और रखरखाव भी सरल रहेगा।

कठिन दौर के बाद रिश्तों में स्पष्ट व रचनात्मक दृष्टिकोण अनिवार्य : एस जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने सोमवार को दिल्ली यात्रा पर आए अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता में उन्होंने सीमा से जुड़े विषयों को प्राथमिकता से सुलझाने, संघर्ष से बचने और सम्मान आधारित रिश्तों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, अब हमारे दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने विशेष प्रतिनिधियों की 24वें दौर की वार्ता के लिए चीनी विदेश मंत्री वांग यी के भारत आगमन का स्वागत किया। यह अक्टूबर 2024 में कजान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की बैठक के बाद पहली मंत्रिस्तरीय यात्रा है।

नांदेड़ में भारी बारिश से आई बाढ़ में 225 नागरिक फंसे, बचाव कार्य में जुटी नौसेना व एनडीआरएफ

▸ सीएम फडणवीस ने राज्य में बारिश व बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के मुखेड़ तहसील में सोमवार को मूसलाधार बारिश के कारण लेंडी बांध का जलस्तर बढ़ जाने और लातूर, उदगीर तथा कर्नाटक से भी भारी मात्रा में पानी आने बाढ़ आ गई है। इससे रावणगांव में 225 नागरिक बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं।

इन सबको सुरक्षित बाहर निकालने के लिए भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम के साथ जिला प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मंत्रालय में स्थित आपातकालीन विभाग में राज्य में बारिश और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद पत्रकारों को बताया कि नांदेड़ में पिछले 24 घंटों में लगभग 206 मिमी बारिश हुई है। इसके साथ ही अन्य जिलों के साथ कर्नाटक का पानी भी यहां आया है। जिससे रावनगांव, भसवाड़ी, भिंगेली, हसनाल में बाढ़ आ गई है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रावणगांव में 225 नागरिक बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। जिनमें से सबसे अधिक प्रभावित स्थानों से नागरिकों को निकाल लिया गया है। शेष नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने के प्रयास जारी है। हसनाल में 8 नागरिकों को निकाला गया है। भसवाड़ी में 20 नागरिक फंसे हुए हैं, वे सुरक्षित हैं। भिंगेली में 40 नागरिक फंसे हुए हैं, वे सुरक्षित हैं। 5 नागरिक लापता हैं, उनकी तलाश की जा रही है। वह स्वयं नांदेड़ जिला कलेक्टर के लगातार संपर्क में हूँ, और नांदेड़, लातूर और बीदर तीनों जिला कलेक्टर एक-दूसरे के संपर्क में हैं और बचाव कार्य कर रहे हैं।

यूट्यूबर ज्योति को कोर्ट ने सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी

▸ अब 25 को अदालत में होगी फिजिकल पेशी

हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा अदालत ने सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले उसकी सोमवार को यहां की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। पेश के बाद अदालत ने उसे फिर से जेल भेजने के निर्देश दिए। ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने सोमवार को बताया कि 25 अगस्त को ज्योति की कोर्ट में फिजिकल पेशी होगी, जिसमें उसे चार्जशीट की कॉपी सौंपी जाएगी।

पुलिस ने चार दिन पूर्व 14 अगस्त को कोर्ट में ज्योति के केस की 2500 पन्नों की चार्जशीट सौंपी थी जिसमें पुलिस ने जांच के आधार पर जासूसी के सबूत होने के दावे किए हैं। जांच से जुड़े पुलिस सूत्रों से कई अहम खबरें सामने आई हैं। हालांकि चार्जशीट की कॉपी अभी किसी को नहीं मिली है, इस वजह से औपचारिक तौर पर पुलिस के दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। दावा किया गया है कि ज्योति लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारियों और एजेंटों के संपर्क में थी। ज्योति ने भारत में संवेदनशील जगहों के न केवल वीडियो बनाए बल्कि उनको पाकिस्तानी एजेंटों को शेयर भी किया।

जिम्मेदारियों से भाग रहा है चुनाव आयोग : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरुरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है लेकिन सांसद उसकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे।

संबोधन प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म पर उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा

सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अगली पीढ़ी के सुधारों (नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म) के रोडमैप पर विचार-विमर्श के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में तेज और व्यापक सुधारों के माध्यम से जीवन को सरल बनाने और व्यापार को सुगम बनाने को बढ़ावा देने पर विचार किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा, अगली पीढ़ी के सुधारों की रूपरेखा पर बैठक की अध्यक्षता की। हम सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो लोगों के जीवन को आसान बनाएंगे, व्यापार को सरल बनाएंगे और देश की समृद्धि को बढ़ावा देंगे। बैठक में प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने, निवेश को प्रोत्साहन देने, बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और सामाजिक-आर्थिक समावेशन को सुनिश्चित करने जैसे अहम विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को निर्देश दिया कि सुधारों को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए, ताकि आम नागरिक और उद्यम दोनों स्तरों पर इसका सीधा लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार बीते कुछ वर्षों से न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के सिद्धांत के तहत सुधारों की दिशा में लगातार कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य शासन प्रणाली को अधिक उत्तरदायी, जनकेन्द्रित और प्रभावी बनाना है।

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की और इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। यह मुलाकात विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर एक समृद्ध चर्चा का अवसर बनी। इस भेंट के दौरान दोनों के बीच अंतरिक्ष में अनुभवों, वैज्ञानिक प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन पर व्यापक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए, शुभांशु शुक्ला के योगदान को भारत की अंतरिक्ष यात्रा के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, शुभांशु शुक्ला के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति तथा भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।

निघासन संपूर्ण समाधान दिवस

46 शिकायतें दर्ज, एडीएम ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने की। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

एडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें राजस्व विभाग की 19, पुलिस विभाग की 10, नगर पंचायत की 4, विकास विभाग की 6, आपूर्ति विभाग की 3, लोक निर्माण विभाग की 2, उप निबंधक विभाग की 1 और बैंकिंग विभाग की 1 शिकायत शामिल रही। इनमें से राजस्व विभाग की 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम निघासन राजीव निगम, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, पूर्ति निरीक्षक रामसेवक यादव, बीईओ धर्मेश यादव, सीडीपीओ मायादेवी समेत तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी युगान्तर त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनता की समस्याएं सुनी गईं। विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सभी का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा विभाग को सर्वाधिक 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें तत्परता से निस्तारित किया गया। वहीं, पुलिस विभाग को 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। संयुक्त जांच हेतु 3 मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया गया। इसके अतिरिक्त नगर विकास विभाग और विद्युत विभाग को 1-1 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका भी त्वरित निस्तारण कर जनता को राहत पहुंचाई गई। उपजिलाधिकारी त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करना है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनविश्वास बना रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर अशोभनीय वीडियो बनाने वाले चार युवक गिरफ्तार

मैगलगंज खीरी। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर आपत्तिजनक कॉमेडी वीडियो बनाना चार युवकों को भारी पड़ गया। मैगलगंज पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो की जानकारी ट्विटर पर समाज के जागरूक नागरिकों ने साझा की थी। शिकायत पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र पांडेय ने जांच कर आरोपियों की पहचान की। पता चला कि वीडियो थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर के युवकों द्वारा बनाया गया था और इसे इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पवन कुमार पुत्र राम औतार (26), गौरव कुमार पुत्र विजय कुमार (23), अंकित पुत्र बबलू (20) एवं ऋतिक सक्सेना उर्फ गोलू पुत्र संजय कुमार सक्सेना (20) को हिरासत में लिया। चारों के खिलाफ बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर चालान उपजिलाधिकारी मितौली की अदालत में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुशील कुमार तिवारी, कांस्टेबल अजय कुमार, लोकेन्द्र कुमार, विवेक वर्मा एवं सतीश कुमार शामिल रहे।

रकेहटी बाजार में हुई चुनावी समीक्षा बैठक, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में रकेहटी बाजार में सोमवार को चुनावी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जगत नारायण गुप्ता को सौंपी गई, जबकि संदीप गुप्ता महामंत्री और प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। प्रदेश नेतृत्व ने भी कई महत्वपूर्ण पदों पर मनोनयन किए। निघासन विधानसभा अध्यक्ष पद पर संतोष गुप्ता, जिला संगठन मंत्री पद पर हरीश पांडे और मंत्री पद पर कमाल अहमद मुन्ना का चयन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, व्यापारी पसीना बहाएगा तो हम उसके लिए खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री एवं जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गोयल, जिला महामंत्री अशोक गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री अजय अग्रवाल सहित छैलबिहारी पांडे, रमेशचंद्र तिवारी, अजय गुप्ता, देवेंद्र कुमार पांडे, रामबिलास गुप्ता, राममनोहर गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, राजाराम गुप्ता और लक्ष्मीचंद गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी शामिल हुए।

हाथियों के आतंक से किसान बेहाल, उजाड़ रहे धान-गन्ने की फसल

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।

दुधवा टाइगर रिज़र्व के जंगल से निकलकर खेतों में पहुंच रहे हाथियों के झुंड ने तीसरे दिन भी किसानों की धान और गन्ने की फसलें रौंद डालीं। हालात यह हैं कि खेतों में मेहनत से लहलहाई फसल अब बर्बाद हो चुकी है और किसान असहाय होकर सिर्फ देख रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक बेलरायां रेंज से निकले हाथियों का झुंड बरौला हार गांव पहुंचा, जहां उन्होंने किसानों मुशर्रफ खां, रोजअली, नेतराम निवासी तकियापुरवा और इतवारी निवासी मोतीपुर की दर्जनों बीघा फसल को तहस-नहस कर दिया। किसानों का कहना है कि हाथियों ने न सिर्फ वन विभाग द्वारा लगाई गई जाली तोड़ दी बल्कि खेतों की रखवाली के लिए बनाए गए लकड़ी के मचान भी गिरा दिए। किसान आरोप लगा रहे हैं कि वन विभाग पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। न तो कोई ठोस प्रबंध किए गए हैं और न ही रात में गश्त की व्यवस्था है। पीड़ित किसानों ने मांग की है कि फसलों को बचाने के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं और हुए नुकसान का पूरा मुआवजा दिया जाए।

इस संबंध में क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जिन किसानों की फसलें हाथियों ने बर्बाद की हैं, वे मुआवजे के लिए प्रार्थना पत्र दें, उन्हें विभागीय मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि गश्त बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों से अपील की कि हाथियों की सूचना तुरंत विभाग को दें और जरूरत पड़ने पर पटाखे दगाकर उन्हें भगाएं।

खबरें एक नजर में

जमीन सौदे में ठगी और मारपीट, चार नामजद पर मुकदमा दर्ज

ईसानगर- खीरी। जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर मल्लापुर निवासी जब्बीर पुत्र अब्दुल ने जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर धोखाधड़ी और मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जब्बीर का कहना है कि गांव के ही चार लोगों ने मिलकर नकली कागज़ात दिखाकर उससे एक लाख रुपये हड़प लिए। तहरीर के अनुसार आरोपी प्रहलाद पुत्र कल्लू, सुरेश पुत्र अमरीका, विजय यादव पुत्र सूरजा और भाई लाल पुत्र क्षत्रपाल ने पराग नामक व्यक्ति की जमीन दिखाकर सौदा कराया। आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर पराग के नाम से बैनामा तैयार कराया और जब्बीर से 60 हजार रुपये भी ले लिए। जब जब्बीर कब्जा लेने पहुंचा तो असली मालिक पराग ने उसे रोक दिया और तभी ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने बताया कि जब उसने रुपये वापस मांगे तो 11 जून 2025 की शाम चारों आरोपी उसके घर पहुंचे और रुपये लौटाने की बजाय उसे पकड़कर डंडों व घूंसों से पीट दिया। शोर मचने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। पीड़ित ने पहले थाने और फिर अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अदालत का सहारा लिया। अदालत के आदेश पर ईसानगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कस्बे में धूमधाम से निकाली गई दधिकांदो शोभायात्रा

उचौलिया खीरी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पश्चात सोमवार को कस्बे के देवी स्थान मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की दधिकादो शोभायात्रा मनोहारी झांकी व डी जे के साथ धूमधाम से निकाली गई। जगह-जगह महिलाओं द्वारा पुजा अर्चना कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कस्बे के देवीस्थान मंदिर से आज दोपहर करीब 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण की दधिकांदो शोभायात्रा आगे बढ़ी। शोभायात्रा में सबसे आगे श्रद्धालु पताका लेकर भगवान श्रीकृष्ण की जय-जयकार करते हुए चल रहे थे। उसके पीछे डीजे पर मधुर भक्ति गीत बज रहे थे। श्रद्धालु डीजे की मधुर धुन पर नाचते गाते धिरकते हुए चल रहे थे और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की का उद्घोष कर रहे थे। शोभा यात्रा में जयलाल पुजारी, शिवकुमार, रामनरेश, चंद कुमार, सर्वेश कुमार, रोशनलाल, बीनू, सुनील कुमार, हरिद्वारीलाल, नीरज कुमार, अजय कुमार, विकास कुमार, रामकिशोर, आज चरणों श्रद्धालु शामिल रहे।

94 प्रतिभागियों को पछाड़ मो. उस्मान बने शतरंज चैंपियन

उतरौला (बलरामपुर)। उतरौला के इमानुएल चर्च स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय 5 वीं ग्रांड मास्टर क्रेस्ट चेस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मोहम्मद उस्मान ने पवन कश्यप को पराजित कर ट्राफी अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में कुल 94 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता हकीक अंसारी ने किया। और डायरेक्टर आशीष विक्टर अजीत कुमार मौर्य मैच के ऑर्बिटर रहे। यह प्रतियोगिता 15 व 16 अगस्त को 6 राउंड में सम्पन्न हुआ। जिसमें 6 अंक के साथ मोहम्मद उस्मान प्रथम स्थान 5.5 अंकों के साथ अशोक कुमार शुक्ला द्वितीय स्थान व 5 अंक के साथ स्वदेश नाथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान के लिए अंतिम बाजी मोहम्मद उस्मान व पवन कश्यप के मध्य हुआ है। आयोजक मंडल द्वारा विजेता मोहम्मद उस्मान को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य आशीष विक्टर ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले की शतरंज प्रतिभाओं को सामने लाना है। खिलाड़ियों और अभिभावकों में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा गया। ऑर्बिटर एडवोकेट अजीत कुमार मौर्य ने कहा कि शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। साथ ही समाज में खेलों की भूमिका को समझाते हुए सभी को बधाई दी। आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में सभी उच्च स्तर पर अपना और हम सभी का नाम रोशन करेंगे।

बजाज शुगर लिमिटेड की संपत्ति पर किसानों का दावा, नीलामी में भागीदारी की मांग

- राकिशसं ने डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, गन्ना भुगतान न होने पर जताई नाराजगी

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

गोला गोकर्णनाथ स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की कुर्क संपत्ति की नीलामी प्रक्रिया को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। सोमवार को राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन (राकिशसं) के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार वर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम की अनुपस्थिति में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मनीषा कुमारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। ज्ञापन में मांग की गई है कि बजाज शुगर की कुर्क संपत्ति और उस पर खड़ी करोड़ों रुपये की फसल को तत्काल प्रभाव से सरकारी कब्जे में लिया जाए ताकि किसानों के बकाया गन्ना भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस दिशा में जल्द कदम नहीं उठाए तो सितंबर माह में एक विशाल किसान सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड पर किसानों का रु.37,131.60 लाख का बकाया गन्ना मूल्य एवं ब्याज था, जिसके आधार पर वसूली प्रमाण पत्र जारी हुआ। इसके बावजूद न तो कुर्की की प्रक्रिया ठीक से लागू हुई, न ही बकाया राशि का भुगतान किया गया। संगठन का आरोप है कि तहसील प्रशासन एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से कुर्क की गई संपत्तियों को किसानों से छिपाया जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि खम्भारखेड़ा स्थित बजाज चीनी मिल की संपत्ति की 18 अगस्त को प्रस्तावित नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है। न तो गाटा संख्या, रकबा, संपत्ति का सही विवरण दिया गया है और न ही अग्रिम धनराशि, समय व स्थान की स्पष्ट जानकारी है।

राकिशसं ने मांग की है कि नीलामी प्रक्रिया को पुनः 10 दिन पूर्व समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से प्रकाशित किया जाए तथा सभी किसानों को भाग लेने का अवसर दिया जाए। नीलामी से प्राप्त धनराशि को सीधे किसानों के एस्क्रो अकाउंट में भेजने की भी मांग की गई है।

संगठन ने साफ कहा है कि अगर किसानों की मांगों की अनदेखी की गई, तो सितंबर में जनपद स्तर पर व्यापक किसान सत्याग्रह किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान राकिशसं के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जयपाल सिंह यादव, शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, अनिल वर्मा, लालू राम वर्मा, जय सिंह यादव, रामसागर वर्मा, थान सिंह, इंद्रजीत वर्मा, कामनाथ वर्मा और महेंद्र सिंह समेत कई किसान नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यूरिया नहीं मिलने से किसान कालाबाजारी के हो रहें शिकार

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

यूरिया नही मिलने से किसान कालाबाजारी के शिकार हो रहे है जिससे प्रयाप्त यूरिया उपलब्ध कराने की माँग किसानों ने की है ।

प्रशासन भले ही पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होने का दावा कर रहा है। जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। रेहराबाजार ब्लॉक के 10 साधन सहकारी समितियां में से मात्र चार अधीनपुर, मुबारकपुर, परसिया, रामपुरअरना ही चल रहा है। जिससे चारों समितियों पर लंबी लाइन लगी रहती हैं। पूरे दिन धक्का-मुक्की खाने के बाद भी किसनों को यूरिया नहीं मिल पा रहा है। रेहरा बाजार ब्लॉक में यूरिया को लेकर मारामारी मची हुई है। सूत्रों के अनुसार यूरिया वितरण में प्रशासन की लापरवाही बताई जा रही। धान की फसल की टॉप ड्रेसिंग के लिए किसानों के यूरिया की आवश्यकता है। पिछले 20 दिनों से किसान यूरिया के लिए परेशान है। सहकारी समितियों पर आए दिन किसानों से झड़प होने की बात सामने आ रही है। किसान साधन सहकारी समिति संचालकों पर यूरिया की कालाबाजारी करने का आरोप लगा रहे हैं। 266.50 रुपए निर्धारित है लेकिन साधन सहकारी समिति पर यूरिया नहीं मिलने से इधर उधर निर्धारित मूल्य से ज्यादा यूरिया अन्यदाता खरीददारी करने को मजबूर है। किसान कनिक राम, राहुल, मनीष कुमार, राधे, राम तेज, राम अवध शर्मा, नंदकिशोर श्रीवास्तव व रमेश कुमार ने बताया कि यूरिया नहीं मिलने से धान व गन्ने की फसल खराब हो रहा हैं। इसलिए यूरिया के दर दर भटक रहे है। लेकिन अधिकारी जानकर अनजान है। एजी एडिओ रणधीर सिंह ने बताया कि समिति पर पर्याप्त यूरिया आ रहा किसान कही भटके नहीं किसी प्रकार की दिक्कत हो तो सूचना जांच कर कारवाई की जाएगी ।

आमिना कान्वेंट स्कूल के छात्र मोहम्मद आसिफ ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का बढ़ाया मान

सादुल्लानगर/बलरामपुर। स्थानीय आमिना कान्वेंट स्कूल के छात्र मोहम्मद आसिफ ने प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि पूरा जनपद गर्व महसूस कर रहा है।

विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधक/ग्राम प्रधान कम्मरपुर शब्बू रजा ने मिठाई खिलाकर आसिफ को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आसिफ की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। मोहम्मद आसिफ ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आमिना कान्वेंट स्कूल से ही प्राप्त की। उनका निवास ग्राम सभा सादुल्लानगर अहरौला में है। उनके पिता अहमद हुसैन सादुल्लानगर मार्केट में कपड़े की दुकान चलाते हैं। नीट में सफलता के बाद आसिफ को सोनभद्र मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिला है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय को दिया। जनपद भर में इस सफलता की चर्चा जोरों पर है और मोहम्मद आसिफ को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।इस अवसर पर बीना शर्मा प्रिंसिपल, फसीउल्लाह वाइस प्रिंसिपल, मिथिलेश मिश्रा, शाह मो. आदि उपस्थित रहें।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

- शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

तहसील परिसर उतरौला में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेकर निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है, इसलिए अधिकारी मौके पर जाकर तथ्यों की जांच करें और शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी तरीके से करें। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर स्थलीय निरीक्षण करें और जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर पर होना है, उन्हें उचित रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रेषित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को समय पर न्याय मिल सके।

समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। राजस्व संबंधी विवाद, पुलिस कार्रवाई में विलंब, भूमि सीमांकन, पेंशन, बिजली व अन्य विभागीय शिकायतों को दर्ज कर अधिकारियों को सौंपा गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर उसका निस्तारण समयबद्ध तरीके से कराया जाएगा।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया कृषि बीज गोदाम का निरीक्षण

उतरौला (बलरामपुर)। उतरौला के सुभाष नगर हाटन रोड स्थित कृषि बीज गोदाम का सोमवार को नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को आवश्यक खाद की उपलब्धता की जानकारी ली और संबंधित कर्मचारियों से स्टॉक की स्थिति पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अनूप गुप्त ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर खाद का वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूरिया का सरकारी मूल्य 266 रुपये प्रति बोरी निर्धारित है और खाद की कोई कमी नहीं है। किसान नजदीकी वितरण केंद्र से आसानी से सरकारी दर पर खाद प्राप्त कर सकते हैं। गुप्त ने किसानों को भरोसा दिलाया कि अगर कोई विक्रेता उनसे अधिक मूल्य वसूलने की कोशिश करता है तो किसान तुरंत इसकी शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है और प्रशासन इस पर लगातार निगरानी रख रहा है। निरीक्षण के दौरान उतरौला देहात मंडल अध्यक्ष मेलाराम वर्मा भी मौजूद रहे। मौके पर किसानों ने खाद की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने पर संतोष व्यक्त किया।

हर व्यक्ति को न्याय दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैंप कार्यालय,7-कालिदास मार्ग लखनऊ पर 'जनता दर्शन' के माध्यम से विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद राजस्व संबंधित मुद्दे चिकित्सा सहायता, पेंशन आवास सड़क बिजली-पानी की समस्याएं पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।

जनसमस्याओं के समाधान में शिथिलता न बरतें अधिकारी

श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं के समाधान में शिथिलता या लापरवाही न हो। जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे,यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा।

एनसीईआरटी किताबों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने पकड़ा

लखनऊ । लखनऊ में एनएसयूआई छात्रों ने प्रदर्शन शुरू किया तो पुलिस ने उन्हें उठा लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 पर कांग्रेस छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने नारेबाजी शुरू कर दी। वे सरकार पर एनसीईआरटी की किताबों में इतिहास बदलने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को रोकने की कोशिश की तो नोकझोंक की भी स्थिति आ गई। पुलिस ने सभी छात्रों को टांगकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। सबको इको गार्डन के लिए भेज दिया। इस दौरान छात्रों ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप भी लगाया। सभी प्रदर्शनकारी छात्रों के हाथों में पोस्टर थे।

अवध रेसिडेंसी को गिराने पहुंचा लखनऊ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर, लोगों ने किया विरोध

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के बिजनौर स्थित अवध रेसिडेंसी कॉलोनी में अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने पहुंची लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम का विरोध हुआ। लोगों ने प्राधिकरण पर गलत कार्रवाई का आरोप लगाया।

कहा कि बिल्डर राधेश्याम ओझा और जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के बीच विवाद के कारण उन्हें टारगेट किया जा रहा है। गाढ़ी कमाई से खरीदे गए घर को गिराने की कोशिश की जा रही है। मुख्य रास्तों को प्राधिकरण के बुलडोजर से खोद दिया गया है। इससे आने-जाने में दिक्कत होती है। एम्बुलेंस घर तक नहीं पहुंच पाती है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस मामले की शुरुआत अगस्त 2024 में प्राधिकरण के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी की तैनाती के समय हुई। 2024 में कॉलोनी को अवैध बता कर सील किया गया। कहा गया की एयरपोर्ट ने कॉलोनी पर आपत्ति जताई है। इस पर स्थानीय लोगों ने एयरपोर्ट से एनओसी हासिल कर ली। मामला कोर्ट तक गया। कॉलोनी में लगभग 40 घर बने हुए हैं, जिसमें 30 परिवार रह रहे हैं और अन्य घरों में भी शिफ्टिंग की तैयारी है। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि विगत वर्ष हम लोगों ने मंडलायुक्त से इस मामले में शिकायत की थी। इसके बाद मामला ठंडा हो गया, मगर देवांश त्रिवेदी के दोबारा जोनल अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग कर ली है। इससे क्षेत्र के लोगों को फिर से परेशान किया जा रहा है। तमाम कागजी कार्रवाई पूरी करके एयरपोर्ट से एनओसी लेने के बाद भी हम लोगों को अवैध कहा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि इसके पीछे बिल्डर और जोनल अधिकारी का निजी मामला शामिल है। उन्होंने कहा कि कॉलोनी का बिल्डर राधेश्याम ओझा और देवांश त्रिवेदी के बीच कुछ सालों पहले आपसी विवाद हो गया था। देवांश त्रिवेदी ने कॉलोनी को टारगेट कर लिया है।

खबरें एक नजर में

इलाज के लिए कराई मालिश, मरीज की मौत, आरोपी फरार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। काकोरी इलाके में झाड़-फूंक और मालिश करने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। एक्सीडेंट में घायल युवक को ठीक करने का दावा करके मालिश कर रहा था। इस दौरान उसका झटके से पैर खींचा। जिससे युवक ने दम तोड़ दिया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। काकोरी जलियामऊ निवासी उमाशंकर का 9 दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। पत्नी गीता ने बताया कि पैर में गंभीर चोट आने के बाद उनका इलाज ट्रॉमा सेंटर और हड्डी अस्पताल में चल था। इस बीच गांव के ही रहने वाले सुखराम ने बताया कि उनका साढ़ू अभिषेक मालिश करके इलाज करता है। इसके बाद अभिषेक ने दावा किया कि वह बिना डॉक्टर के इलाज किए पैर ठीक कर देगा। 16 अगस्त की रात करीब 8 बजे अभिषेक उमाशंकर के घर पहुंचा और मालिश करने लगा। आरोप है कि मालिश के दौरान उसने पैर को इतनी जोर से घसीटा कि उमाशंकर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी अभिषेक वहां से भाग निकला। इसके बाद गीता ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले में इंस्पेक्टर काकोरी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शुरूआती जांच में क्लाटिंग के चलते मौत की वजह सामने आ रही है।

संपूर्ण समाधान दिवस, अफसरों ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मोहनलालगंज तहसील में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सिटी महेन्द्र सिंह, एसडीएम पवन पटेल और एसीपी रजनीश वर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान एक गंभीर मामला सामने आया। तहसील में स्थित खतौनी काउंटर पर अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। नियम के अनुसार प्रति खतौनी 15 रुपए शुल्क निर्धारित है, लेकिन कर्मचारी 20 रुपए वसूल रहे हैं। किसानों ने इस अवैध वसूली की शिकायत अधिकारियों से की है। तहसीलदार अभी तक इन मनमानी कर रहे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने में असफल रहे हैं।

गायब हुए आम के 10 हरे पेड़, ठेकेदार समेत सात के खिलाफ केस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी के सरोजनी नगर वन रेंज में लकड़ी माफिया की मनमानी सामने आई है। बंथरा के सहिजनपुर में बिना अनुमति के आम के 10 हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया। वन विभाग के अमावा बीट प्रभारी अभिषेक वर्मा को 17 अगस्त रविवार को सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि पेड़ काटकर लकड़ी भी ले जाई जा चुकी है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि गढ़ी चुनौटी निवासी लकड़ी ठेकेदार आयुष ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पेड़ों की कटाई की। इस मामले में बीट प्रभारी ने लकड़ी ठेकेदार आयुष के साथ विद्यावती, कुंवारा, गुड्डी, आशा, अनिल कुमार और अरविंद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सैनिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर, 300 छात्रों व स्टाफ की जांच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सरोजनी नगर स्थित कैप्टन मनोज पांडे उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में पद्मनाभस्वामी सेवा फाउंडेशन ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्कूल के करीब 300 बच्चों और स्टाफ की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। इनमें दाद, खुजली, बुखार, खांसी, मलेरिया और टाइफाइड प्रमुख हैं। सभी को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में संस्था के संस्थापक डॉ. दीपक सिंह चौहान मौजूद रहे। स्वास्थ्य सहायक डॉ. आकांक्षा, डॉ. प्रियंका, दिलीप मिश्रा, अजय गुप्ता, ज्योति, विकास कुमार और भीम मौर्य सहित अन्य लोगों ने भी शिविर में योगदान दिया।

शिकायतकर्ता को कॉल कर सत्यापित करें निस्तारण : डीएम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने सोमवार को तहसील सदर पहुंचकर सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निस्तारण केवल कागजों पर न हो, बल्कि शिकायतकर्ताओं को कॉल कर सत्यापित भी किया जाए। डीएम ने कहा कि जिन प्रकरणों का निस्तारण पिछले तहसील दिवस में किया गया है, उनकी हकीकत जानने के लिए विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ताओं को फोन करें। इससे यह साफ हो जाएगा कि समाधान वास्तव में हुआ या नहीं। उन्होंने सभी विभागों को हिदायत दी कि समाधान दिवस में आने वाले हर प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि जनता को दोबारा चक्कर न लगाना पड़े। निस्तारण की प्रक्रिया का फीडबैक लेने की जिम्मेदारी भी अधिकारियों को सौंपी गई। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण की गुणवत्ता तय करेगी।

आईटीआई में चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई की चतुर्थ चरण प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अधिशासी निदेशक, एससीवीटी, उत्तर प्रदेश के कार्यकारी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों को भरने के लिए 15 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन आवेदनों और पूर्व में पंजीकृत अभ्यर्थियों की ग्रुपवार मेरिट सूची तैयार कर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को भेज दी गई है। गैर-चयनित एवं नवीन आवेदनकर्ताओं की सूची उनके लॉगिन पर उपलब्ध करा दी गई है, जिसके आधार पर अभ्यर्थी नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। राजकीय संस्थानों में अभ्यर्थियों को अपने गृह जनपद और अस्थायी पते से संबंधित जनपद में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश का अवसर मिलेगा। राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थी चौथे चरण के लिए रैंक विकल्प पर क्लिक कर अपनी रैंक देख सकते हैं।

बाबा रामदेव ने सीएम योगी से की मुलाकात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से योग गुरु बाबा रामदेव ने शिष्टाचार भेंट की। उनकी यह मुलाकात मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास पर सोमवार को हुई है।

मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं

सबके जीवन में खुशहाली है सरकार का संकल्प

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान कई जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सबके जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सोमवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए।

हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को मिलेगी और बेहतर सुविधायें

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान किया। इस राशि से सेंटर को आधुनिक उपकरणों और आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए उच्चस्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि है। डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णत: क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होने सलोनी हार्ट फाउंडेशन की संचालक दंपति मिली सेठ एवं श्री हिमांशु सेठ के प्रयासों की सराहना की, साथ ही एसबीपआई फाउंडेशन के सहयोग की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने किया घेराव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने मंत्री के आवास के सामने जमकर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई जिस कारण से आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई और फैसला उनके पक्ष में आया। सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखने से पीछे हट रही है।

भाजपा में प्रत्येक जाति, वर्ग व व्यक्ति का सम्मान सुरक्षित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज काशी क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक को सुल्तानपुर में संबोधित किया। संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा के साथ आगामी पंचायत चुनाव पर मंत्रणा की गई।

श्री सिंह ने संगठन की मजबूती के लिए इकाई के रूप में काम करने का मंत्र देते हुए अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा की और बूथ समिति गठन सहित संगठनात्मक गतिविधियों पर बारीकी से पूछताछ की। कार्यक्रम में भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारी तथा जिलाध्यक्ष सम्मिलित हुए। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता निर्माण की सतत प्रक्रिया है। कार्यकर्ता संगठन का मेरूदंड है। प्रभावी बूथ समितियों में संगठन की शक्ति समाहित है। आगामी समय में पंचायत चुनाव होने वाले है। ऐसे में प्रत्येक बूथ पर प्रभावी बूथ समितियों के निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण करना है। बूथ समितियों के ऊजार्वान कार्यकर्ता चुनाव में बूथ पर अभेद्य व्यूह रचना के साथ घर-घर सतत सम्पर्क व सतत संवाद का माध्यम है। हम कह सकते है कि प्रभावी व सक्रिय बूथ समिति ही विजय का आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपकर जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि बूथ पर प्रत्येक परिवार के साथ हमें परिवार के सदस्य की तरह जुड़ना है। हर सुख-दुख में हमें साथ रहना है। हर कार्यक्रम और अभियान से सभी को जोड़ने का प्रयास करना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा में प्रत्येक जाति, वर्ग तथा व्यक्ति का सम्मान सुरक्षित है। भाजपा में अपनी योग्यता के आधार पर कोई भी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष सहित किसी भी पद पर पहुंच सकता है। जबकि सपा, बसपा, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों में उनके परिवार या उनके चहेतों के लिए पद आरक्षित है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण तथा आत्मनिर्भर वैभवशाली राष्ट्र निर्माण भाजपा का संकल्प है। सपा, बसपा व कांग्रेस के ऐजेंडे में सैफई परिवार, नेहरू गांधी परिवार की राजनैतिक विरासत बचाने की जद्दोजहद है।

भगवा कपड़े में नॉनवेज खा रहे युवक को पीटा सीसीटीवी में घटना कैद

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में भगवा कपड़ा पहने युवक के नॉनवेज खाने पर बवाल हो गया। दो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों हमलावर को हिरासत में ले लिया। उनका शांति भंग में चालान किया। घटना 17 अगस्त को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के केजीएन ढाबा में हुई। ढाबा में एक युवक भगवा कपड़ा पहनकर चिकन खा रहा था। इसका कुछ लोगों ने विरोध किया। युवक के नहीं मानने पर दो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई की। युवक की पिटाई के दौरान ढाबा में अफरा-तफरी मच गई। ढाबा संचालक ने पुलिस को फोन करके सूचना दी।

फोटोग्राफर व पत्रकार समाज की आंख और कान होते हैं : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं है, बल्कि यह समाज का आईना है। एक तस्वीर हजार शब्दों से ज्यादा गहरी बात कह जाती है। फोटो पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है, जो सच्चाई को जन-जन तक पहुँचाती है। श्री मौर्य ने द यूथ फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा कलास्रोत, अलीगंज में चार दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। प्रेरणादायी प्रदर्शनी के आयोजन के लिए उन्होनेद यूथ फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल कैमरे से तस्वीर नहीं उतारते बल्कि समय की नब्ज को पकड़ते हैं, समाज की कहानियाँ बयान करते हैं और इतिहास को जीवंत कर देते हैं। प्रदर्शनी न केवल कला का उत्सव है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराती है। फोटोग्राफर और पत्रकार समाज की आँखें और कान होते हैं।

रचनात्मक विमर्श व अनुशासित कार्यवाही के लिए स्मरणीय बना विस सत्र : महाना

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधानसभा का वर्ष 2025 का द्वितीय सत्र रचनात्मक विमर्श और अनुशासित कार्यवाही के लिए स्मरणीय बन गया। सत्र में ÷विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश÷ विषय पर लगातार दो दिनों तक सतत चर्चा हुई, जिसने लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ता प्रदान की।

मीडिया से मुखातिब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस विमर्श ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना को और अधिक गहराई व व्यापकता प्रदान की है। यह भविष्य के लिए सकारात्मक दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि महत्त्वपूर्ण विषय पर सदन का प्रत्येक सदस्य अपने विचार प्रकट करना चाहता था। इसमें भाग लेने की होड़ दिखाई दी, जिन्हें बोलने का अवसर मिला वे संतुष्ट दिखे, वहीं समयाभावावश जिनको अवसर नहीं मिल पाया, उनमें हल्का असंतोष झलकता रहा।उन्होंने बताया कि इस चर्चा में 193 सदस्यों ने भाग लिया। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 105 अपना दल के 7 राष्ट्रीय लोक दल के 2 सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के 2 निर्वल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के 4 असम्बद्ध 3 समाजवादी पार्टी के 65 कांग्रेस 2 बहुजन समाज पार्टी के 1 तथा जनसत्ता दल के 2 सदस्य शामिल हैं। 193 सदस्यों में सत्तापक्ष के 120, विपक्ष के 70 तथा 3 असम्बद्ध सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। मंत्रिपरिषद के 31 सदस्य भी इस विमर्श में शामिल हुए। 24 महिला सदस्य जिनमें 18 सत्तापक्ष से और 6 विपक्ष से थीं, ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।मानसून सत्र के दौरान सत्ता और विपक्ष दोनों पक्षों ने अपनी बात खुलकर रखी। यही लोकतंत्र की वास्तविक खूबसूरती है। चार दिन के संक्षिप्त सत्र में जितना विधायी कार्य हुआ, उतना प्रायः लंबे सत्रों में भी नहीं हो पाता। कुल 32 घंटे 28 मिनट तक विधानसभा की कार्यवाही चली, जिसमें केवल 43 मिनट सदन स्थगित रहा। स्थगन रहित समयावधि 31 घंटे 45 मिनट रही, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।श्री महाना ने बताया कि इस बार सदन में सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सभी सूचनाओं को ग्रहण किया गया।

अगले साल लखनऊ में होगा पीठासीन अफसरों का सम्मेलन

लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि आगामी वर्ष 20 और 21 जनवरी को अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वाँ सम्मेलन लखनऊ में होगा। सम्मेलन में देश भर की विधानसभाओं के अध्यक्ष भाग लेंगे तथा राज्यसभा के उपसभापति भी उपस्थिति दर्ज कराएँगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इस आयोजन के लिए सहमति प्राप्त हो चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की प्रगति और विकास की झलक पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत कीजाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश की विधानसभाओं का नेतृत्व कर रहा है, जो अत्यंत गौरव का विषय है। सम्मेलन की तैयारियाँ शीघ्र प्रारम्भ की जायेंगी। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आउट ऑफटर्न उत्तर प्रदेश को यह अवसर प्रदान किया जाना प्रदेश के लिए विशेष सम्मान की बात है।

मड़ियांव फ्लाईओवर के नीचे कूड़े के ढेर को लेकर प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में एक अजीब वाकया सामने आया है। यहां लोगों ने कूड़े के ढेर पर चारपाई लगा ली। इसके बाद उसी पर लेट गए। कचरे और उसकी दुर्गंध के बीच बैठे लोगों ने नगर निगम मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा पास में ही विधायक नीरज बोरा का ऑफिस है लेकिन वह भी नहीं सुनते। आवाज उठाओ तो तुरंत पुलिस आ जाती है। मामला सीतापुर रोड का है। यहां मड़ियांव फ्लाईओवर के नीचे कूड़े का ढेर होने का लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। इनकी अगुआई अजीत कुमार मौर्य ने की। अजीत ने कहा कचरे के इस अंबार के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग गंदगी के पास से बदबू के बीच आवाजाही करने को मजबूर हैं। नगर निगम इसका स्थायी समाधान निकाले।

बलरामपुर चीनी मिल्स लि. यूनिट-तुलसीपुर
पत्रांक: टी.एल.पी./आफ/19/113 दिनांक: 14.08.2025
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त कृषकगणों, क्षेत्रवासियों तथा स्थानीय प्रशासन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए।
- गन्ना फसल की उचित देखभाल करते रहें एवं गन्ने के खेत में मिट्टी चढ़ा लें।
- बधाई योग्य गन्ने की बधाई अवश्य करें।
- समय से गन्ना रकबा सर्वे सम्बन्धी आंकड़ों की जांच कर लें।
- गन्ना में कीट या बीमारी का प्रकोप हो तो चीनी मिल के गन्ना विभाग को तत्काल सूचित करें।
- अच्छी पैदावार लेने के लिए शरदकालीन बुवाई अवश्य करें।
- कोलख-14201, को0-0118 को बीज के लिए अवश्य रखें।
- अनुदान पर डीप बोरिंग/ड्रिप सिस्टम लगवाने के इच्छुक कृषक अपने क्षेत्र के गन्ना प्रभारी/चीनी मिल तुलसीपुर के गन्ना विभाग से सम्पर्क करें।
आपके सहयोग की अभिलाषा में शुभकामनाओं सहित।
(आर.एस. प्रसाद)
इकाई प्रमुख

सभी जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं
श्री हरि उत्सव लॉन, अशोक पैलेस, शुक्ला ट्रेडर्स, शुक्ला मेडिकल हॉल
मुराई बाग डलमऊ रायबरेली
अजय कुमार शुक्ला
विनय कुमार शुक्ला

सभी जनपद वासियों को 15 अगस्त एवं जन्माष्टमी की बहुत-बहुत बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं
मयंक एंटरप्राइजेज

अवधेश जायसवाल
(पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा) दुर्गागंज दीनशाह गौरा रायबरेली

सभी जनपद वासियों को 15 अगस्त एवं जन्माष्टमी की बहुत-बहुत बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं

बाबू किशोरी लाल यादव — संस्थापक
राकेश यादव — प्रधानाचार्य
न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई बाग डलमऊ रायबरेली

डीएम, एसपी व सीडीओ ने तहसील करनैलगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण व समय से करें निस्तारण

करनैलगंज में आठ शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

समृद्धि न्यूज

गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में जिलाधिकारी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 120 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सावित्री पुत्री धनराजी निवासी ग्राम देहरास सुरजापुरवा ने अवगत कराया की मेरे नामांतरण/अंकना की फाइल विगत काफी दिनों से तहसीलदार न्यायालय करनैलगंज के कोर्ट पर लंबित है। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रभारी तहसीलदार कर्नलगंज को तत्काल कार्य करके शिकायतकर्ता को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी करनैलगंज यशवंत राव, प्रभारी तहसीलदार करनैलगंज सुभद्र प्रसाद, नायब तहसीलदार हलधरमऊ, कटराबाजार राम प्रताप पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, खंड विकास अधिकारी करनैलगंज, परसपुर, कटरा बाजार, हलधरमऊ, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक निरीक्षक सहित 14 उप निरीक्षकों की हुई तैनाती, पांच चौकी प्रभारी बदले

गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने एक निरीक्षक सहित 15 उपनिरीक्षको का बदल दिया जिस में पांच चौकी प्रभारी को भी हटाया गया है । निरीक्षक गोविंद कुमार को धाने पुर थाना का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया है। उपनिरीक्षकों में वीर पाल सिंह को खोरहंसा चौकी प्रभारी की कमान दी गई।

सुभाष विश्वकर्मा को चौकी प्रभारी सोनी गुमटी अंकित कुमार सिंह को चौकी प्रभारी मिश्ररौलिया नितिन उपाध्याय को धोबहा राय चौकी प्रभारी कटरा बाजार सुमित कुमार सिंह को चौकी प्रभारी मुंगरा बाजार उमरी बेगम गंज उपनिरीक्षक कंगल शंकर चतुर्वेदी को वाचक उपनिरीक्षक कोतवाली देहात रघुवीर गौतम को वाचक उपनिरीक्षक एवं शिवनाथ गुप्ता को खोड़ारे बृज राज प्रसाद को वाचक उपनिरीक्षक कर्नलगंज सुदर्शन तिवारी को वाचक पुलिस अधीक्षक अमित सिंह वाचक पुलिस उपनिरीक्षक एवं प्रभु नाथ यादव परसपुर विनोद कुमार सिंह और अशोक कुमार जायसवाल को थाना नवाब गंज बनाया गया।

ओ लाज बचाने वाले मैं तेरी शरणं मे आई... : दीपिका मिश्रा

समृद्धि न्यूज

गोंडा । श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में बहराइच रोड स्थित रमेश आरा मशीन के सामने बाल गोपाल मित्र मंडल गोन्डा द्वारा रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक सुधीर सोनी ने गणेश वंदना से भजनों की शुरुआत किया। फिर भजन गायक विशाल श्रीवास्तव ने गाया मै हूं तेरा नौकर हाजिरी तेरी लगाता हूं ... कीर्तन की रात हैं बाबा आज थाने आनो है ... बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय ... आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद भजन गायिका दीपिका मिश्रा ने भजनों की लड़ी लगा दी।। उन्होंने गाया ओ केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम, मेरी राम जी से कह देना जय सिया राम ..रामा रामा रटते रटते बीतीं ये उमरिया ...हम हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे ...ओ लाज बचाने वाले मैं तेरी शरणं मे आया ... पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाये गे , हमारा कुछ न बिगड़े गा तुम्हारी लाज जायेंगी .. हम तो बाबा के भरोसे चलते.. आदि भजनों पर लोग खूब झूमे। कानपुर से आए भजन गायक संदीप मस्ताना ने भी भजनों की हाजिरी लगाई। सुमित बजरंगी ने श्री हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान राजन तिवारी, अनमोल पांडेय, जितीश सिंघल, शुभम गुप्ता, पप्पू प्रजापति, विकास मोदनवाल, मोहित जैन, बिजेंद्र कुमार त्रिपाठी, शिवकुमार शुक्ला, हर्ष त्रिपाठी, साजन तिवारी, पंकज गुप्ता, डॉ. विजय सिंह, अनिल सिंह ,पंकज मिश्रा सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। धाने पुर थाना क्षेत्र के श्री नगर बाबा गंज निवासी 55 वर्षीय ननकन प्रसाद कसौधन पुत्र बसंत लाल कसौधन रविवार की देर शाम को ठेलिया लेकर बाबा गंज कस्बे की तरफ आ रहा था। कस्बे के पास ही धाने पुर बाजार की तरफ आ रहा बाइक ने टक्कर मार दिया जिस से घायल हो गया। इलाज के लिए एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र सुरज ने बताया कि उस के पिता ठेलियां चला कर मजदूरी करते है। बाबा गंज कस्बा में समान लाद कर गिराने गए थे। गिरा कर वापस लौट रहे थे। तभी यह घटना घट गई। बहराइच जनपद के रूपई डीहा थाना क्षेत्र के अम्बा पोखरा गांव के निवासी 22 वर्षीय मो सैफ पुत्र गुलजार और चचेरा भाई अहमद हसन दोनों बाइक पर सवार हो कर खोरहंसा बाजार एक रिश्तेदार में जा रहे थे। रविवार की देर शाम को अयोध्या मार्ग स्थित बनकटवा के पास ट्रक से टकरा कर घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सक ने मो सैफ को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। अहमद हसन को हल्की चोट आने की वजह से इलाज के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

बाबा साई के जन्मोत्सव पर लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

गोन्डा, समृद्धि न्यूज। पूज्य झूलेलाल चालिहा एवं पूज्य सखी बाबा चालिहा महोत्सव व बाबा साई के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मालवीय नगर स्थित झूलेलाल धर्मशाला के सामने संत बाबा आसूदा राम सत्संग भवन पर त्वचा क्लिनिक स्किन लेजर हेयर द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का कैंप लगाया गया। निशुल्क कैम्प में डॉ. अर्पिता कृपलानी ने स्किन व हेयर की समस्याओं के लिए निशुल्क कैम्प में मरीजों को परामर्श दिया, और निशुल्क दवा वितरण किया। कैम्प के दौरान मोहन कृपलानी,जगदीश रावतानी,मथुरा दास, शुशील रायतानी,दिनेश ठक्कर,नीरज तलेजा सहित समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

सरयू नहर में मिला युवक का शव

बहराइच, समृद्धि न्यूज। खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय के पास सरयू नहर में स्थानीय लोगों ने सोमवार दोपहर एक युवक की लाश उतराती हुई दिखाई दी। सूचना पुलिस को दी मौके पर उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। युवक की पहचान बसंतापुर ग्राम पंचायत के छिटनपुरवा गांव निवासी रामू पुत्र बुधराम उम्र करीब 20 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के पिता बुधराम ने बताया कि रामू इमामगंज में होटल पर मजदूरी करता था। सुबह शौच के लिए इमामगंज के पास सरयू नहर के किनारे गया हुआ था। तभी पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चला गया। जिससे डूबकर मौत हो गई। बुधराम के मुताबिक दो बेटे थे अब एक दिव्यांग बेटा रामजीत तथा तीन बेटियां हैं जिसमें दो की शादी हो गई हैं। जबकि एक 12 वर्ष की है वह पढ़ाई करती हैं। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेज दी। थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।

खेल के मैदान को लेकर अभाविप ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कैसरगंज मे खेल के मैदान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया व तहसील कैसरगंज मे मौजूद डीएम अक्षय त्रिपाठी को मांग पत्र सौंपा। जिला संयोजक देवाशीष सिंह ने कहा कि यदि कैसरगंज को शीघ्र ही खेल मैदान उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन किया जाएगा। प्रांतीय कार्यकर्ता आदर्श शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल मैदान सहित कैसरगंज की समस्याओं को लेकर हम तीन वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन तहसील प्रशासन लगातार उदासीन है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो हम धरना-प्रदर्शन को और उग्र करेंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रांतीय कार्यकर्ता आदर्श शुक्ला, तहसील संयोजक क्षितिज सोनी, रुद्रांश वैभव सिंह यश, वीर प्रताप सिंह हर्ष, अंकित, जितेंद्र, निशांत, शिवांशु, रविकांत, दिव्यांश, सूरज, प्रिंस, सौरभ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की ।

मजदूर की संदिग्ध मौत पर यादव समाज सक्रिय, आरोपी गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। फखरपुर में एक मजदूर की संदिग्ध मौत के मामले में यादव समाज के लोग आगे आए हैं। शुक्रवार को राम संवारे यादव वसीम के यहां मजदूरी करने गए थे। वहां वह संदिग्ध परिस्थितियों में गड्ढे में गिर गए। लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि मजदूरी के पैसों को लेकर हुए विवाद में वसीम और एक अन्य ने राम संवारे की हत्या की। परिजनों ने इस मामले में प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल मृतक के गांव शिवराजपुर/बंभौरा पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मुलायम यादव ने बताया कि परिवार का आरोप है कि स्थानीय पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है। फखरपुर थाना प्रभारी मिथलेश राय ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर विनोद यादव, अमरदीप यादव, डॉ. दुर्गेश यादव, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी धनीराम यादव समेत यादव समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मगरमच्छ के हमले में युवक गम्भीर रूप से घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज। वनरेंज ककरहा के ग्राम नौबना में खेत में निराई कर रहे युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सैफू पुत्र दशरथ उम्र लगभग 45 वर्ष सोमवार सुबह पत्नी के साथ अपने खेत मे धान की निराई करने गया था।

निराई करते समय खेत में छुपे मगरमच्छ ने सैफू पर अचानक हमला कर उसके पैर को जबड़े में दबोच लिया। उसकी पत्नी ने शोर मचाते हुए मगरमच्छ से भिड़ गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह युवक को मगरमच्छ के चंगुल से मुक्त कराया।गांव निवासी विवेक गुप्ता ने बताया कि सैफू को हम लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहीपुरवा में भर्ती कराया है और इलाज चल रहा है। वनविभाग को सूचना दे दी गई है।

पुलिस ने पकड़ी 36 बोरी सरकारी राशन से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली, पूर्ति विभाग ने कर दिया बरी

तहसील से जांच होने के बाद सरकारी बोरे में पैक खाद्यान्न को कर दिया गया बरी हो रही तरह-तरह की टिप्पणी

समृद्धि न्यूज

गोंडा । थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत कोल्हमपुर इमाम में सोमवार को पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली पर सरकारी बोरे में लदे 36 बोरी खाद्यान्न पकड़ कर स्थानीय तहसील पर सूचित किया तो कुछ ही घंटे में पूर्ति विभाग ने खाद्यान्न को किसान का बताते हुए मामले से बरी कर दिया और उप जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र देते हुए बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में लदा खाद्यान्न किसान का है इसलिए इसे छोड़ दिया जाए। वहीं बताया जा रहा है कि यह सरकारी अनाज पात्र गृहस्थी और अन्त्योदय लाभार्थियों को वितरित किया जाने वाला राशन था, लेकिन जांच में इस बात की पुष्टि नहीं हुई। वहीं

नवाबगंज पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने सरकारी राशन के कालाबाजारी की शिकायत की थी। और सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली की कोल्हमपुर बाजार से ट्रैक्टर-ट्राली पर लदा सरकारी खाद्यान्न बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना मिलने पर तत्काल चौकी पुलिस सरकारी राशन से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ कर कोल्हमपुर चौकी पर ले आई। तो पता चला कि सरकारी बोरे में लोड राशन ट्रैक्टर-ट्राली नरायनपुर गांव के कोटेदार हनुमान गौड की है। जिसकी सूचना एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह को देने के बाद सरकारी खाद्यान्न लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार के सुपुर्द कर दी गई है। और पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली पर 36 बोरी सरकारी खाद्यान्न लदा हुआ था। जिसमें 28 बोरी चावल और 08 बोरी गेंहू शामिल है। कोटेदार हनुमान गौड का स्टाक शून्य है और नई उठान भी नहीं हुई है ऐसे में ये राशन कहां से आया इसकी जांच की जा रही है।बताते चलें की बीते साल भी कोटेदार हनुमान गौड की सरकारी राशन से लदी दो पिकप पकड़ी गई थी लेकिन सेटिंग-गेटिंग के खेल में माहिर होने के कारण वह बच गया था। और पुनः दोबारा भी हनुमान अपनी सेटिंग में सफल हो गया जिसके बाद विभाग ने हलाहल पीते हुए मामला रफ़ा दफा कर दिया। और गरीबों के हक में जाने वाला राशन पूर्ति निरीक्षक की जांच से पुन-काली कोठरी में पहुंच गया ऐसे में विभाग की कार्यशैली स्वतः उजागर हो रही है और स्वयं पूर्ति विभाग गरीबों के हक पर डाका डालने में कालाबाजारी करने वाले माहिर कोटेदारों की मदद करते नजर आ रहा है।

कृष्ण जन्मोत्सव पर कीर्तन भजन सोहर के उपरांत हुआ प्रसाद वितरण

बलभद्र व कृष्ण की झांकी देखने वालों का लगा रहा तांता, मंत्र मुग्ध हुऐ श्रद्धालु,माखन मिश्री का लगा भोग, हुआ प्रसाद वितरण

समृद्धि न्यूज

गोंडा। जन्माष्टमी के महापर्व पर जहां भारत के कोने-कोने में स्थापित मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया वहीं इमलिया गुरुददयाल चित्रांश सदन आवास पर आलोक व अंजली श्रीवास्तव ने भगवान श्री कृष्ण व बलराम की भव्य बनायी झांकी और सजाया दरबार जहां पूर्व संध्या से ही भक्तजन भजन कीर्तन भजन करते दिखे तत्पश्चात आस्था, आशी, अनन्या, अर्चना, सुनीता ने जन्म उत्सव के बाद खूब गायी बधाइयां और मौज मस्ती में एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

गरिमा श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि जन्माष्टमी पर आगामी 6 दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम चलते रहेगे । यहाँ बताते चले चित्रांश सदन में बलभद्र व भगवान कृष्ण की झांकी देखने वालों का तांता लगा था जहां बलभद्र के रूप में कृषव श्रीवास्तव व कृष्ण की भूमिका अदा कर रहे अवि श्रीवास्तव को माखन मिश्री खिलाने वालों का लगा रहा तांता जिस समय शुभांशु श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, अनंत, अंकुर, ममता, सुनील, आदेश, दुर्गेश समेत दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे शुभांशु ने बताया कि छठी के महापर्व पर गीत संगीत सोहर बधाई गीत आयोजित किया जाएगा।

झूलेलाल महोत्सव पर कराई गई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

गोंडा। नगर मे चल रहे झूलेलाल महोत्सव में कल फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 2 साल से लेकर 7 साल तक के बच्चों ने ही अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें कुछ बच्चों ने केवल परिधान के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई तो कुछ बच्चों ने नृत्य करके अथवा अभिनय करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर वहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वही आयोजक मंडल आरती कमेटी द्वारा पुरस्कार पाकर नन्हे मुन्ने बच्चे खुशी से झूम उठे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मानवी पंजवानी, वैभवी कालानी, खुशी साहित्या, तनीषा लालवानी, कियाँश तलरेजा, ख्याति राहूजा, शानवी जैसवानी, रजत लखमानी, मैहर रायतानी, सिंधुजा, परम ठक्कूर, वान्या दरयानी, सर्वेश मन्धानी, विशेष रायतानी, जयति चेनानी, देवर्षि लधानी प्रतिभागी शामिल रहे।

रेलिंग लगाने वाले युवक की मौत करंट लगने से मौके पर तोड़ा दम

समृद्धि न्यूज

बहराइच। रिसिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। रविदास नगर का 18 वर्षीय नदीम सोमवार सुबह कटीलिया चौराहे पर एक मकान में रेलिंग लगाने का काम कर रहा था। काम खत्म करने के बाद वह बची हुई स्टील की पाइप को ई-रिक्शा में रख रहा था।

इसी दौरान पाइप ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन से टकरा गई। करंट लगने से नदीम की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। रिसिया थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नदीम घरों और दुकानों पर रेलिंग लगाने का काम करता था। वह अपने परिवार की आजीविका का मुख्य स्रोत था।

नाली का पानी निकालने को लेकर हुआ विवाद चले लाठी-डंडे, दो घायल

बहराइच। थाना कैसरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बदरौली के मजरे लाला कोठार में सोमवार को नाली का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते बात बढ गयी और लाठी-डंडे चल गए। इस घटना में मुस्तकीम और जाबिर पुत्रगण बाबू को गंभीर चोटें आईं। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्तकीम व जाबिर का अपने चाचा के लडके मुर्तजा, सोनू, शरीफ और सलमान पुत्रगण सुबराती निवासी लाला कोठार से नाली के गंदे पानी को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट की नौबत आ गई। विवाद मे चले लाठी डंडे मे मुस्तकीम और जाबिर घायल हो गये।घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया जंहा उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

जनसमस्याओं पर सरकार पर दहाड़े

समृद्धि न्यूज

बहराइच। विधानसभा बलहा के मिहीपुरवा कस्बे के मोदी अतिथि भवन में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूरे विधान सभा से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष अजय गौतम ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ स्तर तक सक्रियता से ही संभव है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उन्हें पार्टी मंच पर प्रमुखता से उठाएँ। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता महँगाई, बेरोजगारी, बिजली की अघोषित कटौती, किसानों को खाद-बीज की किल्लत, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से जूझ रही है। लेकिन सत्ता में बैठे लोग इन समस्याओं को हल करने के बजाय जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।बहुजन समाज पार्टी की सरकार में खाद बिजली की समस्या नहीं थी किसानों को टाइम पर सरकार सब मुहैया कराती थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बसपा ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती आई है। इसलिए हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह घर-घर जाकर जनता से सीधा संवाद करे और उन्हें बसपा की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराए। बैठक में जिला और सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जाएँ और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएँ। बैठक में मंडल कोऑर्डिनेटर प्रदीप गौतम, जिला प्रभारी श्यामजीत चक्रवर्ती, जिला अध्यक्ष बसपा अजय कुमार गौतम, उत्तम कुमार सिंह, प्रभारी डॉक्टर आरसी प्रसाद, सरदार दिलबाग सिंह, शंभू नाथ गौतम, तेजपाल गौतम, सतेन्द्र कुमार मौर्य,धनंजय पाल आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूरिया की कमी से नाराज किसानों का प्रदर्शन, हाइवे किया जाम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। रुपईडीहा नानपारा स्थित बाबागंज चौराहे पर किसानों ने यूरिया की कमी को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए। युवा किसान अजीत वर्धन ने बताया कि खेती के लिए यूरिया उपलब्ध नहीं हो रहा है। किसान मनोज यादव ने प्रशासन से यूरिया की कमी का कारण पूछा। उन्होंने इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारी किसान विवेक यादव ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर आने तक चक्का जाम जारी रहेगा।

उपलब्धि — **बहराइच जिले के कारीकोट गांव को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, कारीकोट गांव आईसीआरटी अवार्ड के लिए चयनित**

ग्रामीण पर्यटन में कारीकोट ने पेश की मिसाल, पुरस्कार से मिलेगी प्रेरणा

13 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगा पुरस्कार वितरण

समृद्धि न्यूज

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले का कारीकोट गांव ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना चुका है। गांव का चयन इंडियन सबकांटिनेंटल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) अवार्ड 2025 के लिए किया गया है। कारीकोट गांव को यह सम्मान 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा।

यह जानकारी उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि कारीकोट गांव का चयन आईसीआरटी अवार्ड 2025 के लिए होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। भारत-नेपाल सीमा से सटे कारीकोट ने ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने होमस्टे की शुरुआत की।

साथ ही सीमा पर्यटन जैसे अभिनव पहल भी किए गए। इन प्रयासों से स्थानीय समुदायों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिला है। गांव की संस्कृति, खान-पान, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी नई पहचान मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले बीएलटीएम ट्रेड शो में भारत सहित उपमहाद्वीप की 17 संस्थाओं को रिस्पोंसिबल टूरिज्म सम्मान दिया जाएगा। इन संस्थाओं को वन टू वॉच, सिल्वर और गोल्ड श्रेणी में मान्यता दी जाएगी। मान्यता सूची में स्थान पाने वाली सभी संस्थाओं ने प्रमाणिकता, पुनरावृत्ति की क्षमता, नवाचार, प्रभाव, स्थिरता और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। भारतीय उपमहाद्वीप जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कारों के निर्णायक मंडल में प्रो. हैरॉल्ड गुडविन शामिल हैं। गुडविन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पार्टनरशिप के प्रबंध निदेशक और आईसीआरटी ग्लोबल के संस्थापक हैं।

साथ ही, मनीषा पांडे, प्रबंध निदेशक विलेज वेज़ और आईसीआरटी भारतीय उपमहाद्वीप की प्रतिनिधि तथा चार्मारी मेल्ज, निदेशक आईसीआरटी श्रीलंका सहित अन्य निर्णायक मंडल का हिस्सा रहे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ग्रामीण पर्यटन को लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि राज्य को धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाई जाए।

राज्य सरकार का मानना है कि गांव केवल कृषि और परंपराओं के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक समरसता के प्रतीक भी हैं। ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से इन विशेषताओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने की योजना है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कारीकोट उत्तर प्रदेश के अन्य गांवों के लिए ग्रामीण पर्यटन में प्रेरणास्त्रोत बनेगा। नेपाल की सीमा से सटे और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के करीब स्थित कारीकोट गांव ने सामुदायिक नेतृत्व के जरिए पर्यटन को नई दिशा दी है।

थारू समुदाय सहित समाज के अन्य लोगों की भागीदारी क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। विश्वास है कि यह उपलब्धि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि राज्य में ग्रामीण पर्यटन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रूरल टूरिज्म को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कारीकोट गांव को मिला सम्मान विभागीय प्रयासों और ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में सफलता का परिणाम है।

सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2254617 है तथा इण्टरमीडियट का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र व

खबरें एक नजर में

अधेड़ ने गंगा में लगाई छलांग, पुलिस व गोताखोरों ने बचाई जान

डलमऊ, रायबरेली। अपने जीवन से तंग आकर एक अधेड़ ने आत्महत्या करने की नीयत से गंगा में छलांग लगा दी मौके पर मौजूद चौकी प्रभारी डलमऊ एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसे सकुशल बचा लिया गया। सोमवार को सुबह करीब 11:30 के आसपास गदगंज कोतवाली क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग निवासी दयाशंकर उर्फ बच्चन पुत्र शिवकुमार अग्निहोत्री उम्र लगभग 52 वर्ष अपने जीवन से तंग आकर आत्महत्या करने की नीयत से डलमऊ फतेहपुर मार्ग पर बने गंगा पुल पर पहुंचा और गंगा में चलांग लगा दी गनीमत रही कि उस समय गंगा पुल डलमऊ बैरियर पर पुलिस कर्मियों के साथ वाहन चेकिंग अभियान चला रहे। उपनिरीक्षक विनय कुमार पाठक की नजर उस पर पड़ गई उन्होंने तत्काल पुलिस कर्मियों एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में डूब रहे अधेड़ को सकुशल बचा लिया गया और परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया चौकी प्रभारी गंगा पुल डलमऊ विनय कुमार पाठक ने बताया कि अधेड़ की मां की मृत्यु हो चुकी है उसके बच्चे नहीं हैं जिसके चलते वह अपने जीवन से परेशान होकर आत्महत्या करने की नीयत से गंगा में छलांग लगाई थी।

अधिवक्ता उमा शंकर गुप्ता बने परिषद के मुख्य ऑडिटर

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद के द्वारा शहर के होली नगर के जिला कैंप कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी की सहमति से वरिष्ठ अधिवक्ता उमा शंकर गुप्ता को परिषद का मुख्य ऑडिटर मनोनीत किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश दिवेदी ने सामूहिक रूप से मनोनयन पत्र देकर शुभकामनाए दी। इस दौरान प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला उप सचिव डॉ विकास जैन, वेद प्रकाश कश्यप, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्च प्रियंका सिंह, अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र रेखा द्विवेदी, सह सचिव आरती शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत कुमारी, सदस्य नीतू गुप्ता, न्यायपीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्या रहे।

उत्कृष्ट संचालन के लिए वंश फर्म के संचालक सम्मानित

सीतापुर। 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी विजय बंसल की परम वंश कोल्हू के उत्कृष्ट संचालन हेतु उनकी बहुओं रोमली बंसल व तृप्ति बंसल को जिलाअधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था चालको ने बताया 2 वर्ष पूर्व उक्त संस्था द्वारा शुद्ध सरसों के तेल का व्यापार शुरू किया गया था। कम समय में यह सम्मान गौरव का विषय है।

लोकपाल मनरेगा के कार्यकाल में हुआ विस्तार

सीतापुर। जनपद में लोकपाल मनरेगा डॉ. अरविन्द प्रताप सिंह यादव की नियुक्ति कार्यकाल में पुनः कार्यकाल विस्तार किया गया है। लोकपाल मनरेगा के अधिकार और कार्य मनरेगा योजनान्तर्गत पारदर्शिता सुनिश्चित करना, शिकायतों की जांच-करना, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना, कार्यों की निगरानी-निरीक्षण करना, शिकायतों का नियमानुसार समयबद्ध निपटान भारना है। लोकपाल मनरेगा सीतापुर का कापलिप विकास भवन सीतापुर प्रथम तल पर कमरा नं.-102, सीयूजी नम्बर-7275554162, मो.नं.-9452309610 है। उक्त कार्यालय पता व संपर्क सूत्रों द्वारा संपर्क कर जनपद सीतापुर का कोई भी नागरिक मनरेगा कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार, घोटाला, मनरेगा मजदूरी का गबन, जॉब कार्ड का न बनाना, प्रधानमंत्री आवास पात्रता-अपात्रता व आवास की मनरेगा मजदूरी का न मिलना आदि की शिकायत कर कोई भी नागरिक न्याय पा सकता है।

पूर्व विधायक ने सुनीं जनता की समस्याएं

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा से चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी के द्वारा चल रहा जनहित में समर्पित कार्यक्रम रविवार को सदस्य प्रदेश परिषद पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने मटियारी भवन जूठीपुर पर समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में कुल 50 मामले आए जिसमें से 43 मामलों को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निस्तारण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान ही मेरी प्राथमिकता है। प्रत्येक रविवार की तरह जनता की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याएं सुलझाने के दिए निर्देश। गौरीगंज की जनता मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गौरीगंज की जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

जगदीशपुर बस अड्डे पर रात में चालक का बैग चोरी

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जगदीशपुर बस अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था चूक नजर आई है। मिली जानकारी के अनुसार काशी डिपो की बस के चालक ओमप्रकाश मिश्रा रविवार की रात लगभग 2 बजे बस खराब हो जाने के कारण स्टेशन परिसर में गाड़ी खड़ी कर वहीं सो गए। इसी दौरान उनकी बस से बैग चोरी हो गया। चोरी हुए बैग में एटीएम कार्ड, पासबुक, कपड़े, मोबाइल चार्जर और लगभग 500 रुपये नकद थे। चालक का कहना है कि रातभर स्टेशन पर कोई चौकीदार नहीं था, जबकि बस अड्डे के अंदर बड़ी संख्या में निजी वाहन खड़े रहते हैं। घटना के समय बस में मौजूद परिचालक जयशंकर यादव ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बताया कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए रात में चौकीदार या सुरक्षा गार्ड की कोई तैनाती नहीं है। हालांकि इस मामले में चालक ने थाने में कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। इस घटना के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने भी मांग उठाई है कि बस अड्डे पर रात में चौकीदार और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद

अमेठी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में सोमवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद के थाना क्षेत्र कमरौली के रजखेता गांव में रविवार को ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सब इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने ग्रामीणों को सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज में फैल रही अराजक गतिविधियों,अवैध कारोबार व असामाजिक तत्वों पर सभी को सतर्क निगाह रखनी चाहिए। गांव के लोग पुलिस के साथ सहयोग कर अपराध की रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध कार्यों में लिप्त पाया जाता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। सब इंस्पेक्टर ने यह भी कहा कि ग्राम सुरक्षा समिति का उद्देश्य है कि गांव-गांव में शांति, भाईचारा और कानून-व्यवस्था कायम रहे। अपराधियों को पनपने का अवसर न मिले और युवा गलत राह पर न भटकें। बैठक में ग्राम सभा से राहुल कोरी, कांशीराम, आनंद बाजपेई, रमाशंकर तिवारी, रमेश तिवारी, अलगू राम शर्मा, स्वतंत्र बाजपेई समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन की ओर से सब इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह के साथ आरक्षी अभिषेक मिश्रा व कुंवर राजपूत भी बैठक में उपस्थित रहे।

सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का 81वां जन्मदिन

अमेठी। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का 81वां जन्म दिन मनाया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरुआत अमेठी जिला मुख्यालय के ग्राम सभा सैंठा के सैंठा बाजार से लेकर गौरीगंज सब्जी मंडी तक साइकिल दौड़ प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम के संयोजक जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि इस 27वीं साईकिल प्रतियोगिता मे बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता स्व. राजीव गांधी के विचारों युवाशक्ति, शिक्षा, विज्ञान और ग्रामीण विकास को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास होगी। जिला उपाध्यक्ष एवं छात्र संगठन प्रभारी अनुराग सिंह जिला पुस्तकालय एवं वाचनालय में सदभावना दिवस पर एक विशेष सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रतिभावानों को कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

डीएम और एसपी ने सुनी तहसील दिवस में फरियादियों की फरियाद

68 शिकायती पत्रों मे नौ शिकायती पत्रों का हुआ निस्तारण

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिला अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस जिला अधिकारी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता पूर्वक ले और उनका निस्तारण करें नाली पेयजल की समस्या रास्ते की समस्या सहित विद्युत एवं अन्य समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी सख्त दिखाई दी उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द निपटाएं जिससे कि लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े और उन्हें न्याय मिले। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह भी पुलिस की शिकायतों पर सख्त दिखे शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए कई शिकायतों का निपटारा भी कराया।तो वही तहसील दिवस पर 68 शिकायती पत्र आए जिसमें से 9 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण हो गया अन्य शिकायती पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण की बात अधिकारियों द्वारा कही गई ।राजस्व विभाग की 32 शिकायती पत्र पुलिस विभाग के 13 शिकायती पत्र विकास से संबंधित चार अन्य 19 शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आए इस मौके पर महराजगंज एसडीएम गौतम सिंह सीएमओ नवीन चंन्द्रा नायब तहसीलदार सत्य राजा बीडीओ वर्षा सिंह बीडीओ शिव बहादुर सिंह सीओ प्रदीप कुमार महराजगंज थाने चन्दापुर थाने एवं अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

आरेडिका में स्वच्छता अभियान 2025 के प्रथम चरण का समापन

लालगंज रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 1 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में इंजीनियरिंग विभाग ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। जैसे स्वच्छता शपथ, आवासीय परिसर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' की थीम के साथ प्रभात फेरी, स्काउट एवं गाइड के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं काव्य पाठ, स्वच्छता सेल्फी बूथ, एडमिन तथा फैक्ट्री कार्यालयों में साफ-सफाई, सामूहिक श्रमदान के माध्यम से सौलर पेनल, मथना नाला के आस-पास साफ-सफाई, यूज ऑफ डस्टबीन, स्वास्थ्य कैम्प, जल निकायों, शौचालय आदि की साफ-सफाई की गयी। आरेडिका के जन सम्पर्क विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब, पब्लिक एप आदि के माध्यम से इस मुहीम को जन-जन तक पहुचाने का प्रयास किया। महाप्रबंधक महोदय ने 200 पौधों का रोपण कर स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के प्रथम चरण का समापन किया।

सड़क हादसे में महिला की मौत, पांच घायल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

बछरावां से सवारियां लेकर आ रहे टेंपो में बांदा-बहराइच राजमार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो सड़क किनारे खड्डु में पलट गया। हादसे में टेंपो सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने के चलते दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गणेशगंज निवासी राम प्यारे टेंपो चलाते हैं। सोमवार की दोपहर वह बछरावां से सवारियां लेकर कस्बा आ रहे थे। बांदा-बहराइच राजमार्ग पर रानीखेड़ा स्थित अल्पी खेड़ा माइनर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनके टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो सड़क किनारे खड्डु में पलट गया। घटना से अफरा तफरी मच गई। राहगीर व आस पास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

बताया जा रहा है कि टेंपो सवार बाराबंकी जनपद के मेटमुआ हैदरगढ़ निवासी चंद्रकला व एक-दो अन्य सवारियां खड्डु के पानी में चली गई। मौके पर एकत्रित लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। साथ ही टेंपो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चंद्रकला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टेंपो चालक राम प्यारे, रानीखेड़ा निवासी मानसी, शिवली निवासी मनोज कुमार पांडेय, बछरावां के जहांगीराबाद निवासी ननकई व रजनी घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते मानसी व मनोज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।थानाध्यक्ष विंध्य विनय कुमार का कहना है कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

राणा बेनीमाधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती पर पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

अमर सेनानी राणा बेनीमाधव बक्स सिंह की 221वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को निर्माणाधीन अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह सभागार के परिसर में विशाल पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व व डा रवि प्रताप सिंह के संयोजन में विशाल वृक्षरोपण किया गया।

समिति के अध्यक्ष के साथ रवींद्र सिंह, मदन चौहान, पूर्व प्राचार्य डायट जेपी सिंह, हरिहर सिंह, राकेश भदौरिया, महेंद्र कछवाह, आर आर सिंह, महेंद्र अग्रवाल, एस पी सिंह, विजय रस्तोगी, अभिषेक विक्रम सिंह, रामबली सिंह, सुनील भदोरिया, महेश प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, अतुल गुप्ता, दलजीत कौर, लखन सिंह, देवर्षि तलरेजा, डॉ धनंजय सिंह, बीपी सिंह, संदीप जैन, राकेश राना, राजेंद्र बहादुर सिंह राजन , आरबी सिंह, अंकुश यादव, दिलीप आदि ने सुबह कड़ी धूप के दौरान पौधरोपण किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ रवि प्रताप सिंह व उनकी टीम तथा समिति के सदस्यों के साथ में नीम, पाम, कचनार व फाईकस पौधरोपण कराया गया। उन्होंने कहा कि सभागार का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।जल्द ही सभागार का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में मिश्रिख तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें समाधान दिवस में आये हुये शिकायकर्ताओं की शिकायत को सुना एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त औचक निरीक्षण हेतु मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, ग्राम पंचायत बर्मी पहुंचीं, जहां पर अस्थाई गौशाला, अमृत सरोवर, अमृत वाटिका एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल, ग्राम पंचायत, सचिव प्रधान और पशु पालन विभाग से कार्मिक उपस्थित रहे। गौशाला में निरीक्षण के दौरान पशुओं की टैगिंग शतप्रतिशत करने एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर की तारीफ की तथा अमृत सरोवर पर आने वाले विजीटर्स द्वारा फैलाई जा रहे गंदगी को रोके जाने हेतु स्थान-स्थान पर डस्टबिन रखने, स्वच्छता जागरुकता वाले वॉल राइटिंग कराने एवं आवश्यकता पड़ने पर फाइन लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही अमृत सरोवर में ओपन जिम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान न केवल अवसंरचनात्मक सुविधाओं की व्यवस्था देखी गई, अपितु साथ ही बच्चों से उनके पठन-पाठन की व्यवस्था का अनुश्रवण भी किया। खुद ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को गणित, अंग्रेजी और हिंदी के सवाल देकर उनके शिक्षा स्तर की जांच भी किया गया। सही जवाब देने वाले बच्चों को फल देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को दिए जा रहे शिक्षा के स्तर में सुधार से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। बड़ी संख्या में बच्चों ने उनके साथ अपने जानकारी को साझा किया। मुख्य विकास अधिकारी को अपने बीच पाकर विद्यालय के बच्चे काफी प्रसन्न भी दिखे।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 29 शिकायतों में से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 3, तहसील लहरपुर में प्राप्त 14 प्रार्थना पत्रों में से 2, तहसील सदर में प्राप्त 3 प्रार्थना पत्रों में से शून्य, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील महोली में प्राप्त 14 प्रार्थना पत्रों में से 1, तहसील सिधौली में प्राप्त 44 प्रार्थना-पत्रों में से 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

एसडीएम ने चौपाल लगाकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को किया जागरूक

डलमऊ, रायबरेली। गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला एवं तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र में हो रही समस्याओं एवं परेशानियों से निपटने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है सोमवार को उप जिला अधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के जमाल नगर मोहद्दीनपुर में चौपाल लगाकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए समस्याएं सुनी और जागरूक करते हुए सुरक्षित रहने के उपाय बताते हुए कहा कि बाढ़ आने पर ऊंचे स्थानों पर जाना तथा बाढ़ के पानी से दूर रहने की सलाह दी चौपाल के दौरान ग्रामीण सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, कैलाश आदि के साथ अन्य लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि बाढ़ आने के बाद से गांव में सफाई कर्मी नहीं आते हैं जिस गांव में गंदगी बढ़ते जा रही है जिस पर उप जिला अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को क्षेत्र में फैली समस्याओं से निदान दिलाए जाने के लिए निर्देशित किया एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में परस्पर एंटी लारवा के छिड़काव एवं साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने एवं बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करने के निर्देश दिए उप जिला अधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। नुकसान होने की दशा में भरपाई की जाएगी इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, खंड विभाग विकास अधिकारी डलमऊ अशोक कुमार सचान, एड़ियों पंचायत डलमऊ कैलाश नाथ पटेल, पशु चिकित्सा अधिकारी, सदर लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, लेखपाल राजेश गुप्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बारिश के चलते धंसी सड़क राहगीरों के लिए बनी आफत

शिवगढ़, रायबरेली। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते बारिश में धंसी सड़क बीते एक माह से स्थानीय ग्रामीणों, राहगीरों के लिए आफत बनी हुई है। आपको बताते चलें कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ीरा खुर्द गांव के होकर गुजरने वाली तिलेंडा- हलोर संपर्क मार्ग भारी बारिश के चलते पड़ीरा खुर्द गांव के निकट दैतला तालाब के पास सड़क धंस गई जिससे काफी गहरा गड्ढा हो गया जिसकी वजह से ग्रामीण व इस सड़क से होकर गुजरने वाले ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण दिलीप चौधरी ने बताया कि कई बार प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई लेकिन अभी तक यहां कोई भी इस सड़क को देखने तक नहीं आया है जबकि इस सड़क से गुजरने वाले कई राहगीर व गांव के कई लोग रात के अंधेरे में इसमें गिरकर घायल भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि यदि इस समस्या का समाधान ना हुआ तो वह लोग धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो जाएंगे। उधर इस मामले में जब उप जिला अधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही संबंधित विभाग से बात करके सड़क का दुरुस्तीकरण कराया जाएगा।

न्यायालय के आदेश पर 11 नामजद के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

छह जुलाई को लामी चौराहे पर दो पक्षों में हुआ था खूनी संघर्ष जिसमें एक महिला की गई थी जान और दूसरे पक्ष से एक युवक गंभीर रूप से हुआ था घायल

चन्दापुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहे पर घटी घटना ने पूरे जिले में चर्चा बटोरी थी वहीं एक पक्ष से पुलिस द्वारा मुकदमा लिखते हुए कई लोगों को जेल भेजा गया था ।तो दूसरे पक्ष का मुकदमा न्यायालय द्वारा जब पुलिस पर चला अदालत का चाबुक तब मुकदमा लिखा गया। 6 जुलाई को चन्दापुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहे पर जमीन कब्जा को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ था जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे वहीं दूसरे पक्ष से शैलेंद्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी जनई गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा था । वहीं घटना में मृत्यु हुई महिला के पक्ष में सपा का डेलिगेशन भी गांव पहुंचा था और मामले को जोर-जोर से उठाया गया था लेकिन दूसरे पक्ष से पुलिस ने तहरीर नहीं ली थी जिस पर अदालत का दरवाजा खटखटाते हुए शैलेंद्र की पत्नी श्वेता सिंह ने न्यायालय की शरण ली।जिस पर न्यायालय ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया वहीं 17.8.2025, 16:50 बजे चन्दापुर थाने मे 11 लोगों के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें राजेंद्र यादव पिता गुरुचरन यादव, सुरेंद्र यादव पुत्र गुरुचरन यादव, गुरुचरन यादव पुत्र अज्ञात, मोहित यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासीगण पूरे गुरुदत्त मजरे ज्योना थाना चन्दापुर, सौरभ यादव पुत्र रामविलास यादव निवासी कसरेहला चन्दापुर भूपेंद्र उर्फ़ राजीव यादव पुत्र गयादीन निवासी कसरेहला थाना चन्दापुर, रामू यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी रुस्तमपुर मिल एरिया रायबरेली, राहुल यादव पुत्र रामबरन यादव निवासी कठिगर मंज़रे मुरैनी थाना चन्दापुर, रामबरन यादव पुत्र रामपुर निवासी कठिगर मजरे मुरैनी थाना चन्दापुर संदीप यादव उर्फ़ बाबा पिता का नाम अज्ञात निवासी पुरे ढोढे मंज़रे पाली थाना महराजगंज अभिषेक यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी अतरेहटा थाना महराजगंज के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर चन्दापुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

डीएम ने ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र-अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम एवं वीवी पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना पीपरपुर में वांछित अभियुक्त अमित सिंह पुत्र स्व. राम बरन सिंह निवासी ग्राम सवनगी थाना पीपरपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस (32 बोर) बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई । बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जिले की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी ने की अध्यक्षता

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सोमवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान तहसील गौरीगंज में मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें

चुनौतियां और संकल्प

पंद्रह अगस्त पर लाल किले से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के लिये संबोधन महज एक औपचारिकता नहीं होता, बल्कि समकालीन राष्ट्रीय चुनौतियों व अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर सरकार की रीति-नीति का परिचय होता है। आने वाले समय की योजनाओं का खाका और राष्ट्रीय संकल्पों की बानगी होता है। देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन निस्संदेह, इन्हीं रीति-नीतियों का विस्तार था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के बीच स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर बल दिया। साथ ही यह भी दोहराया कि विश्व में पहुंच बनाने के लिये हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने रक्षा उत्पाद निर्माण को वरीयता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी। निश्चय ही यह कामयाबी हमारी तकनीकी व सुरक्षा जरूरतों के लिये महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स के उत्पादन पर भी जोर दिया, जो रक्षा उत्पादों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। पं. नेहरू के बाद लगातार बारहवीं बार लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करने वाले मोदी का यह संबोधन अब तक का सबसे लंबा अवधि वाला था। लेकिन समकालीन चुनौतियों के मद्देनजर यह तार्किक था। उन्होंने उर्वरकों, परमाणु ऊर्जा, जीएसटी, अर्थव्यवस्था के लिये रिफोर्म टास्क फोर्स के गठन, अंतरिक्ष अभियान जैसे तमाम मुद्दों को संबोधित किया। निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता के प्रयासों से जहां हम अपने आर्थिक लक्ष्य पा सकते हैं, वहीं हम अपनी संप्रभुता की रक्षा भी कर सकने में सक्षम हो सकेंगे। निश्चित रूप से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के परिदृश्य के बीच भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने के लिये उत्पादन क्षेत्र में आशातीत वृद्धि करनी होगी। तभी हम चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार असंतुलन को दूर कर पाने में किसी हद तक सफल हो सकते हैं। फिर हम वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अपनी भूमिका बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिये चुनौती बनती घुसपैठ की समस्या को भी संबोधित किया और उच्च शक्ति वाला डेमोग्राफी मिशन चलाने की बात कही। दरअसल, आज घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव की स्थिति तक पहुंच गई है। देश में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ डेढ़ करोड़ बतायी जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जिक्र करके देश को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आने वाले दशक में उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले को उन्होंने 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करने की बात कही। जिसमें रक्षा उत्पादों का आधुनिकीकरण भी शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि बाह्य दबाव अस्वीकार करके किसानों, पशुपालकों व मछुआरों के हितों की रक्षा की जाएगी। उनका मानना था कि हम इतने मजबूत बनें कि चुनौतियां हमारी सफलता का मार्ग तय करें। कुल मिलाकर उन्होंने देश के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को संबोधित करते हुए समाधान की राह का विस्तार से जिक्र किया। विश्वास किया जाना चाहिए कि देश के आंतरिक मोर्च पर उन्होंने किसानों के संरक्षण व प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के मुद्दे पर जो कहा, उसे यथाशीघ्र हकीकत बनाया जाएगा।

एनसीईआरटी ने विभाजन पर किया सत्य का संधान

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत का विभाजन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं था, बल्कि वह एक ऐसी त्रासदी थी जिसने इस उपमहाद्वीप के करोड़ों लोगों के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। यह घटना केवल भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं थी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी भारतीय समाज को गहरी चोट देने वाली थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ जुड़ी यह विभीषिका हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर किन कारणों से वह स्थिति उत्पन्न हुई, जिसने एक अखंड सभ्यता, साझा परंपराओं और हजारों साल पुरानी एकता को अचानक तोड़ दिया।

आज जब यह सवाल उठता है कि विभाजन का जिम्मेदार कौन था, तो तथ्यों और इतिहास की ठोस पड़ताल से यह बात स्पष्ट होती है कि इसके लिए जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों बराबर रूप से जिम्मेदार थे। एनसीईआरटी का हाल ही का पाठ्य मॉड्यूल इसी सच्चाई को रेखांकित करता है और यही कारण है कि इस पर कुछ वर्गों द्वारा विवाद खड़ा किया जा रहा है। परंतु यदि हम निष्पक्ष और ठोस ऐतिहासिक साक्ष्यों को देखें तो इस तथ्य को कोई नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन कारकों के सम्मिलित निर्णय और क्रियान्वयन का परिणाम था।

विभाजन से जुड़ी विभीषिका की भयावहता को समझने के लिए उसके मानवीय और सांस्कृतिक आयामों पर भी ध्यान देना चाहिए। लगभग बीस लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हिंसा का शिकार हुए और लाखों महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार हुए। बारह से पंद्रह मिलियन लोग अपने पुश्तैनी घरों से उखाड़े गए और शरणार्थियों के रूप में भारत या पाकिस्तान की ओर पलायन करने को मजबूर हुए। पंजाब, बंगाल और सिंध जैसी समृद्ध सांस्कृतिक इकाइयाँ खंडित हो गईं। धार्मिक उन्माद और अविश्वास की आग ने पड़ोसियों को दुश्मन बना दिया। यह सब कुछ अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, नीतिगत भूलों और औपनिवेशिक षड्यंत्रों का परिणाम था।

मुस्लिम लीग और जिन्ना की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में केंद्रीय रही। जिन्ना ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ मिलकर काम किया था और खुद को हिंदू-मुस्लिम एकता के राजदूत के रूप में प्रस्तुत किया था। लेकिन धीरे-धीरे उसने महसूस किया कि कांग्रेस में उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है और यही असंतोष आगे चलकर कटुता में बदल गया, जिसके बाद जिन्ना ने मुस्लिम लीग को एक अलग ताकत के रूप में खड़ा किया। 1940 का लाहौर प्रस्ताव इस दिशा में निर्णायक मोड़ था, जब मुस्लिम लीग ने पहली बार औपचारिक रूप से पाकिस्तान की मांग रखी। इसके बाद जिन्ना ने 'डायरेक्ट एक्शन डे' जैसे हिंसक आंदोलनों का सहारा लिया, जिनके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए।

जिन्ना का तर्क था कि मुसलमानों की राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान हिंदुओं से बिल्कुल भिन्न है और वे एक ही राष्ट्र में रहकर सुरक्षित नहीं रह सकते। यह विचारधारा मूलतः विभाजनकारी थी, जिसने भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहरा आघात पहुँचाया। लेकिन केवल जिन्ना और मुस्लिम लीग को ही दोष देना ऐतिहासिक दृष्टि से अधूरा है। कांग्रेस के नेताओं की नीतिगत भूलें भी उतनी ही बड़ी वजह थीं। गांधीजी का यह मानना कि मुसलमानों के साथ लगातार रियायतें देकर उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में बनाए रखा जा सकता है, एक रणनीतिक गलती थी। खिलाफत आंदोलन का समर्थन इसी का उदाहरण है, जिसने भारत की राष्ट्रीय चेतना को धार्मिक आधार पर बाँटने की नींव रखी।

नेहरू और पटेल, जो उस समय कांग्रेस की मुख्यधारा का नेतृत्व कर रहे थे, अंततः इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विभाजन के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है। पटेल ने कई बार यह कहा कि यदि विभाजन से देश की आज़ादी शीघ्र आ सकती है तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। नेहरू भी सत्ता हस्तांतरण में जल्दबाज़ी के पक्षधर थे। लोहिया जैसे समाजवादी चिंतकों ने उस समय ही यह कह दिया था कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को एक मजबूरी नहीं बल्कि अपनी सुविधा के लिए स्वीकार किया। इस तरह कांग्रेस की राजनीतिक सोच और सत्ता प्राप्ति के उतावले पन ने विभाजन को और तेज़ कर दिया।

इसके अलावा एक तीसरा पक्ष भी है, ब्रिटिश सत्ता की भूमिका, यहां इसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर हो चुका था और वह भारत को जल्द से जल्द छोड़ना चाहता था। वावेल जैसे गवर्नर जनरल अखंड भारत के पक्ष में थे, लेकिन 1947 में जब एटली की लेबर सरकार ने सत्ता माउंटबेटन को सौंपी, तो परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। माउंटबेटन ने जानबूझकर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया को जल्दबाज़ी में पूरा किया। उन्होंने सीमाओं के निर्धारण का जिम्मा सर रेडक्लिफ जैसे व्यक्ति को सौंपा, जिन्हें भारत के भूगोल और समाज की कोई गहरी समझ नहीं थी। नतीजा यह हुआ कि सीमाएँ खींचने का काम बिना स्थानीय वास्तविकताओं की परवाह किए जल्दबाज़ी में हुआ और पंजाब तथा बंगाल जैसे प्रदेश दो हिस्सों में बँटकर हिंसा की ज्वाला में झोंक दिए गए। माउंटबेटन के इस रवैये की आलोचना आज भी इतिहासकार करते हैं कि यदि थोड़ा धैर्य रखा जाता तो इतनी भयावह हिंसा को टाला जा सकता था।

कांग्रेस नेताओं की वैचारिक कमजोरी भी इस पूरी प्रक्रिया में सामने आई। जिन्ना ने इस्लामी अलगाववाद की खुलकर पैरवी की और अपनी मांग को कठोरता से रखा। इसके विपरीत कांग्रेस नेताओं ने इस चुनौती का वैचारिक स्तर पर सामना करने के बजाय समझौतों और रियायतों का रास्ता अपनाया। इस्लामी राजनीति के मूल चरित्र मजहबी राष्ट्रवाद और अलगाववाद को कभी गहराई से चुनौती नहीं दी गई। इसके बजाय अंग्रेजों को दोषी ठहराकर समस्या से बचने की कोशिश की गई। इससे मुस्लिम लीग का मनोबल बढ़ता गया और कांग्रेस बार-बार पीछे हटती रही।

दिलचस्प बात यह है कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जैसे नेता, जिन्होंने खुद को राष्ट्रवादी घोषित करने का प्रयास किया, वह भी मूलतः एक इस्लामी चिंतन से प्रेरित थे। वे कांग्रेस के भीतर मुस्लिम लीग के विकल्प के रूप में देखे जाते थे, परंतु अंततः उनका झुकाव भी इस्लामी पहचान की रक्षा पर अधिक था, न कि एक पूर्ण धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत राष्ट्र खड़ा करने पर। यही कारण था कि देवबंद के उलेमा और अन्य मुस्लिम बुद्धिजीवी भले ही विभाजन के विरोधी थे, परंतु उनकी सोच में भी इस्लाम की सर्वोच्चता और अलग पहचान को लेकर गहरी चिंता थी। इस प्रकार भारत में मुस्लिम राजनीति का मूल चरित्र कभी पूरी तरह बदला ही नहीं। इसलिए जिस गजबा-ए-हिंद का सपना विभाजन के पूर्व देखा जा रहा था, वह आज भी देखा जा रहा है।

शिक्षा व्यवस्था और इतिहास लेखन ने भी स्वतंत्र भारत में इस सच्चाई को दबाने का काम किया। लंबे समय तक हमारे इतिहास की किताबों में इस्लामी आक्रमणों की विभीषिका, धार्मिक कट्टरता और विभाजन के असली कारणों को दबाया गया। इसके बजाय मुगलकाल का महिमामंडन किया गया और विभाजन के लिए केवल अंग्रेजों को दोषी ठहराने की कहानी गढ़ी गई। यह वैचारिक प्रवृत्ति इतनी गहरी रही कि पीढ़ियाँ दर पीढ़ियाँ यह मानती रहीं कि विभाजन अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति का परिणाम था। जबकि सच यह है कि मुस्लिम लीग की स्पष्ट माँग, कांग्रेस की स्वीकृति और अंग्रेजों के क्रियान्वयन, इन तीनों के मेल से भारत का विभाजन हुआ था।

आज एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में जब यह सच्चाई सामने रखी जा रही है कि जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों ही जिम्मेदार भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार हैं, तब कुछ राजनीतिक दल और विचारधाराएँ इसे विवादित बताने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन वस्तुतः यह विवाद केवल वैचारिक है, तथ्यात्मक नहीं। ऐतिहासिक दस्तावेज़, कांग्रेस नेताओं के भाषण, जिन्ना के वक्तव्य और ब्रिटिश शासन के आधिकारिक रिकार्ड इस सच्चाई की गवाही देते हैं। कोई भी निष्पक्ष इतिहासकार इस तथ्य को नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन शक्तियों के आपसी तालमेल और निर्णय का परिणाम था। विभाजन का संक्षेप में सत्य यही है कि मुस्लिम लीग ने मांग रखी, कांग्रेस ने उसे स्वीकार किया और अंग्रेजों ने उसका क्रियान्वयन किया। यह तीन वाक्य ही उस पूरी त्रासदी का सार हैं, जिसने करोड़ों लोगों को उजाड़ दिया और भारत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई।

वस्तुतः इस सच्चाई को नई पीढ़ी को जानना अति आवश्यक है कि यदि हम अपने इतिहास को सही रूप में नहीं जानेंगे तो भविष्य की गलतियों से कैसे बचेंगे? विभाजन केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए चेतावनी है। यह हमें बार-बार याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा, वैचारिक कमजोरी और बाहरी शक्तियों का हस्तक्षेप मिलकर किस तरह किसी राष्ट्र की एकता को तोड़ सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था, हमारी पाठ्यपुस्तकें और हमारी सामूहिक स्मृति इस सच्चाई को स्वीकार करें और आने वाली पीढ़ियों को बताएं कि विभाजन किसकी जिम्मेदारी थी।

अतः राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के विशेष शैक्षिक मॉड्यूल में भारत के विभाजन के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जो जिम्मेदार ठहराया गया है और 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक से कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप में जो अपना प्रकाशन किया है वह सही है। वास्तव में यह बताया है कि किसकी गलतियों के कारण से विभाजन के समय करीब 6 लाख लोग मारे गए और 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यहां कहना यही है कि आज सभी को बिना विवाद के इतिहास के इस सच को स्वीकार करना चाहिए, निसंदेह अपने वर्तमान को सही तथ्यों से अवगत करना हम सभी का कार्य है, यदि सरकार ये कार्य कर रही है, तो हमें उसका समर्थन करना चाहिए न कि विरोध। सही अर्थों में यह भी देश भक्ति है और देश हित।

विचार

भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसे की बड़ी छलांग

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की आर्थिक ताकत और नीतिगत प्रतिबद्धता को मान्यता देने वाला एक विशेष समय सामने आया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' और अल्पकालिक रेटिंग को 'ए-3' से 'ए-2' कर दिया है। यह सुधार किसी सामान्य तकनीकी घोषणा भर का मामला नहीं है बल्कि यह उस आर्थिक आत्मविश्वास और नीतिगत स्थिरता का प्रमाण है, जिसे भारत ने निरंतर बनाए रखा है।

दरअसल, वर्ष 2007 के बाद यह पहली बार है जब भारत की रेटिंग में सुधार हुआ है और इस अंतराल में दुनिया की अर्थव्यवस्था ने कई गहरे झटके झेले हैं। 2008 की वैश्विक वित्तीय मंदी, यूरोपीय ऋण संकट, कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और हालिया पश्चिम एशियाई अस्थिरता जैसी चुनौतियाँ भारत के सामने भी थीं, लेकिन इन सबके बीच भारत ने न केवल अपने विकास को स्थिर बनाए रखा बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी और मज़बूत किया। रेटिंग सुधार इसीलिए भारत की नीतिगत क्षमता और आर्थिक लचीलापन दोनों की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है।

बना हुआ है निवेशकों का भरोसा:- यह सुधार निवेशकों के लिए एक भरोसे का संदेश है। 'बीबीबी' श्रेणी को निवेश ग्रेड माना जाता है और इसका अर्थ यह है कि भारत अपने वित्तीय दायित्वों को समय पर पूरा करने की पर्याप्त क्षमता रखता है। यद्यपि यह रेटिंग अभी 'ए' या 'एएए' स्तर तक नहीं पहुँची है, लेकिन यह मान्यता महत्वपूर्ण है कि भारत अब उन देशों की श्रेणी में शामिल है जिन्हें सुरक्षित निवेश गंतव्य माना जाता है। अल्पकालिक 'ए-2' रेटिंग भी यही बताती है कि भारत की तत्कालीन वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर कोई खतरा नहीं है। यह सुधार भारत की उस दीर्घकालिक आर्थिक योजना का हिस्सा है, जिसमें तेज़ जीडीपी वृद्धि, मजबूत मौद्रिक ढाँचा, नियंत्रित मुद्रास्फीति और बुनियादी ढाँचे में भारी निवेश शामिल है।

अगर हालिया आंकड़ों पर नज़र डालें तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। वित्त वर्ष 2022 से 2024 के बीच भारत की औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.8 प्रतिशत रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में भी भारत 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ता रहेगा। यह दर उस समय में उल्लेखनीय है जब चीन की वृद्धि दर पाँच प्रतिशत से नीचे जा रही है और यूरोप व अमेरिका की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ मंदी के दबाव से जूझ रही हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बन चुका है और आने वाले वर्षों में इसका दबदबा और बढ़ेगा।

राजकोषीय घाटे का कम होना लेकर आया है नई उम्मीद:- इस वृद्धि के पीछे सरकार का राजकोषीय प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित नीतियां प्रमुख कारण रही हैं। महामारी के दौरान भारत का राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9 से 13 प्रतिशत तक पहुँच गया था। लेकिन अब यह घटकर वित्त वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में 4.4 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। राज्य सरकारों का घाटा भी अगले तीन-चार वर्षों में औसतन 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। केंद्र और राज्यों दोनों को मिलाकर सामान्य सरकारी घाटा 2029 तक 6.6 प्रतिशत पर आ सकता है। यह सुधार न केवल वित्तीय अनुशासन का प्रमाण है बल्कि यह भी बताता है कि सरकार ने बड़े पैमाने पर निवेश को बिना चालू खाता घाटा बढ़ाए सफलतापूर्वक वित्तपोषित किया है। यह भारत की विश्वसनीयता में बढ़ोतरी करने वाला कारक है।

बुनियादी ढांचे पर फोकस ने विकास की गति को कई गुना बढ़ा दिया:- बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में किए गए निवेश ने भी भारत की आर्थिक संभावनाओं को एक नई दिशा दी है। वित्त वर्ष 2026 तक केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 11.2 ट्रिलियन रुपये तक पहुँचने का अनुमान है, जो जीडीपी का 3.1 प्रतिशत होगा। यदि राज्यों को मिलाया जाए तो यह अनुपात 5.5 प्रतिशत तक जाता है। इतनी बड़ी पूंजीगत हिस्सेदारी केवल आँकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों, ऊर्जा संयंत्रों और डिजिटल अवसंरचना के निर्माण में परिलक्षित होती है। यह निवेश दीर्घकालिक विकास की बाधाओं को दूर करने में सहायक है। भारत की समस्या लंबे समय तक यही रही कि यहाँ बुनियादी ढाँचे की कमी विकास की गति को रोक देती थी। अब केंद्र की मोदी सरकार इस कमी को व्यवस्थित रूप से दूर कर रही है और इसका लाभ उद्योग, व्यापार और नागरिकों सभी को मिलेगा।

मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और मौद्रिक नीति की स्थिरता इस रेटिंग सुधार के दूसरे बड़े कारण हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2015 से मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का ढाँचा अपनाया, जिसमें 2 से 6 प्रतिशत के बीच खुदरा मुद्रास्फीति रखने का लक्ष्य है। पिछले तीन वर्षों में औसतन मुद्रास्फीति 5.5 प्रतिशत पर रही है और हाल के महीनों में यह घटकर 2 प्रतिशत के करीब आ गई है। जुलाई 2025 में मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति केवल 1.6 प्रतिशत रही, जो वैश्विक ऊर्जा मूल्य अस्थिरता के बावजूद उल्लेखनीय है। यही कारण है कि फरवरी 2025 में रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर को घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया।

मुद्रास्फीति नियंत्रण का यह अनुभव निवेशकों को भरोसा देता है कि भारत में मूल्य अस्थिरता आर्थिक विकास की राह में बाधा नहीं बनेगी।

रेटिंग सुधार से अंतरराष्ट्रीय बाजार से सुविधाएं मिलना तय:- विदेशी निवेशकों के लिए भारत अब और अधिक आकर्षक बन गया है। रेटिंग सुधार का सीधा अर्थ है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार से भारत को सस्ता ऋण मिलेगा। इससे न केवल सार्वजनिक परियोजनाओं की फंडिंग आसान होगी बल्कि निजी क्षेत्र को भी अधिक अवसर मिलेंगे। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और पोर्टफोलियो निवेश दोनों में वृद्धि की संभावना है। निवेशकों की नजर में स्थिर नीतियाँ और भरोसेमंद संस्थागत ढाँचा सबसे बड़ा आकर्षण होता है। भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। चाहे दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता हो, जीएसटी जैसी कर सुधार व्यवस्था हो या डिजिटलीकरण की पहल, इन सबने भारत की अर्थव्यवस्था को पारदर्शी और कुशल बनाने में योगदान दिया है।

बढ़ती प्रतिष्ठा का संकेत:- रेटिंग सुधार का एक गहरा राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व भी है। यह केवल आर्थिक आँकड़ों की मान्यता नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी संकेत है। दुनिया की बड़ी कंपनियाँ और निवेशक जब यह देखते हैं कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियाँ भारत की रेटिंग सुधार रही हैं, तो उनका विश्वास और बढ़ता है। यह सुधार भारत की छवि को उभरते हुए आर्थिक शक्ति से एक स्थिर और भरोसेमंद शक्ति में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का उपयोग दीर्घकालिक सुधारों को आगे बढ़ाने में कर पाएगा? रेटिंग सुधार केवल एक आरंभ है, अंत नहीं। इसे बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए भारत को राजकोषीय अनुशासन को और मज़बूत करना होगा, निर्यात विविधीकरण करना होगा, हरित ऊर्जा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना होगा तथा सामाजिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाना होगा। विकास तभी टिकाऊ और सार्थक होगा जब वह समाज के हर वर्ग तक पहुँचे।

अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एसएंडपी का रेटिंग सुधार भारत के लिए भरोसे का एक प्रमाण-पत्र है। यह प्रमाण-पत्र केवल भारत सरकार के आर्थिक प्रबंधन का ही नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता और भारतीय समाज के लचीलापन का भी है। यह अवसर है कि हम इस विश्वास को और गहरा करें और आने वाले वर्षों में भारत को ऐसी स्थिति में पहुँचाएँ, जहाँ उसकी रेटिंग और ऊपर जाए और वह दुनिया की सबसे स्थिर और शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाए। कहना होगा कि इस भरोसे को बनाए रखना ही अब भारत की सबसे बड़ी चुनौती और सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए।

साहित्य

मौसम ये बदल रहा है

उत्साही "उज्जवल"

मौसम ये बदल रहा है
तेरे इशारे पर चल रहा है
नशा छाया है फिजाओं में
हर शख्श गिर-गिर संभल रहा है
दुपट्टा ना उड़ाया करो ऐसे तुम
देख तुम्हें बूढ़ों का दिल भी मचल रहा है
सुना था चाँद रहता है आगोश में
तुम पहली हो जिससे सूरज भी जल रहा है
किया घायल मुझे अब और ना गिराओ बिजलियाँ
मेरे मुहल्ले का हर शख्श इश्क़ में अव्वल रहा है

राशिफल

मेष:- विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

वृषभ:- निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। घर में खुशहाल स्थिति रहेगी।

मिथुन:- कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

कर्क:- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। सगे-संबंधियों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवांछित सफलता के आसार हैं।

सिंह:- कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन में अशांत होगा। कुछ रोजगार संबंधी चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में केंद्रित हों। महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आलस्य का त्याग करें।

कन्या:- भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेनगे। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

तुला:- ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लांछन मिले। नकारात्मक चिंताएं उत्साह में कमी लाएंगी। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें।

वृश्चिक:- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी अच्छी छवि बनायें। भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

धनु:- नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी काम समय से करें।

मकर:- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। जरूरी कार्य को समय पूर्ण करने हेतु केंद्रित रहेंगे।

कुंभ:- कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

मीन:- परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे।

अभी कई चुनौतियों से निपटना होगा

प्रेम शर्मा

निश्चत तौर पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। उनके भाषण से यह तो स्पष्ट है उनका उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई, ताकि वैश्विक बाजार में भारत की छवि को बेहतर बनाया जा सके। लेकिन भाषण का सार लगभग यही है कि जो कुछ हासिल हुआ है उसके सापेक्ष देश के समक्ष चुनौतियाँ अभी काफी है। काफी हद तक अन्तरिक चुनौतियों से निजात तो मिली लेकिन पूरी तरह नहीं।

भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी भयावह दौर से गुजर रहा है। आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले से दिया गया भाषण अगर याद रखे जाने लायक कहा जाएगा तो सिर्फ इसलिए नहीं कि यह उनका अब तक का सबसे लंबा भाषण रहा या लाल किले के प्राचीर से उन्होंने लगातार बारहवीं बार राष्ट्र को संबोधित किया, जिसका मौका पंडित जवाहरलाल नेहरू के अलावा किसी और प्रधानमंत्री को अब तक नहीं मिला। जिन हालात में और जिन चुनौतियों के बीच पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया वह इस बॉत संकेत था कि उन्हें देश में व्याप्त समस्याओं का पूरा आभास है। पिछले कुछ सयम से अमरीका के भारत के खिलाफ बनते आ रहे रूख और अमेरिका टैरिफवॉर के जरिये अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश कर रहा है, जबकि चीन ने दुर्लभ मृदा खनिज को हथियार बनाया हुआ है। ऐसी स्थिति में भारत को तरक्की जारी रखने के लिए रास्ता तलाशना ही होगा।

स्वाभाविक दुर्लभ मृदा खनिज, तेल और गैस, सेमीकंडक्टर से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता अब भारत की अस्मिता का प्रश्न है। दुनिया जिस तरह से बदल रही है, उस स्थिति में किसी पर भरोसा करना अपने आप को धोखा देना है। फिलहाल देश की डीजीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान केवल 12 प्रतिशत और वैश्विक आपूर्ति में केवल 2.8 प्रतिशत है। जबकि चीन दुनिया के लिए 28.8 प्रतिशत सामान बना रहा है। भारत सरकार इसे 23 प्रतिशत के बराबर करना चाहती है। सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है, वह नामुमकिन बिल्कुल नहीं है। ऑटो इक्विपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, खासतौर पर आईफोन की बात करे तो भारत में वैश्विक जरूरतों को पूरा करने की क्षमता है। एपल करीब 20 प्रतिशत आईफोन अब भारत में बना रही है, जबकि कभी चीन इसका केंद्र हुआ करता था। पीएम मोदी ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि दुनिया गुणवत्ता की कद्र करती है और अगर ग्लोबल मार्केट में भारत की छवि को चमकाना है तो हाई क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स बनाने होंगे।

पीएम मोदी चुनौतियों की ओर संकेत करना भी नहीं

भूले। उन्होंने न केवल किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की बात की बल्कि सिंधु जल समझौते को मौजूदा स्वरूप में स्वीकार न करने की दो टूक घोषणा भी कर दी।

स्पष्ट है कि भारत किसी भी सूरत में अवांछित दबाव को स्वीकार नहीं कर सकता। भारत 1990 का दशक बदलाव का सबसे बड़ा वाहक था, जब भारत ने आर्थिक उदारीकरण को अपनाया और तय किया कि इस दुनिया में उसे किस रास्ते पर चलना है। भारत के बाजार को खोलने का वह फैसला लिया गया, क्योंकि ऐसी मजबूरी खड़ी हो गई थी। तब देश

खबरें एक नजर में

दो लेखपालों पर विभागीय कार्रवाई के विरोध में लेखपाल संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

हमीरपुर। सदर एसडीएम द्वारा दो लेखपालों पर विभागीय कार्यवाही करने के विरोध में लेखपाल संघ ने सोमवार को तहसील परिसर में कार्य बहिस्कार कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मांग पूरी ना होने पर अनवरत धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष विजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में धरने के दौरान बताया कि एसडीएम सदर द्वारा संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य द्विवेदी को झूठा आरोप निलंबित कर दिया गया है जबकि महिला लेखपाल शिवांगी ओमर पर विभागीय कार्यवाही कर दी है। जिसके विरोध में उन्होंने सोमवार को सदर तहसील परिसर में एक दिवसीय कार्य बहिस्कार कर धरना प्रदर्शन किया है।उन्होंने आदित्य कुमार द्विवेदी के निलंबन को निरस्त करने और शिवांगी ओमर पर विभागीय कार्यवाही रोकने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर उन्होंने अनवरत धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस दौरान अशोक कुमार चंद्रेश सिंह मोहम्मद अकरम चंद्रशेखर भारती मिथिलेश कुमार सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

लिंक क्लिक करते ही उड़े खाते से रुपए, पीएम मातृ वंदना योजना का लालच दे ठगे 11 हजार

सुमेरपुर, हमीरपुर। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाले 5000 का लालच दिखाकर टेढ़ा के एक युवक को लिंक भेजकर 11 हजार से ज्यादा की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। टेढ़ा निवासी अनमोल सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह करीब 10 :00 बजे गांव की आंगनवाड़ी कार्यकत्री अक्षय कुमारी ने फोन करके बताया कि हमारे अधिकारी लाइन पर हैं उनसे बात कर ले वह आपके खाते में रु.5000 डाल देंगे। बात करने के बाद उन्होंने एक लिंक भेजा लिंक में क्लिक करते ही उसके खाते से रु.10997 रुपए की धनराशि कट गई। पीड़ित ने इस धोखाधड़ी पर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विद्युत समस्या को लेकर भाकियू ने दिया धरना

बबेरु/बांदा। भारतीय किसान यूनियन द्वारा बिजली की समस्या को लेकर मरका विद्युत पावर हाउस मे एक दिवसीय धरना देकर शीघ्र समस्या का समाधान किये जाने की मांग किया है। मरका विद्युत पावर हाउस मे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अवधेश सिह पटेल के नेतृत्व मे एक दर्जन गांव अरवारी चरका मुडवारा मटेहना गोडा औदहा गांव के सैकड़ो किसानो ने विद्युत पावर हाउस पहुंच कर नारे लगाते हुये धरने मे बैठ गये पॉच एम वी की जगह 10 एम वी का ट्रांसफॉर्मर रखये जाने की माग किया है किसानो ने बताया कई कई दिनो तक बिजली नही आती जिससे धान की रोपाई चल रही है बिजली न आने से पानी नही मिल रहा जिससे धान सूख रहा है शीघ्र विघुत व्यवस्था ठीक किये जाने की मांग किया है। इस दौरान ब्रजराज यादव गोरेलाल विमलेश कुमार अजय कुमार शैलेन्द्र सहित सैकडो किसान मौजूद रहे।

खाद न मिलने से परेशान किसानों ने जाम लगाकर दिया धरना

बांदा। बबेरू कस्बा अंतर्गत मध्य कृषक सहकारी समिति बांदा रोड़ में किसानों ने सुबह से आकर खाद लेने के लिए लाइन में खड़ा रहा और अपने अपने आधार कार्ड की फोटो कांपी जमा कर दिया था। सहकारी समिति ने अपने चहेतो को खाद दे दिया और लाइन में खड़े किसान को खाद न मिलने से भड़क गए और सहकारी समिति के विरुद्ध नारेबाजी कर हंगामा करने लगे। आक्रोशित किसानों ने बबेरू बांदा मुख्य मार्ग को जाम लगाकर धरना में बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद को महंगे दामों में ब्लैक कर लिया गया। किसान लाइन लगाए खड़ा ही रह गया। खाते धारकों को इकट्ठा खाद दे दी जाती है, खाता धारक भी महंगे दाम में ब्लैक करते है। छोटे काश्तकारों को नगद में खाद नहीं दी जा रही है। रोजाना खाद के लिए लाइन में खड़ा करा दिया जाता है और बाद में लौटा दिया जाता है। जाम की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर किसानों को डांट फटकार लगाते हुए जाम को खुलवा दिया। तब आवागमन चालू हो सका है। नायब तहसीलदार मौके में पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया। की जरूरत मंद किसानों को खाद दिलाई जाएगी।

बुंदेलखंड के युवा उद्योगपति रोहित जैन को मिला अवार्ड

बांदा। क्षेत्र के प्रसिद्ध युवा उद्योगपति रोहिज जैन को हाल ही में बिजनेस टाईकोन एवॉर्ड ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उन्हें समाज और बिज़नेस जगत में किए गए उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस खास अवसर पर उन्हें यह सम्मान बालीवुड के मशहूर अभिनेता राहुल रॉय (आशिकी फेम) के हाथों दिया गया, जिससे पूरे समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई। रोहिज जैन न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि एक पॉडकास्टर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं। वे रोहित जैन पॉडकॉस्ट नाम से इंस्टाग्राम पेज चलाते हैं और बिज़नेस, हेल्थ और समाज से जुड़े मुद्दों पर युवाओं को नई दिशा देते हैं। बिज़नेस की दुनिया में रोहिज जैन ने नया इतिहास रचा है। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र का पहला ऑक्सीजन और नाइट्रोजन प्लांट स्थापित किया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं और इंडस्ट्रियल सेक्टर दोनों के लिए एक बड़ा कदम है। इसके साथ-साथ उनका होटल व्यवसाय भी क्षेत्र में नई पहचान बना चुका है। इस अवसर पर रोहिज जैन ने कहा कि यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड की मिट्टी का सम्मान है। मेरा प्रयास हमेशा यही रहेगा कि मैं अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित कर सकूँ और उन्हें नए अवसर दिला सकूँ। यह सम्मान उन्हें आने वाले समय में और बड़े स्तर पर काम करने के लिए प्रेरित करेगा और बुंदेलखंड को एक नई पहचान दिलाने में मददगार साबित होगा।

डीएम ने समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

बांदा। जिलाधिकारी बांदा, जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील नरैनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील में कुल 25 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, उप जिलाधिकारी बबेरू अमित शुक्ला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस: आई 75 शिकायतों में आठ का निस्तारण

▸ डीएम-एसपी ने मातृ-शिशु प्रतिक्षालय का किया उद्घाटन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को तहसील राठ में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, विधायिका राठ मनीषा अनुरागी एवं नगर पालिका चेयरमैन निवास बुधौलिया भी उपस्थिति रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायते प्राप्त हुयी। जिसमें नगर पालिका परिषद राठ 6, एलडीएम 4 स्वास्थ्य विभाग 2, पुलिस विभाग 9, आपूर्ति विभाग 9, समाज कल्याण विभाग 4, विद्युत विभाग 10, विकास विभाग 7, राजस्व विभाग 21, कृषि विभाग 1, शिक्षा विभाग 1, नमामि गंगे 1 की शिकायते प्राप्त हुयी। मौके पर कुल 8 शिकायतों का निस्तारण हुआ। डीएम व एसपी ने ब्रजभान कुर्रा, तुलसीदास गोहानी राठ, हरप्रसाद, राठ, लाल मुहम्मद, कुर्रा राठ को कुल 5 व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किये व चन्द्रशेखर पुत्र परमसुख निवासी कुल्हैण्डा तहसील राठ को वृद्धावस्था पेंशन व पूजा पत्नी दिनेश कुमार निवासी मुहाल पठनऊ राठ को पारिवारिक लाभ योजना का धनराशि प्रमाण पत्र वितरण किया। सकीना पत्नी मुन्ना खांन निवासी ग्राम बंगरा व छत्रपाल पुत्र सेवाराम निवासी उमन्नियां व रामसखी पत्नी सन्तोष निवासी खड़ाखर व जयदेवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी ददरी को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनान्तर्गत कुल 4 व्यक्तियों को मु. चार-चार लाख रु. व सीमा आदि पत्नी कपूर सिंह निवासी रहंक व ज्ञानदास आदि पुत्र मिचौला निवासी बसेला को मु. पांच-पांच लाख रु. तथा पार्वती पत्नी चरनसिंह व मुन्नीदेवी पत्नी शिवनारायन व जगराम पुत्र शिम्भू निवासीगण बरदा को दैवीय आपदा अन्तर्गत मु. चार-चार हजार रु. का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। आरती वर्मा को इण्टरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड प्रमाण पत्र दिया गया। दोनों अधिकारीयों ने तहसील परिसर में मातृ-शिशु प्रतिक्षालय का उद्घाटन किया गया। समाधान दिवस में उपस्थित शिकायतकर्ताओं की समस्या को डीएम ने सुना। समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायत का मौके पर जाकर जीपीएस फोटो व शिकायतकर्ता के बयान या गवाहों के बयान सहित गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

155 फीट लंबी बालों से निर्मित पेंटिंग बनाने पर मजदूर की बेटी हुई सम्मानित

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर राठ के मुहल्ला सिकंदरपुरा निवासी मजदूर की बेटी आरती वर्मा को 155 फीट लंबी बालों से निर्मित पेंटिंग बनाने पर क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, डीएम घनश्याम मीणा व एसपी डॉ. दीक्षा वर्मा ने उसे इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है।

फसलों की क्षति व फसल बीमा को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

▸ तहसील परिसर में नारेबाजी कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

राठ, हमीरपुर। तहसील परिपर में सोमवार को जय जवान जय किसान संगठन के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में किसानों ने नारेबाजी व प्रदर्शन कर फसलों की क्षति का मुआवजा व फसल बीमा दिलाए जाने की मांग की। किसानों ने तहसील में आए डीएम घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा।

जय जवान जय किसान संगठन के किसान गुलाब सिंह, मानसिंह, नरेंद्र कुमार, पंचम सिंह, राम अवतार, रामफल, मूलचंद, फूल सिंह, चंद्रभान, गौरी शंकर, आसाराम, हरि सिंह, देवेंद्र कुमार, गोपाल आदि किसानों ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि फसल क्षति का आकलन सही तरीके से नहीं किया गया है। किसानों ने कहा कि वर्तमान में स्थिति को मौके पर जाकर देखा जा सकता है। जनपद के कई गांव में अतिरिक्त वर्षा और बाढ़ से किसानों की फसले खराब हो गई हैं। तमाम किसान लगातार हो रही वर्षा के कारण बुवाई नहीं कर पाए हैं। इसको प्राकृतिक व दैवीय आपदा मानते हुए कृषि निवेश फसल क्षति के प्रावधानों के अनुरूप सहायता राशि दी जाए। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी ग्राम पंचायत में 25 प्रतिशत से कम बुवाई होती है तो उन ग्राम पंचायत में असफल बुवाई माना जाए। जिसके अनुसार बीमा कंपनी को बीमित किसानों को तत्काल सहायता दी जाए।

पंचायतों के सतत् विकास पर कार्य करें प्रधान: गंगवार

सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करके प्रधानों को प्रशिक्षित किया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार ने अध्यक्षता की।

लखनऊ से आए मुख्य प्रशिक्षक विवेक गंगवार ने बताया कि सतत विकास के 17 लक्ष्य और 179 उद्देश्यों को 9 थीम के माध्यम से प्रत्येक पंचायत काम करें यहीं प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रमुख है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में विकास की सतत प्रयास जारी है। इन देशों में अपना देश भी शामिल है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार सभी प्रांतों की प्रत्येक पंचायत में गरीबी मुक्त एवं उन्नत और स्वास्थ्य पंचायत, बाल हितैषी, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, आत्म निर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत एवं न्याय पूर्ण पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायत, स्वच्छ एवं हरी भरी पंचायत का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि जिस दिन पंचायत में यह सभी व्यवस्थाएं हो जाएंगी। उसी दिन पंचायतों के पूर्ण विकास का सपना पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य 2030 तक रखा गया है। प्रशिक्षण में डाटा कलेक्शन कैसे किया जाना है। इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर रामसागर सिंह,केडी मिश्रा, विक्रम सिंह के अलावा जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार ने जानकारी साझा की है।

समाधान दिवस में रहा फरियादियों का टोटा, दर्ज की गई सत्रह शिकायतें

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे की तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या न के बराबर रही और सत्रह मामले दर्ज किए गए जिनमें से एक भी शिकायत का समाधान नहीं हो सका हालांकि सभी शिकायतों के समय बद्ध और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण की बात कही जा रही है। महीने के दूसरे शनिवार के बजाय सोमवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी विनीता पहल और तहसीलदार शिखर मिश्रा ने की। कुल सत्रह शिकायतें दर्ज की गई जिनमे अधिकांश शिकायतें अवैध कब्जे,पुलिस की कार्यवाही, पूर्ति विभाग के साथ ही बिजली बिलों से जुडी हुई दर्ज की गई जबकि किसानो के मुद्दे को लेकर अक्सर ज्ञापन देने वाले किसका यूनियन ने भी किसानो की खाद के साथ ही अन्ना पशुओ का मुद्दा उठाया। शिकायतों को समय से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजा जा रहा है।

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

देररात घर लौटे युवक ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सुबह देरतक नहीं जगने पर परिजनों ने देखा तो युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के मोहल्ला रेलवे स्टेशन रागौल के निकट के निवासी विजय शंकर (50)पुत्र स्वामी प्रसाद ने अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह देर तक जब दरवाजा नहीं खुले तो परिजने जगाया तब जाकर युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात सामने आई। मृतक के पिता की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक अपने परिवार में दो भाईयो में छोटा और अविवाहित था साथ ही कुछ समय पहले तक एक महिला के साथ लिव इन रिलेशन में रहता रहा है और बिजली का काम कर अपना खर्चा चलाता था। मृतक के पिता स्वामी प्रसाद ने बताया कि रात में करीब दस बजे घर आया था और अपने कमरे में जाकर सो गया था सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उसे जगाने की कोशिश की तब जाकर उसके द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी हुई साथ ही बताया कि एक बार बिजली के पोल से गिरने के कारण कमजोर हो गया था उसी बात को लेकर परेशान रहता था सम्भवतः उसी तनाव में आकर फांसी लगाई है।घर मे हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

टोकन के माध्यम से खाद का वितरण कराएं: डीएम

▸ जिलाधिकारी ने किया नहरी सहकारी समिति और निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण

बांदा। जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा ने आज संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात नहरी क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड नरही बांदा का तथा निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नहरी क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड का खाद वितरण में किसानों से शिकायत प्राप्त होने पर आज मौके पर जाकर खाद समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद समिति में उपस्थित कृषकों से वार्ता करते हुए खाद्य की समस्या का निस्तारण करने हेतु जिला कृषि अधिकारी को मौके पर उपस्थित रहकर टोकन के माध्यम से खाद का वितरण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक निबंधक सहकारिता एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि कृषकों को आवश्यकता के अनुसार समय से खाद की उपलब्धता करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत उन्होंने निर्माण अधीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ,ग्राम रगौली, विकासखंड नरैनी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कर रही कार्यदाई संस्था सीएनडीएस यूनिट 48 के मौके पर उपस्थित अवर अभियंता को निर्देशित किया कि अपने पर्यवेक्षण में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को तेज गति से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि इसकी तकनीकी जांच करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की साप्ताहिक इस विद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करके रिपोर्ट दें तथा गुणवत्तापरक कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीएनडीएस के अभियंता एवं खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

कम्युनिटी लीडर्स ने ली बैंकिंग सेवाओं की जानकारी

बांदा। महिला संस्था वनांगना महिला हिंसा के साथ-साथ किशोर किशोरियों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है। तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत आठ गांवों के 20 किशोर किशोरियों को ग्रामीण बैंक में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें बैंकिंग प्रक्रियाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। सोमवार को नरैनी ब्लॉक के जमवारा गांव स्थितआर्यवर्त यूपी ग्रामीण बैंक में क्षेत्र के आठ गांवों के लगभग 20 सामुदायिक लीडर्स ने बैंकिंग सेवाओं की जानकारी ली। वरिष्ठ कैशियर दीपक कुमार ने सभी किशोर-किशोरियों को बैंकिंग प्रणाली के बारे में बारीकी से समझाया। उन्होंने बताया कि बैंक दो प्रकार की होते हैं। सरकारी और प्राइवेट। यह ग्रामीण बैंक सरकारी है। बैंक में तीन काउंटर होते हैं। जमा-निकासी, खाता खोलना व पासबुक एंट्री करना इत्यादि कार्य होते हैं। कम्युनिटी लीडर आतिफा (जमवारा) ने नया खाता खुलवाने व पासबुक लेने से संबंधित सवाल पूछे। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उनकी शाखा में 500 रुपए से खाता खोला जाता है और एक सप्ताह के अंदर पासबुक ग्राहक को दे दी जाती है। शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व संस्था कार्यकर्ता फरजाना खान ने किया। इसमें जमवारा सहित सकरिहा,नसैनी, शंकर बाजार, लहुरेटा, पनगरा, चन्द्रनागर, पड़मई इत्यादि गांवों के सामुदायिक लीडर शामिल रहे।

जनपद में चलाया गया विशेष बैंक चेकिंग अभियान, वित्तीय संस्थानों के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग

बांदा। एसपी पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए आज जनपद में सोमवार का विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं/वित्तीय संस्थाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों के आसपास अनावश्यक/ संदिग्ध रुप से टहल रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रूप से खड़े वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई ।

कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद, सीतापुर

पत्रांक-न.पं.त.-विज्ञापन स्वतंत्रता दिवस/2025-26 दिनांक- 14.08.2025

स्वतंत्रता दिवस 2025 के शुभ अवसर पर नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें

देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है नगर वासियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध होने के साथ-साथ अपने नागरिकों से अपेक्षाएं रखती है कि:-

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में नगर को प्रथम स्थान दिलाने में सहयोग करें।
2. दुकानदार/ग्राहक कपड़े के कैरीबैग का प्रयोग करें। पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
3. नगर पंचायत की सरकारी भूमि एवं नाला/नाली पर अतिक्रमण कदापि न करें।
4. नगर की शिकायत दर्ज करने हेतु टोल फ्री नं.-1533 पर काल करें।
5. पानी का प्रयोग करने के बाद टोटी बन्द कर दें, पानी बर्बाद न करें।
6. वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण अवश्य करें।
7. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुंच रहें है, कृपया अपना कूड़ा (सूखा नीले डस्टबिन में व गीला हरे डस्टबिन में) अलग-अलग कर उन्हें दें, सड़क या नाली में ना फेकें।
8. सेप्टिक टैंक सफाई हेतु टोल फ्री नं.-14420/9260900188 पर काल करें। प्रत्येक 03 वर्ष में सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करायें।
9. जन्म मृत्यु का पंजीकरण समय से अवश्य करायें।
10. नगर पंचायत के समस्त करों को समय से अदा करें।

नगर पंचायत आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

प्रदीप कुमार गौतम
अधिशासी अधिकारी

समस्त सम्मानित
सदस्यगण

तय्यबुन
अध्यक्ष

आयुक्त डीआईजी ने तहसील दिवस में किया प्रतिभाग, किया औचक निरीक्षण

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार ने पुलिस उप महानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा राजेश एस के साथ तहसील राजापुर में आयोजित तहसील दिवस में प्रतिभाग किया। तहसील दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से 5 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कराया गया तथा शेष शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर निस्तारण आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी, राजापुर को दिए। इसके उपरान्त आयुक्त महोदय ने बहु उद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, सरधुवा पहाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में खाद वितरण केन्द्र पर ताला लटका पाया गया तथा सचिव द्वारा शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर आयुक्त महोदय ने समिति सचिव के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इसी प्रकार बहु उद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, पहाड़ी (उत्तरी एवं दक्षिणी) के औचक निरीक्षण में लगभग 100 कृषक खाद प्राप्त करने हेतु लाइन में खड़े पाए गए। मशीन में सर्वर बाधित होने के कारण कृषकों को खाद वितरण नहीं हो पा रहा था। इस पर आयुक्त ने उप निबंधक एवं उपायुक्त, सहकारिता, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा को निर्देशित किया कि समस्या का तत्काल निराकरण कराकर आज ही सभी कृषकों को खाद उपलब्ध कराई जाए। तदोपरान्त आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पहाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी उदय प्रताप सिंह उपस्थित पाए गए। केन्द्र में विद्युत आपूर्ति बाधित पाई गई, जिससे मरीजों को असुविधा हो रही थी। इस पर आयुक्त महोदय ने अधिशाषी अभियंता, विद्युत चित्रकूट को उक्त स्वास्थ्य केंद्र में विद्युत आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी समस्याएं

बबेरू/बांदा। तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस एडीएम कुमार धर्मेन्द्र की अध्यक्षता पर संपन्न हुआ जिसमें कुल 17 मामले आए मौके पर 7 मामले का निस्तारण किया गया शेष समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण के निर्देश दिए गए मामलों का पारदर्शिता से निस्तारण किया जाना चाहिए सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के आये है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी रजत वर्मा सीओ सौरभ सिह नायब तहसील मनोहर सिह खंड विकास अधिकारी सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

फीडबैक को मानक मानकर शिकायतों का करें निस्तारण : डीएम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण, शेष शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश कुमार विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण गंभीरता, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतकर्ताओं से सहजता से संवाद करें और स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फोन पर फीडबैक लेकर यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें समाधान से संतुष्टि मिली है या नहीं।जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी मामलों, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, चकमार्ग, रास्ते तथा नाली जैसी समस्याओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। खतौनी में नाम आदि की त्रुटियों को भी शीघ्र सुधारने के लिए कहा। जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित शिकायतकर्ताओं की समस्यायों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

जनपद में समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 358 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 74 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। तहसील हैदरगढ़ में संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मामलों के 192 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से आज 47 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम तहसील फतेहपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 05 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार तहसील सिरौलीगौसपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व विभाग एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 03 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

तहसील रामनगर में जॉइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 05 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

इसी क्रम में तहसील नवाबगंज में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार तहसील रामसनेहीघाट में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 04 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

बिना सूचना के अनुपस्थिति रहने पर एक का रोका वेतन

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस हैदरगढ़ में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थिति सहायक अभियंता लघु सिंचाई का वेतन जिलाधिकारी ने अग्रिम आदेशो तक रोकने के आदेश के साथ ही उनसे दो दिवसों में स्पष्टीकरण भी मांगा है।

डीएम के कदमो को पकड़ कर गिड़गिड़ाई महिला न्याय न मिला तो जहर खाकर देंगे जान

▸ महिला अधिकारी ने पीड़िता से छीनी जहर की पुड़िया

हैदरगढ़ बाराबंकी। संपूर्ण सामाधन दिवस संपन्न होने के बाद सोमवार को उस समय तहसील परिसर हड़कंप मच गया जब सामाधन दिवस से निकलकर अपनी गाड़ी में बैठने जा रहे डीएम के सामने डीएम के पैरों पर गिरकर गिड़गिड़ाते हुए न्याय मांगने लगी और न्याय न मिलने पर चूहा मार दवा खाकर आत्महत्या कर लेने की बात करने लगी। इसी बीच वह चूहा मार दवा की पुड़िया निकाली जिसे देख फौरन एक महिला अधिकारी ने उसके हाथ से जहर की पुड़िया छीन ली। फिलहाल इस घटना से लोग किस कदर से पीड़ित हैं जिनका समाधान नही हो रहा है यह उजागर हो गया। हैदरगढ़ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न होने के बाद डीएम शशांक त्रिपाठी सभागार से बाहर निकले और गेट के पास खड़ी गाड़ी में बैठने लगे, तभी कोतवाली हैदरगढ़ के आलमपुर गांव से आई युवती सत्यभामा सिंह पुत्री स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह ने डीएम के पैर पकड़ लिए। और न्याय की फरियाद करने लगी। युवती ने बताया कि लगभग 40 वर्ष पहले घर के बगल से निकली नाली पर गांव निवासी विपक्षी मुकेश सिंह, दुर्गेश सिंह पुत्रगण जगतपाल सिंह, शशि मयंक सिंह पुत्र मनोज सिंह, मयंक सिंह पुत्र हरि नारायण सिंह व अन्य लोगों द्वारा दबंगई वा सरहंगई के बल पर प्रशासन द्वारा किए गए फैसले को नहीं मानते हुए जबरन नाली में पड़ी पाइप के ऊपर दीवार वा फर्स बनाकर कब्जा कर लिया गया । युवती ने आरोप लगाया कि ऐसा केवल थाना कोतवाली हैदरगढ़ व तहसील प्रशासन की मिली भगत से हुआ। बताया कि सरकारी अवकाश के दौरान अवैध निर्माण कर लिया गया। यह भी बताया कि सूचना पाकर मौके पर आयी 112 पुलिस भी विपक्षियों की तरफदारी करते हुए चली गई। जिसके बाद से मनबढ़ सरहंग पीड़ित परिवार को गन्दी गन्दी गालियां देते हैं , मारपीट के अलावा जान से मारने की धमकियां देते हैं। कहते हैं कि शासन प्रसाशन हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़िता ने बताया कि वह अकेली दौड़ते दौड़ते थक चुकी है और काफ़ी परेशान है । कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है।कहाकि अगर तत्काल न्याय नहीं मिला तो वह जान देने को मजबूर होगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पता चला है कि भूमि संबंधी विवाद का यह मामला दीवानी न्यायालय में चला गया है।

बाइक सवार चार शोहदों ने छात्राओं से की छेड़छाड़

▸ विरोध करने वाले युवक को मारपीट कर किया घायल

रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

कालेज से घर लौट रही इण्टर मीडियट की दो छत्राओं के साथ बाईक सवार चार शोहदो ने सरेराह दिन दुपहरे छेड़छाड़ की।जिसका विरोध करने वाले एक युवक को भी शोहदों ने मार पीटकर लहूलुहान कर दिया।

भारी भीड़ पहुंचने के बाद मनचले फरार हो गये।थाने से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर घटित हुई घटना के काफी देर बाद मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे हल्का एस आई अखिलेश कुमार ने पीड़ित छात्राओं के बयान दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरु कर दी। हांलांकि डायल एक सौ बारह के दो जवान घटना के बाद समय से पहुंच गये थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामनगर के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली इंटर मीडियट की दो छात्राये कॉलेज से छुट्टी के बाद वापस घर जा रही थी।वह जब रामनगर फ़तेहपुर मार्ग स्थित गोदौरा गाँव के मोड के पास स्थित चौराहे के पास पहुंची तभी बाइक सवार चार दबंग शोहदे अभद्र एंव अमर्यादित व्यवहार करते हुए दोनों छत्राओं से छेड़छाड़ शुरू कर दी जिसका विरोध करने पर मनबढ़ सोहदो ने छात्राओं को धमकी दी।यह देख कर दुकान पर बैठे गौन्दौरा गाँव के निवासी मारुति नन्दन मिश्रा ने विरोध शुरु कर दिया। शोहदो ने उनकी भी जमकर पिटाई करके लहुलुहान कर दिया।

शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े तब चारो शोहदे मौके से भाग निकले। खून से लथपथ मारुति नंदन को इलाज के लिए सी एच सी रामनगर भिजवाया गया है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।वहां पर उपस्थित ग्रामीण हल्का एस आई की कार्यशैली के ऊपर दबी जुबान से गंभीर आरोप लगा रहे थे।सभी का एक स्वर में कहना था कि अब इस क्षेत्र में पुलिसिया भय नाम की कोई बात नहीं रह गयी है।

खबरें एक नजर में

युवती ने फांसी लगाकर दी जान

▸ परिजनों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज। पारिवारिक विवाद के चलते युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी युवती के परिजनो ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के मजरा नंदपुर हवेली में रविवार की शाम शिवानी (25) पत्नी नितिन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घर गई तो शव समेत ससुराल पक्ष गायब मिले, सूचना पर पुलिस ने शव को आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई में पहुंच कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका की मां सुनीता देवी निवासी खसुआ सराय थाना कुदरकोट, औरैया ने पुलिस को तहरीर देकर पति समेत पूरे ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनीता देवी ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी शिवानी की शादी मई 2019 में नंदपुर हवेली निवासी नितिन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति नितिन, देवर अभिमन्यु, विपिन, रजनेश उर्फभानु, अजनेश, सास रोहनमुखी और ससुर अमरसिंह दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करते थे। आए दिन मारपीट और प्रताड़ना की घटनाएँ होती रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि रविवार की शाम शिवानी ने अपने भाई सत्यम को फोन कर बताया कि ससुराल वाले उसकी हत्या करने वाले हैं। लेकिन जब तक भाई मौके पर पहुंचा, तब तक शिवानी की मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने मिलकर हत्या की और उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया। इसके बाद शव को सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान के शव गृह में रखकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया है मृतका का दो वर्षीय बेटा देवांशु है, जो अब अपनी मां से हमेशा के लिए बिछड़ गया। शिवानी की मां सुनीता देवी ने कहा कि उनकी बेटी की जिंदगी दहेज की भेंट चढ़ गई। थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर पति नितिन, देवर अभिमन्यु, विपिन, रजनेश उर्फभानु, अजनेश, सास रोहनमुखी और ससुर अमरसिंह के खिलाफदहेजे हत्या में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस लगी है।

दो शराब तस्कर गिरफ्तार, 25 लाख की अवैध शराब जब्त

इटावा, समृद्धि न्यूज। विधानसभा चुनाव से पहले शराब तस्करों की बड़ी साजिश को इटावा पुलिस ने नाकाम कर दिया। बकेवर थाना क्षेत्र में एसओजी, सर्विलांस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर 25 लाख रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार तस्कर राजस्थान से रॉयल ग्रीन क्लासिक ब्रांड की शराब को चोरी की बोलेरो कार में भरकर बिहार ले जा रहे थे। शराब की खेप को छिपाने के लिए चाय के कप के डिब्बों के बीच टेट्रा पैक रखे गए थे। जब पुलिस ने कार को रोका तो उसमें से करीब 900 लीटर यानी पांच हजार टेट्रा पैक बरामद हुए। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मथुरा निवासी मानवेंद्र और इटावा निवासी अंकित के रूप में हुई है। उनके पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं, जिनसे पुलिस को तस्करी नेटवर्क से जुड़े बड़े खुलासों की उम्मीद है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफगैंगस्टर एक्ट सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोनों आरोपी पहले भी शराब तस्करी के मामलों में जेल जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में जुटी है और जल्द और भी बड़े पर्दाफाश होंगे। पुलिस की इस कामयाबी पर एसओजी, सर्विलांस और बकेवर थाना पुलिस की संयुक्त टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। एसएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय है। हमारी टीमें इस पूरी चौन को तोड़ने के लिए काम कर रही हैं, जल्द इसमें खुलासा किया जाएगा। पुलिस टीम में उ.नि. विपिन मलिक थानाध्यक्ष बकेवर, उ.नि. हाकिम सिंह, उ.नि. विनीत पांडेय, उ.नि. बेचन कुमार सिंह प्रभारी एसओजी, उ.नि. नागेन्द्र चौधरी प्रभारी रहे। अभियुक्तों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रूपए इनाम दिए।

अजय राय की लोकप्रियता से कांग्रेस को मिली मजबूती : प्रशांत

इटावा, समृद्धि न्यूज।

जनपद की भरथना विधानसभा क्षेत्र की लखना नगर पंचायत में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सतीश नागर द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के मुख अतिथि प्रशांत तिवारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कांग्रेस आशुतोष दीक्षित ने की एवं संचालन प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने किया।

तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की लोकप्रियता को देख आज प्रदेश में कांग्रेस पार्टी विपक्ष की भूमिका निभा रही है आज प्रदेश मे ब्राह्मण समाज की बात रखने के लिए ब्राह्मणों के नेता के रूप में अजय राय उभर कर आए है लखना में 1 दर्जन से अधिक ब्राह्मण ने पार्टी जोइन की अब वो दिन दूर नहीं जब देश ओर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होगी प्रशांत तिवारी ने सभी को कांग्रेस का पटका एवं सोल पहना के पार्टी में स्वागत एवं ज्वाइन किया। आशुतोष दीक्षित ने बताया कि जिलाउपाध्यक्ष सतीश नागर द्वारा सदस्यता अभियान में संजीव त्रिपाठी, सत्यप्रकाश शुक्ला, विवेक कुमार तिवारी, अवनीश त्रिपाठी, अवनीश चौधरी, मनोज तिवारी, सौरभ कुमार, संजीव सोनी, सरताज हसन, परवेश वारसी, पंकज कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, अमन तिवारी ने पार्टी की सदस्यता ली कहा जिले में लगातार सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और हमारी तैयारी पंचायत चुनाव की है सभी को सप्त दिला के सदस्य बनाया गया। सदस्यता अभियान में जिलासचिव अनुराग कर्ण, प्रदीप दुबे, संतोष दुबे, राहुल तिवारी रहे।

वृद्ध की जहर से मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। वृद्ध ने अज्ञात कारण के चलते अचानक जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। चिकित्सक द्वारा रेफर कर देने पर परिजन वृद्ध को लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे। किंतु रास्ते में वृद्ध ने सफीपुर में दम तोड़ दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम माढ़ापुर निवासी हरिशंकर शर्मा 62 वर्ष पुत्र घुरई ने बीते रविवार की शाम अज्ञात कारण के चलते घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देखकर भतीजा जीतू शर्मा सहित अन्य परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन सरकारी एंबुलेंस से लेकर वृद्ध को जिला अस्पताल जा रहे थे। तभी कस्बा सफीपुर में वृद्ध की सांसें थम गईं। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाढ़ के चलते ग्रामीणों व मवेशियों के सामने फसल व चारे को लेकर बढ़ा संकट

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

गंगा में लगातार जलस्तर बढ़ने से बीघापुर तहसील क्षेत्र के गंग व पांडु नदी के बीच बसी ग्राम सभा दूली खेड़ा के मजरो के अंदर पानी भर गया है जिसे लोगों के आगे आवागमन का संकट हो गया है वही जानवरों को चारे की समस्या पैदा हो गई है।

लगातार गंगा में बढ़ रहा है जलस्तर के कारण दूली खेड़ा के मजरा धरमपुर के घरों में पानी दरवाजे लग गया है जिससे लोगों को आने जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है लोगों को सामान खरीदने जाने के लिए फतेहपुर जनपद के शिवराजपुर पहुंचना मुस्किल साबित हो रहा है लोग छोटी नावों के सहारे शिवराजपुर मार्ग पर पहुंचकर किसी तरह काम चला रहे हैं वहीं कई परिवार शिवराजपुर रोड पर अपना आशियाना बना लिया है धरमपुर निवासी रोहित निषाद ने बताया की लगभग 100 बीघे तिल्ली की फसल डूब जाने से पूरी तरह नष्ट हो गई है वह उड़द और मून की फसल डूब गई जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। तहसील प्रशासन द्वारा अभी तक नाव की भी व्यवस्था नहीं की गई है अभी तक लोगों को राशन भी नहीं मिल पाया। गढ़ेवा से पुल तक जाने वाले संपर्क मार्ग के ऊपर पानी का बहाव चालू हो गया है जिससे संपर्क मार्ग के किनारे बसे घरों के सामने पानी भर गया है जिससे ग्रामीणों के सामने दिक्कतें बढ़ गई है। सीताराम खेड़ा, पसनिया खेड़ा गांव पानी से घिर गए है। एस डी एम रणवीर सिंह ने बताया लोगो को बाढ़ राहत केंद्रों पर लोगो के रहने के बंदोबस्त के साथ राशन की भी व्यवस्था की गई है।

हेतु संदर्भित करने की सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी महोदय वि./रा. अमेठी

वादी संख्या 20 ई. राजू बनाम कुसुमा आदि प्रतिवादी (1)कुसुमा पत्नी रामचंदर निवासी ग्राम पूरे दीवान, मजरे-पूरे चितई, परगना-मौराजामो, तहसील-गौरीगंज, अमेठी

(2) भूमि प्रबंधक समिति द्वारा ग्राम प्रधान, ग्राम सभा पूरे चितई, विकासखंड - जामो, तहसील-गौरीगंज, जनपद-अमेठी चूंकि ऊपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 128 उ.प्र.रा.स. (पट्टा निरस्तीकरण) दाखिल किया है।

अतः एवं आपकी एतत द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 2025 के माह 8 के 26 दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदक एक पक्षीय रूप सुना जाएगा और आधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित आज 20 के दिवस को निकाली गई।

न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट अमेठी

भगवान परशुराम मन्दिर निर्माण के लिए लिया संकल्प

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

जिला मुख्यालय पर भगवान परशुराम मन्दिर निर्माण को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने हवन पूजन कर संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राम्हण सभा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, मनोज त्रिवेदी, अशोक बाजपेई वेदान्ती मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता आनन्द अवस्थी ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि भगवान परशुराम जिन्होने अधर्म का विनाश कर धर्म की स्थापना की, सदैव सत्य न्याय और पराक्रम के प्रतीक रहे वह केवल एक महान योद्धा ही नही बल्कि ज्ञान, तपस्या और त्याग की जीवंत प्रतिमूर्ति भी है। ब्राम्हण समाज के गौरव भगवान परशुराम का जीवन हम सभी को सदाचार, सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है मन्दिर का निर्माण उच्च स्तर का होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि हिन्दू धर्म में भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते है ब्राह्मण सभा के अशोक बाजपेई वेदांती, मनोज त्रिवेदी, पूर्व बार अध्यक्ष नरेंद्र अवस्थी, ओम प्रकाश मिश्रा, आलोपी शंकर मिश्र, बबलू तिवारी, कौशलेंद्र मिश्रा, विजय त्रिपाठी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, अमित मिश्रा, गौ सेवक अखिलेश अवस्थी, पी.के. मिश्रा, विमल द्विवेदी, इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, डी.के. मिश्रा, सुशील तिवारी, अमित शुक्ला, के.के. शुक्ला, जिला महामंत्री भाजपा विपिन मिश्र, आशुतोष मिश्रा राजू, गोपाल अवस्थी, अमित त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, लउवा महराज, रामलखन तिवारी और महिला मंडल में प्रियंका शुक्ला, निशा अग्निहोत्री, ललिता मिश्रा, कल्पना तिवारी, ममता द्विवेदी, श्रद्धा बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन सुरेश शुक्ला ने किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज

पत्रांक संख्या- 514/DA-05/ /नि.सू.(2025-26) दिनांक- 14.08.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित निर्माण कार्यों को कराये जाने सम्बन्धी निविदायें दिनांक 28.08.2025 समय दोपहर 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में निर्धारित शुल्क जमा करके क्रय की जा सकती है जो दिनांक 29.08.2025 समय 02:00 बजे तक टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। डाली गई निविदायें सक्षम अधिकारी एवं टेण्डरदाताओं के समक्ष उसी दिन सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सुरक्षित होगा जिसमें किसी प्रकार का वाद विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा डालने की दिनांक को यदि कोई अवकाश

क्र. सं.	कार्य का विवरण	आगणन धनराशि	अग्रिम जमानत 10 प्रतिशत	निविदा शुल्क	कार्य अवधि
1.	मो. अफसरी नवोदय स्कूल के ट्वायलेट एवं सेफ्टिक टैंक की मरम्मत व उन्नयन कार्य।	3.19	31900.00	767.00	30 दिवस
2.	सब्जी मण्डी में ट्वायलेट एवं सेफ्टिक टैंक की मरम्मत व उन्नयन कार्य।	2.48	24800.00	679.00	30 दिवस
3.	वार्ड नं. 18 आजाद नगर में जगत नारायन गुप्ता के घर से कल्लू के घर होते हुए अंकित बाथम के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	4.64	46400.00	767.00	30 दिवस
4.	वार्ड नं. 03 सुभाष नगर में संजीव गुप्ता के मकान से कुशल जोशी के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	2.32	23200.00	679.00	30 दिवस
5.	वार्ड नं. 10 गोपाल नगर में शिव मन्दिर के पास नाला निर्माण कार्य।	1.40	14000.00	679.00	30 दिवस
6.	मो. अफसरी टंकी परिसर में सीढ़ी का निर्माण कार्य।	1.24	12400.00	679.00	30 दिवस
7.	डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	1.20	12000.00	679.00	30 दिवस
8.	वार्ड नं.08 में अफरोज के घर से बृजेश के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।	3.81	38100.00	767.00	30 दिवस
9.	मो. रामगंज स्थित अस्थाई गौशाला में दीवार निर्माण व टीनशेड डालने का कार्य।	4.72	47200.00	767.00	30 दिवस
10.	रैन बसेरा में कक्ष एवं शौचालय की मरम्मत व उन्नयन कार्य।	4.55	45500.00	767.00	30 दिवस
11.	वार्ड नं. 04 में अंकित गुप्ता के मकान से नसीम के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।	2.11	21100.00	679.00	30 दिवस
12.	मो. रामगंज में 06 सीटर शौचालय में स्टील गेट, स्टील फेन्सिन्ग, मैन गेट पर चैनल, छत पर पुट्टी पुताई तथा शौचालय के बाहर इण्टरलाकिंग बिछाने का कार्य।	4.97	49700.00	767.00	30 दिवस

घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जायेगी। अन्य शर्ते आदि नगर पालिका गुरसहायगंज कार्यालय में देखी-पढ़ी जा सकती है।

शर्ते/प्रतिबन्ध-

1- कार्य की गुणवत्ता सही न होने पर जमानत धनराशि को जब्त करते हुए कार्यवाही की जायेगी।
2- निविदा क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3- निविदा शुल्क आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में देय होगा। इसके अतिरिक्त निविदा शुल्क पालिका में नकद भी जमा कर सकते है।
4- निविदा के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी के रूप में देय आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100020011 में जमा करना अनिवार्य होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में बन्धक होगा। इसके अतिरिक्त अर्नेस्ट मनी कार्यालय में नकद भी जमा कर सकते है।
5. जो भी ठेकेदार निविदाएं क्रय करेगा उसकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वतः घोषणा पत्र 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर पालिका द्वारा उपलब्ध घोषणा पत्र भरकर देना अनिवार्य होगा।
6. आयकर, व्यापारकर में पंजीकरण का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
7. अर्नेस्ट मनी के बिना निविदा मान्य नहीं होगी।
8. निर्माण कार्य हेतु निविदादाता को कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके शासनादेश संख्या-1139/नौ-9-21-45ज/21 दिनांक 30 जून 2021 में वार्णित SOP के अनुसार कार्य सही होने की स्थिति में जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष बाद वापस की जायेगी।
9. यदि यह बात संज्ञान से आयेगी कि ठेकेदार माफिया, असामाजिक संगठनों तथा संगठित अपराध से सम्बन्धित है, तो कारण बताओ नोटिस के पश्चात् ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका उत्तर दायित्व ठेकेदार का होगा।
10. उपरोक्त से सम्बन्धित विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय कन्नौज होगा।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष

राजकीय आईटीआई में हुआ वृहद अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यक्रम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मंत्री अरुण ने कहा कि अप्रेंटिसशिप योजना युवाओं के कौशल विकास और उन्हें उद्योगों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा इस योजना से जुड़ें और प्रशिक्षित होकर स्वावलंबी बनें। उन्होंने राजकीय आईटीआई कन्नौज के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायक बताया। मंत्री ने कार्यक्रम में हाल ही में नियोजित 05 प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए, और उन्हें आगे भी ईमानदारी से मेहनत करते रहने की सलाह दी। संस्थान के प्रधानाचार्य अनुज कुमार मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अप्रेंटिसशिप योजना की जानकारी देना, उन्हें उद्योगों से जोड़ना और रोजगार के नए अवसरों से अवगत कराना रहा। बड़ी संख्या में आईटीआई प्रशिक्षु व स्थानीय युवा-युवतियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में इत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने कहा कि वह जनपद के समस्त उद्योगों को इस योजना के बारे में जानकारी देंगे और इसे सफल बनाने हेतु हरसंभव सहयोग करेंगे। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग धन्नजय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सी.पी. अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे, सुनील गुप्ता, राजेश कुमार सहित अन्य उद्यमी व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नियुक्ति पत्र के मौजूद लोग व मंत्री

▸ **नियोजित 05 प्रशिक्षुओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र**

मंत्री असीम अरुण ने किया छात्रावासों का निरीक्षण

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने नगर स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक नसरापुर एवं बालिका छात्रावास मकरन्द नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने छात्रावासों में हाल ही में कराए गए मरम्मत कार्य का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि छात्रावासों की मरम्मत हेतु सरकार द्वारा लगभग 40 लाख का बजट स्वीकृत किया गया था, जिसके अंतर्गत सभी आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि मरम्मत कार्य का परीक्षण कराया जाएगा, और यदि कार्य संतोषजनक पाया गया तो ही भुगतान किया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी बजट का उपयोग जमीनी स्तर पर हो रहा है और पारदर्शिता के साथ कार्य पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सप्ताह में एक दिन श्रमदान करें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। साथ ही, छात्रावास अधीक्षकों को भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि रहे।

रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

समधन, समृद्धि न्यूज़।

अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने से शौच करने गये लोगों ने पुलिस को जानकारी दी युवक के शव मिलने की चर्चाओं का बाजार पूरे दिन गर्म रहा सोमवार सुबह करीब आठ बजे मलिकपुर स्थित कन्नौज कोल्ड स्टोरेज के निकट रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देख शौच करने गये लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को जानकारी दी गई अज्ञात युवक के शव देखने के लिये आसपास गांवों के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका इसके बाद समधन चौकी प्रभारी संजीव कटारा अपने पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने के सभी प्रयास करने के वाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये कन्नौज भेज दिया गया है।

कृष्ण जन्मोत्सव पर कृष्णाधीनता ने बांधा समां

▸ **रासलीला और कंस वध की प्रस्तुति ने मोहा मन**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

मां भगवती महाविद्यालय, सलेमपुर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कृष्णाधीनता कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने भगवान कृष्ण की रासलीला, कंस वध सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में रक्षाबंधन पर समूह नृत्य, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की घटना पर आधारित प्रस्तुति, देशभक्ति नृत्य, रानी पद्मावती के जौहर का चित्रण, गणेश वंदना और रमेश यादव की आल्हा प्रस्तुति ने समां बांध दिया। ग्रामीण प्रतिभाओं की इन प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

मुख्य अतिथि प्रख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक स्व. अवधेश दुबे को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा लगाया गया यह पौधा आज बट वृक्ष बन चुका है। उन्होंने बताया कि मां भगवती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी. फार्मा जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू होने से ग्रामीण छात्रों को अपने भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी। यह क्षेत्र का पहला महाविद्यालय है जहां नियमित और डिजिटल माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा यह आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं और शिक्षा के प्रति समर्पण का शानदार उदाहरण है। प्रबंधक सचिन दुबे ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

श्री कृष्ण और राधा स्वरुप प्रतियोगिता का आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज। श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी, सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में स्वतन्त्रता दिवस और श्री कृष्ण राधा स्वरुप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय के व्यवस्थापक देवेन्द्र सिंह राठौर, सह व्यवस्थापक अरविन्द वर्मा, मुख्य अतिथि सरोजिनी देवी, विशिष्ट अतिथि कमल किशोर त्रिपाठी, राम प्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इन सभी के साथ सूरजभान त्रिपाठी व सुभाषचन्द्र दुबे अगर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और भारत माता की झांकी (बहन परी पाण्डेय) एवं महर्षि अरविन्द घोष के रूप में (भैया प्रतीक पाल) का पूजन किया। श्रीकृष्ण जन्माष्ट?मी के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण और राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता की निर्णायक मीना देवी पाल व सरोजिनी देती द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार राधा स्वरुप में शिशु वाटिका से नित्या मिश्रा, शिशु वर्ग में हषिता, बाल वर्ग में आराध्या व किशोर वर्ग में अग्रिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कृष्ण स्वरूप में शिशु वाटिका वर्ग में आरव दुबे, शिशु वर्ग में अथर्व त्रिपाठी, बाल वर्ग में श्रेयांश तथा किशोर वर्ग में दीप्ती राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आचार्यों की लड्डू खाओ प्रतियोगिता मे अनन्त आचार्य ने प्रथम, पायल सिंह ने द्वितीय व अनिल कुमार शुक्ल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शिकायतों का गलत तरीके से निस्तारण पर होगी कठोर कार्रवाई

▸ **76 शिकायतों में से 20 का मौके पर निस्तारण**

▸ **जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कुल 76 जन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष 56 शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में शिकायतों का निस्तारण विधिविरुद्ध अथवा निर्धारित समय सीमा के बाद न किया जाए। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी शिकायतों का गलत तरीके से निस्तारण करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से तीन दिन पूर्व ही सभी प्राप्त शिकायतों का समाधान कर उसकी आख्या प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाना चाहिए। साथ ही सभी अधिकारियों को जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए और बेहतर प्रयास करने को कहा।

इस मौके पर एसपी विनोद कुमार, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी वैशाली, तहसीलदार अभिनव वर्मा सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी रहे।

फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम- एसपी व अन्य अधिकारीगण

झोलाछाप डॉक्टर ने किया ऑपरेशन, कुछ देर बाद मरीज की हुई मौत

▸ **अस्पताल प्रशासन पर कार्रवाई की मांग कर परिजनों ने काटा हंगामा**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

ग्राम खुबरियापुर मार्ग पर स्थित पुष्पांजलि अस्पताल में कथित लापरवाही के कारण एक और मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। युवक के लिवर में पस की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा काट दिया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भोला नगरिया निवासी 24 वर्षीय रंजीत पुत्र कन्हई सिंह के लीवर में पस बन गया था। परिजनों के मुताबिक शनिवार को उसे उपचार के लिए ग्राम खुबरियापुर रोड़ स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। यहां के डॉक्टर ने उसे पूरी तरह ठीक करने के लिए 50 हजार रुपए की रकम मांगी। परिजनों ने उसकी बात पर भरोसा करके रकम जमा कर दी और रविवार की शाम लगभग 4 बजे रंजीत का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के लगभग 1 से 2 घंटे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन फरार हो गया। वहीं परिजनों ने कार्रवाई की मांग कर अस्पताल में हंगामा काट दिया। मामले की जानकारी पाकर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे सीओ सुरेश कुमार ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। करीब दो माह पहले उनके बड़े भाई राम लडैते की बुलंदशहर में एक हादसे में मृत्यु हो गई थी। अब इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल अनट्रेंड स्टाफ और झोला छाप डॉक्टरों से भरे हुए हैं, जो भोलेभाले लोगों को गारंटी देकर ठगते हैं। क्षेत्र में प्राइवेट अस्पतालों और झोला छाप डॉक्टरों का मकड़जाल फैला है, जहां लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। कार्रवाई के बाद भी ये अस्पताल नाम बदलकर दूसरी जगह संचालित हो जाते हैं। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

दुनिया में आने से पहले ही बच्चे के सर से उठा बाप का साया

छिबरामऊ। लगभग 3 वर्ष पूर्व रंजीत का विवाह थाना कानपुर देहात केशरी नवादा शिवलिंग निवासी शांति देवी के साथ हुआ था और अब शांति गर्भवती है। झोलाछाप चिकित्सकों की लापरवाही और पैसों की लालच के चलते रंजीत की मौत हो गई और उस मासूम के दुनिया में आने से पहले ही उसके पिता का साया सर से उठ गया।

सवर्ण आयोग की मांग को लेकर मुहिम ने पकड़ा जोर

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

देश की आजादी के उत्सव पर गांधी पार्क पहुंचकर सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने अपने मुहिम को तेज करते हुए अल्पसंख्यक होते जा रहे सवर्णों के लिए सवर्ण आयोग बनाने की मांग सरकार से की है।

उन्होंने कहा आज की महंगाई में सवर्ण की दशा दयनीय हो चुकी है। हिंदुओं में जितनी भी जातियां हैं उनमें भी सवर्णअल्पसंख्यक हो चुके हैं अतः उनको अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा जब कई जातियों और धर्म के आयोग बने फिर अब तक सवर्ण आयोग क्यों नहीं बनाया गया। समय की मांग है कि सवर्ण की संख्या के आधार पर सवर्ण आयोग भी बनाया जाए। भाजपा को सवर्णों की पार्टी कहा जाता है फिर भी वह सवर्णों को धोखे में रखकर गुमराह कर रही है। केंद्र सरकार 2025 में जातिगत जनगणना के बात कह रही है। इसी के साथ आर्थिक गणना भी होनी चाहिए। पहले एक व्यक्ति के पास सौ, डेढ़ सौ बीघा जमीन हुआ करती थी लेकिन पारिवारिक बटवारों के चलते कई लोग या तो भूमिहीन हो गए अथवा बहुत कम जमीन बची है। इसके कारण उनके सामने भरण पोषण की समस्या भी आ गई है। आर्थिक गणना से उनके साथ भी न्याय हो सकेगा। इससे पहले सभी ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान आसाराम यादव, अजय दुबे, प्रदीप दुबे, राजीव अग्निहोत्री, अनिल शुक्ला, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, सुरेश तोमर, प्रिया श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया देश की आजादी का अमृत महोत्सव

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

देश की 79 वीं वर्षगांठ पर आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। कई जगह झंडा फहराने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। नवीन मंडी में आन बान शान से तिरंगा फहरा कर स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता ने कहा जिन शहीदों की बदौलत हमें आजादी मिली है उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे के संचालन एवं रजनेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महामंत्री संगीता गुप्ता, हरभान सिंह, मंडी समिति के प्रभारी सचिव श्रवण कुमार परमार गौतम बाबू दुबे, मो. साजिद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व पल्लेदार मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन ने पुरानी गल्ला मंडी के गेट पर तिरंगा फहराया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, अमित भारतीय, वेद प्रकाश राठौर, प्रियांशु, बृजेश गुप्ता, रानू, दीपांक दुबे, गोपाल दुबे, प्रभाकर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। सुभाष अकादमी में ध्वजारोहण निदेशक राजेश सक्सेना व सीईओ कार्तिकेय सक्सेना ने किया। गया।प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार यादव ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल आवास विकास कालोनी में डॉ मीरा यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुधीर पाठक व अन्य शिक्षक बन्धु उपस्थित रहे। जेबीजी नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रबंधक हाफिज एहतिशाम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जुगल किशोर सक्सेना के पौत्र व संस्था के मैनेजर हिमांशु सक्सेना एवं प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। सुप्रभाष अकादमी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जुगल किशोर सक्सेना की पौत्रवधू सुरभि सक्सेना व प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में विद्यालय के एमडी रामानन्द वर्मा, निदेशक हिमांशु वर्मा एवं उप निदेशक शिवम वर्मा ने संयुक्त रूप से झंडारोहण किया। मदरसा गुलशन रजा में प्रधानाचार्य कुमैल इदरीश ने झंडा फहराया।

पालिकाध्यक्ष मनोज दूबे का प्राथमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण

कायाकल्प कार्यों में गुणवत्ता पर जोर

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी में कायाकल्प योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए ठेकेदार और मिस्त्रियों को कड़े निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर गुणवत्ता से समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था और मिड-डे-मील (एमडीएम) की गुणवत्ता भी परखी। मनोज दुबे, अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) और कनिष्ठ अभियंता (जेई) के साथ कार्यस्थल पहुंचे। वहां बिछी इंटरलॉकिंग के लेवल में खामी पाए जाने पर उसे पुनः खोलकर ठीक करने और जल निकासी के लिए उचित ढलान बनाने के निर्देश दिए। प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव ने बंदरों की समस्या बताई, जिसके समाधान के लिए पालिकाध्यक्ष ने पेड़ों की छंटाई कराने का आदेश दिया। अधिशासी अभियंता ने इंटरलॉकिंग की मोटाई और वाटर लेवल की जांच की। निरीक्षण के दौरान सभासद नरेंद्र शर्मा, सभासद रईस अहमद, ठेकेदार राघव त्रिपाठी और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने कार्य को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण पूरा करने पर बल दिया।

अखिलेश व अरविंद पर अभद्र टिप्पणी से सपाइयों में रोष

▸ **आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को दी तहरीर**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मौजूदा कन्नौज सांसद अखिलेश यादव तथा पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी से समाजवादी कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

कोतवाली पहुंचे पदाधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सपा के विधानसभा अध्यक्ष उमेश चंद्र पाल द्वारा पुलिस से की गई शिकायत में कहा गया है कि मोहल्ला नई बस्ती गंगेश्वर नाथ मंदिर के पास निवासी विकास चौहान पुत्र दीप प्रकाश चौहान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इस कृत्य से लाखों समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके कारण व्यापक रोष व्याप्त है। इस दौरान प्रताप सिंह यादव, हिमांशु यादव, सोनू सिंह, भोला, लोकेन्द्र यादव, जय यादव, विवेक यादव, राहुल सिंह, अजय यादव व सनोज यादव मौजूद रहे।

भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन भानु एवं किसान क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सौरिख थाना क्षेत्र निवासी रामानंद गुप्ता को जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं जिलाध्यक्ष किसान क्रांति दल अमन यादव को संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों के हित में संगठन की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज

पत्रांक-511/न.पा.प./2025-26 दिनांक- 14.08.2025

ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत विभिन्न समग्री क्रय करना चाहती है जिसके लिए अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

Tender Reference Number-2025-26/02ET, 2025-26/08ET

क्र.सं.	स्टेज	तिथि	समय
1	2	3	4
1	Publishing Date	20.08.2025	09:00 AM
2	Document Download/Sale Start Date	20.08.2025	09:00 AM
3	Seek Clarification Start Date	20.08.2025	09:00 AM
4	Seek Clarification End Date	23.08.2025	02:00 PM
5	Pre Bid Meeting Date	23.08.2025	02:00 PM
6	Bid Submission Start Date	23.08.2025	03:00 PM
7	Bid Submission Closing Date	10.09.2025	02:00 PM
8	Bid Opening Date	10.09.2025	03:00 PM

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की धरोहर राशि (EMD) निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 20.08.2025 प्रातः 09:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी।

अनिल कुमार
अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

मुन्नी देवी
अध्यक्ष

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की टीम सक्रिय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- भोजन वितरण के साथ चिकित्सा कैंप लगाकर किया जा रहा उपचार
- हेल्पलाइन नंबर भी किये जारी, पीड़ित कभी भी कर सकते हैं फोन

बाढ़ पीड़ितों के बीच एक बार फिर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की टीम मसीहा बनकर पहुंची। मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जहां कैंप लगाकर पीड़ित ग्रामीणों को दवायें वितरित कीं, वहीं दूसरी टीम ने भोजन वितरण का कार्य किया।

इसके अलावा पीड़ितों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किये हैं। जिससे पीड़ित अपनी समस्यायें बता सकें। कई बाढ़ पीड़ित इस पुनीत कार्य के लिए डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व उनकी टीम को दुआयें देते नजर आये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों की मदद में हर वर्ष सपा के प्रदेश सचिव तथा अमृतपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की टीम सक्रिय हो जाती है और उन्हें दवायें, एंबूलेंस तथा भोजन आदि उपलब्ध कराती है। इस बार भी डॉ जितेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर उनकी टीम सक्रिय हो गयी है और बराबर दवायें, भोजन और एंबूलेंस सेवायें प्रदान कर रही हैं। सोमवार को टीम ने राजेपुर ब्लाक के गांव गांधी में पहुंचकर जहां बाढ़ पीड़ितों को भोजन के पैकेट वितरित किये। वहीं दूसरी ओर मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर लव कुमार, डॉक्टर प्रियंक, डॉ. शिवानी, फार्मासिस्ट चंद्रभान, नर्सिंग स्टाफ से राहुल कुमार ने कैंप लगाकर बाढ़ पीड़ितों का उपचार किया। इस दौरान सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी तथा त्वचा के मरीज ज्यादा पहुंचे। जिसका टीम ने परीक्षण कर विधिवत दवायें वितरित कीं।

खाना वितरण में अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, धर्मेंद्र यादव जिला सचिव, अमित कठेरिया जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति, सानू मिर्जा, सोनू ठाकुर, आशीष यादव, अनमोल सिंह, असद खान, प्रदीप यादव, सचिन यादव, अंकित ठाकुर, मोहित यादव, आकाश यादव, अंकुर सिंह, अमित कुमार आदि लोग सक्रिय रहे। टीम ने सभी बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित किये।

बाढ़ पीड़ितों को भोजन के पैकेट वितरित करती टीम

चिकित्सा कैंप में ग्रामीणों को देखते चिकित्सक

खुलेआम फेंका जा रहा मेडिकल बायो वेस्ट, स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास और आसपास के इलाके में खुलेआम मेडिकल बायो वेस्ट फेंका जा रहा है। एक निजी अस्पताल के नजदीक खून से सनी ड्रिप्स और मेडिकल कचरे के ढेर साफ देखे जा सकते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात है कि इसी कचरे के नीचे सब्जियों और फलों के छिलकों की तलाश में पहुंचे गोवंश जख्मी हो गए। उनके सींग पर खून से सनी ड्रिप तक लटकी मिलीं। इलाके में गंदगी फैलने से बीमारियों के फैलने का खतरा है। जिम्मेदार सुनने को तैयार नहीं। सूत्रों का दावा है कि कई नामचीन संस्थान भी मेडिकल बायो वेस्ट निस्तारण के नाम पर बड़ा खेल कर रहे हैं। मामला थाना कादरी गेट क्षेत्र के आवास विकास और मसेनी इलाके का है। अब देखना है कि जिम्मेदार कार्रवाई कब करते हैं।

आवास विकास मसेनी इलाके में सड़क पर पड़ा मेडिकल बायो वेस्ट

परिजनों से विवाद होने पर युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़ा, करंट लगने से नीचे गिरा

सीएचसी में मौजूद घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

- गंभीर हालत में सीएचसी से लोहिया अस्पताल हुआ रेफर

बीती रात बिजली के पोल पर चढ़ा युवक करंट लगने से नीचे गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर बांगर निवासी ट्रैक्टर चालक विनीत कुमार शर्मा पुत्र हंसराम शर्मा बीती रात सूत्रों के बताए मुताबिक परिजनों से विवाद होने के कारण बिजली के ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया और उसने विद्युत पोल पर लगे ट्रांसफार्मर को अपने हाथों से पकड़ लिया। जिससे वह नीचे धड़ाम से जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई और परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सूत्रों के बताए मुताबिक उसके घर में शराब पीने को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। नशे की हालत में युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया और ट्रांसफार्मर को पकड़ लिया। जिससे नीचे गिरने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की मासिक बैठक सम्पन्न

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

- निष्क्रीय पदाधिकारी बदले गये, पीडीए पर हुई चर्चा

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की जिला संगठन की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी के प्रतिष्ठान वीरा कृषि सेवा केंद्र नहरोसा नवाबगंज में आयोजित हुई। बैठक में सर्वेश आंबेडकर, पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी नदीम अहमद फारूखी ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने निष्क्रीय पदाधिकारियों को हटाकर नए साथियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने नगर अध्यक्ष शमशाबाद ज्ञानचंद्र राजपूत तथा कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष मुन्नालाल कठेरिया, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज अर्पित यादव को नियुक्त पत्र व माल्यार्पण कर जिम्मेदारी दी और सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी हित में जुटने का आह्वान किया। इसी के साथ मोहम्मद नदीम खान को नगर अध्यक्ष नवाबगंज बनाने पर विचार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वेश आंबेडकर ने जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी को अब तक का सबसे सफल व मेहनती अध्यक्ष बताया। वहीं नदीम अहमद फारूखी ने कहा कि नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सही व्यक्ति को मिलने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। अमन सूर्यवंशी ने बाबा साहब वाहिनी को जनपद में जमीनी स्तर पर काफी मजबूती दी। बैठक में जिला सचिव डॉ0 आकाश गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज अर्पित यादव, जिला सचिव अनूप कुमार, कार्यकारिणी सदस्य दीपांशु खटीक समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के जिला सचिव सुखदेव कश्यप की बड़ी मां के निधन की सूचना मिलते ही कार्यक्रम की गति धीमी हो गई। जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने स्वयं उनके घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की और परिजनों को ढांढस बंधाया। बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी जिला संगठन अब दिन रात पार्टी हित व पीडीए एकता को मजबूत करने के लिए समर्पित होकर कार्य करेगा।

कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते नदीम अहमद फारुकी

दो पक्षों में मारपीट, एक दूसरे के खिलाफ दी तरीरें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी सुधीर कुमार की मोहल्ले के ही बबलू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों में गाली-गलौज होने लगी। देखते ही देखते एकाएक दोनों में मारपीट होने लगी। मारपीट में सुधीर कुमार, उनकी पत्नी रेखा देवी व दूसरे पक्ष से रेखा देवी पत्नी बब्बू चोटिल हो गए। नवाबगंज थाना पुलिस को दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तीनों चोटिलों को मेडिकल के लिए सीएचसी नवाबगंज भेज दिया।

एएसपी ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिये निर्देश

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिह की अध्यक्षता में कायमगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनमानस कि शिकायतों एव समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उसमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंष। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग पुलिस विभाग, विकास विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बन्धित 42 शिकायतें आईं। जिसमें 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर मौका मुआयना कर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश त्रिपाठी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नगर पालिका के ईओ अन्शुमान, आनन्द शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सीएचसी कायमगंज से डॉ. जितेन्द्र कुमार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवावगंज थानाध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

फरियादियों की समस्यायें सुनते एसडीएम

संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता फांसी पर झूली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता ने फांसी लगा ली। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के अंतर्गत मोहल्ला अंडीयाना निवासी राहुल मिश्रा कचहरी में विधि व्यवसाय करते हैं। राहुल मिश्रा का बीते लगभग 6 महीने पूर्व 25 फरवरी 2025 को जनपद एटा के नयागाँव सराय अगहत निवासी अनिल कुमार मिश्रा की 30 वर्षीय पुत्री क्षमा के साथ विवाह हुआ था। सोमवार क्षमा फांसी पर झूल गयी। जानकारी होने पर राहुल मिश्रा ने पत्नी क्षमा को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में दोपहर 2 बजे भर्ती कराया। जहाँ उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची मृतक क्षमा की माँ सुषमा मिश्रा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताते चलें कि राहुल मिश्रा बीते दिन ही क्षमा को मायके से बुलाकर लाये थे।

लोहिया अस्पताल में रोती मृतका की मां व इन्सेट में फाइल फोटो

बंदरों ने बच्चे को काटकर किया घायल

बच्चे को रैबीज का इंजेक्शन लगाती नर्स

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

बन्दरों के आंतक से ग्रामीण खासे परेशान हैं। आये दिन बंदर किसी न किसी बच्चे पर हमला कर उसे जख्मी कर देते हैं अथवा नुकसान कर देते हैं। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मझोला निवासी प्रतीक उम्र 12 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार घर के बाहर बैठा था। उसी दौरान बन्दरों ने अचानक हमला कर उसके हाथ में काट लिया। घायलावस्था में परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसके रैबीज का इन्जेक्शन लगाया गया।

बाइक से गिरकर महिला की मौत, बच्ची घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

- भाई के साथ नीम करोरी स्टेशन जा रही थी मृतका

भाई के साथ बाइक पर बैठकर ससुराल जा रही महिला बाइक से गिर गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि गोद में बैठी बच्ची घायल हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव करनपुर बांसमई के मजरा करणपुर निवासी अर्चना देवी पुत्री गणेश प्रसाद सक्सेना अपने भाई बेताब तथा बाबा धनपाल के साथ बाइक पर बैठकर कोठारी मंदिर होते हुए नीम करोरी स्टेशन जा रही थी। जिससे वह स्टेशन से गाड़ी पकड़कर अपनी ससुराल सिरसागंज जा सके। बाइक बेताब चला रहा था। बीच में अर्चना देवी बच्ची सृष्टि को अपनी गोद में लिये बैठी थी, जबकि पीछे बाबा धनपाल बैठे थे। किसी तरह बाइक से अर्चना नीचे गिर गई और जब तक बाइक को रोका और देखा तो अर्चना गंभीर रूप से घायल थी तथा गोद में लिए बच्ची सृष्टि भी घायल हो गई थी। जिसको तुरंत निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने अर्चना को मृत घोषित कर दिया और पुत्री को प्राथमिक उपचार देकर मृतका के पति नरेश को सौंप दिया। जैसे ही सूचना गांव करनपुर में मायके वालों को मिली, तो एकदम मौके की ओर लोग दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि उनकी पुत्री आठ माह की गर्भवती भी थी। जिससे कि उसके पेट में पल रहा बच्चा भी मौत के मुंह में समा गया। सूचना पाकर ससुराल वाले भी मौके पर आये, लेकिन दोनों पक्षों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया।

रोते बिलखते मृतका के परिजन

आमने-सामने हुई बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, लोहिया रेफर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

- अपनी बहन को ससुराल छोड़ने आया था घायल युवक

थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली कतरौली पट्टी के पास शाम के समय दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कन्नौज जनपद के जलालपुर पनवाड़ा निवासी करण यादव पुत्र रामू यादव अपनी बहन को छोड़ने कटरौली पट्टी बहन की ससुराल आया था। शाम को वापसी के दौरान उसकी बाइक सामने से आ रहे बीबीगंज फर्रुखाबाद निवासी निशांत यादव पुत्र जीत सिंह यादव की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों तथा ग्रामीणों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जहां डॉक्टर ने उनका इलाज किया तथा उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

बाढ़ के पानी से दो सड़कें कटीं, क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क टूटा

कम्पिल, समृद्धि न्यूज।

बांधों से लगातर छोड़े जा रहे पानी से सोमवार को दो सड़कें कट गयीं। जिससे हजारों बीघा फसल खराब हो गयी। सोमवार दोपहर गांव दूंदेमई के निकट कंपिल-बदायूं मार्ग कट गया। जिससे पैदल निकलने वाले ग्रामीणों का भी आवागमन अवरुद्ध हो गया। जिससे क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क टूट गया। ग्रामीण वोट का सहारा लेकर आवागमन कर रहे हैं। गांव वालों ने लोगों की सुविधा के लिए रस्सी बांध दी है। जिससे खेतों में खड़ी किसानों की हजारों बीघा खेती जलमग्न हो गयी। गांव कमरुद्दीननगर से सिकंदरपुर तिहाईया को जाने वाली सड़क अराजकतत्वों ने काट दी। ग्राम प्रधान नीरज गौतम ने बताया इससे ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा फसल चौपट हो गयी। क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर, कारव, इकलहरा, पुंथर देहामाफी, मिस्तिनी, बहबलपुर, राम सिंह का नगला, ठाकुर नगला, शेखपुर, बिहारीपुर, मधवापुर सहित कई गाँवों में बाढ़ का प्रकोप चल रहा है। लोगों के पास राशन खत्म हो गया है। ईधन के लिए सूखी लकड़ी जुटाना ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। शौचालय के लिए ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वावजूद इसके प्रशासन द्वारा कुछ लोगों को राहत सामग्री बाटकर खानापूर्ति की जा रही है।

कई दिनों से अँधेरे में काट रहे रातें

उसम भरी गर्मी मे ग्रामीण कई दिनों से अँधेरे में रातें काटने को मजबूर हैं। गौरतलब है की सिवारा उपकेंद्र से जुड़े करीब 100 गांव, कंपिल उपकेंद्र से जुड़े करीब 50 गाँवों के ग्रामीण उमस भरी गर्मी में परेशान हैं। ग्रामीणों ने रात में आपूर्ति चालू करवाने की मांग की है।

कटी सड़कों पर बहता पानी व मौजूद ग्रामीण

गंगा के जलस्तर में गिरावट, रामगंगा में हो रही बढ़ोत्तरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गंगा में बीते दिन से पानी में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं रामगंगा खतरे के निशान पर आ गयी हैं। जिससे रामगंगा की जद में आने वाले गाँव प्रभावित होंगे। फिलहाल अभी तक लगभग 137 गाँव ही बाढ़ की चपेट में हैं।

सोमवार सुबह करीब 8 बजे गंगा का जलस्तर 137.35 सेंटीमीटर दर्ज किया गया था, जबकि शाम 4 बजे जलस्तर 137.30 मीटर पर आ गया। यानि गंगा का जल स्तर आठ घंटे में 5 सेमी घट गया। वहीं रामगंगा में सुबह 8 बजे जल स्तर 137.00 सेंटीमीटर पर दर्ज किया गया था, लेकिन शाम को 4 बजे जल का स्तर 137.10 सेंटीमीटर पर आ गया। गंगा व रामगंगा का खतरे का निशान 137.10 सेंटीमीटर पर दर्ज है। सोमवार को गंगा में नरौरा बांध से 128716 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा में खो हरेली व रामनगर बैराज से 22441 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

राजेपुर में सड़क पर चल रहा पानी

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्यायें

समस्यायें सुनते डीएम एसपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 33, पुलिस की 04, विकास विभाग की 01, विद्युत विभाग की 02 व अन्य विभागों की 12 शिकायते कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कुल 52 शिकायतों में 2 का मौके पर हुआ निस्तारण

खुली सिगरेट बेंचने वालों पर लगाया जाये जुर्माना: जिलाधिकारी

बैठक लेते डीएम मौजूद एसपी आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकोर्ड, एक युद्ध नशे के विरुद्ध व एन्टी टैबको सेल की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कही भी निकोटिन युक्त दवाओं की बिक्री न हो, रेंडमली 100 दुकानों की जांच की जाए, सारे विद्यालयों में चिल्ड्रेन क्लब प्रहरी बनाये जाये, सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाये, सभी भांग की दुकानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। खुली बीड़ी सिगरेट बेचने वालों पर जुर्माना लगाया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एन्टी टैबको सेल की हुई समीक्षा

अंतरिक्ष सप्ताह के तहत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में भारतीय अंतरिक्षत अनुसंधान संगठन इसरो के संस्थापक महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक डा0 विक्रम सारा भाई के जन्म के उपलक्ष्य में 12 से 18 अगस्त तक आयोजित भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह का आयोजन किया गया। छात्राओं को अंतरिक्षत विज्ञान विषय के बारे में जागरुक करने के लिए शिक्षिका पूनम शुक्ला व दर्शना शुक्ला के नेतृत्व में निबंध चित्रकला, भाषण, मॉडल की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जिसमें छात्रा करिश्मा, शुभ्रा, शिवांगी सक्सेना, आफ्सा, इरम, नीशू राठौर, आरती, शिखा, इकरा, उजमा, इशिता गुप्ता, ईशा राठौर, दिव्यांशी, कहकशा, मानवी मिश्रा, खुशी शर्मा व इलमा ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं को अंतरिक्ष के बारे में बताया कि वर्तमान में शुभांशु शुक्ला का उदाहरण लेकर प्रेरित किया। सभी भविष्य में वैज्ञानिक सोंच के आगे बढ़ सकते है और देश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार वाहन को किया गया रवाना

प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते जनपद न्यायाधीश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में सोमवार को जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार ने प्रचार-प्रसार हेतु मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अपर जिला जज शैली राय, अभिनितम उपाध्याय विशेष न्यायाधीश, डा0 अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार अपर जिला जज व सचिव, धनश्याम शुक्ला मुख्य दण्डाधिकारी व कोर्ट मैनेजर आरिफ खान, प्रधान लिपिक आरिफ सिंह, मोहम्मद एचए सैफी आदि लोग मौजूद रहे। ब्लाक मोहम्मदाबाद एवं तहसील सदर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार वाहन भ्रमण कर प्रचार करेगी।

19 अगस्त को अमृतपुर व कायमगंज एवं नवाबगंज में प्रचार-प्रसार होगा। आगामी लोक अदालत 13 सितम्बर को सिविल, लघु फौजदारी, चकबंदी, बैंक वसूली एवं प्री-लिटिगेशन आदि मामलों का बृहद स्तर पर निस्तारण होगा। जिसके लिए प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का वादकारी लाभ उठाये।

इग्नू में नये सत्र के 31 अगस्त तक होंगे प्रवेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के निर्देशानुसार 2025 सत्र की ऑन लाइन प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 31 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा व डीएन कालेज के समन्वयक डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि इग्नू में अब नये सत्र की ऑनलाइन एवं ओडीएल विधा में स्नातक, परास्नातक डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु अन्तिम तिथि को 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इग्नू की बेवसाइट पर इच्छुक अभ्यार्थी पंजीकरण कर सकते है। डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि प्रवेश हेतु इग्नू प्रबन्ध के क्षेत्र में कई मास्टर डिग्री कार्यक्रम उपलब्ध हैं। जैसे मास्टर ऑफ बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बैंकिंग एवं फाइनेन्स ह्यूमन रिर्सोस मैनेजमेंट, फाइनेन्सियल मैनेजमेंट, आपरेशन्स मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, कन्स्ट्रक्शन 7 मैनेजमेंट आदि है। जैसे संस्कृत, ज्योतिष, वैदिक अध्ययन, हिन्दू अध्ययन, भगवद्गीता अध्ययन में स्नातकोत्तर, वास्तुशास्त्र एवं संस्कृत साहित्य में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, संस्कृत सम्भाषण, वैदिक गणित एवं भारतीय कालगणना में प्रमाण पत्र इत्यादि कार्यक्रम उपलब्ध हैं। इच्छुक विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार प्रवेश ले सकते हैं।

जानकारी देते आरएन सिंह

संतानों को उत्तम बनाने की विधा पर दिया गया जोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में चल रहे श्रावणी वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत नगर से सटे खानपुर में सामूहिक सत्संग का आयोजन किया गया। आर्य विद्वानों द्वारा वेदों में संतानों को उत्तम बनाने की विद्या पर उपदेश किया गया। यज्ञ का आयोजन हुआ। यजमान डॉ. राम कुमार कटियार रहे। उनके साथ ग्रामवासियों ने यज्ञ में आहुति देकर ईश्वर से सुख समृद्धि की कामना की। संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि वेद केवल आध्यात्मिक ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि वे जीवन के प्रत्येक पक्ष को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संतानोत्पत्ति और उनके उत्तम निर्माण की विद्या भी वेदों का एक महत्वपूर्ण विषय है। वेदों का स्पष्ट मत है कि संतानों का चरित्र, संस्कार और गुण माता-पिता के आचरण तथा वातावरण पर निर्भर करते हैं। गर्भाधान से पूर्व और गर्भकाल में माता-पिता का शुद्ध आहार, संयमित जीवन, सत्संग और ईश्वर उपासना संतान के उत्तम निर्माण के लिए आवश्यक बताया गया है।

आचार्य रामप्रकाश ने कहा कि वेदों में संतानोत्पत्ति से लेकर उनके पालन-पोषण तक संपूर्ण जीवन-व्यवस्था का मार्गदर्शन मिलता है। इसलिए सभी गृहस्थों को वैदिक मान्यताओं का पालन करना चाहिए, आर्य समाज का उद्देश्य संस्कारवान भावी पीढ़ी का निर्माण करना है। सभा की अध्यक्षता उपासना कटियार ने की। उन्होंने आये हुए सभी अतिथि व विद्वानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ0 सत्यम कटियार, रमाकांत कटियार, ऋषि कटियार, मोनू, प्रशांत, वैष्णवी, राधिका आदि उपस्थित रहे।

हाइवे पर बने कटो को बंद करने का व्यापारियों ने किया विरोध

ज्ञापन देकर व्यापारियों ने कट चालू कराने की उठाई मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक इटावा बरेली हाइवे स्थित एक रेस्टोरेंट पर सम्पन्न हुई। बैठक में हाइवे पर बने कटों को बगैर सूचना बंद किये जाने से आम जन मानस एवं व्यापारियों को आवागमन में समस्या उत्पन्न हो रही है, यह चर्चा का विषय है।

व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि हाइवे पर लाइटों को लगे लगभग 6 महीने बीत गये है, इसके बाद भी अभी तक लाइटें चालू नहीं है। नालियां अधूरी रह गयी है। जिससे आम जन मानस परेशान है। बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने अभय यादव को संरक्षक नियुक्त किया और उनका स्वागत किया गया। वहीं व्यापारियों ने नेशनल हाइवे सेन्ट्रल जेल चौराहा पपियापुर मार्ग पर डिवाइडर कट जो छोड़ा गया है उसे बंद करने पर व्यापारी नाराज हुए और कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम रविन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि आने-जाने में आम जन मानस को परेशानी हो रही है। ऐसे में शीघ्र कट खोला जाये। इस मौके पर जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा, अनूप मिश्रा, योगेश गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, अमित मिश्रा, देवेन्द्र सक्सेना, जितिन सिंह, अजय यादव, आशीष पाल, राहुल उपाध्याय, अवनीश कुमार, देवेन्द्र सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में उत्साह पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फर्रुख़ाबाद सिटी गर्ल्स विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को भव्य समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज़ दयाल द्वारा हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, अतः हमें राष्ट्र के विकास और उन्नति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रधानाचार्या ने राज्य मंत्री, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश एवं शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश का संदेश भी पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी प्लोमर ने कुशलता पूर्वक किया। समारोह में सभी शिक्षकगण एवं विद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह के समापन पर विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा और सभी विद्यार्थियों को बूंदी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करती प्रधानाचार्या

बच्चों ने हर्षोल्लास से मनाई जन्माष्टमी

छिबरामऊ, कन्नौज। ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। अभिभावकों ने बच्चों को राधा-कृष्ण तथा ग्वालवालों की मनमोहक पोशाक पहनाकर आकर्षक ढंग से तैयार कर स्कूल भेजा। अध्यापकों ने भक्ति भाव से राधा-कृष्ण के जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। छात्र छात्राओं ने कृष्ण लीला के दृश्यों सहित राधा-कृष्ण के जीवन पर आधारित अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। विद्यालय के एमडी रामानन्द वर्मा ने कहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व से हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने तथा बिना किसी स्वार्थ के कर्म करने सहित समाज में उच्च आदर्श स्थापित करने की प्रेरणा मिलती है । निदेशक हिमांशु वर्मा ने कहा जन्माष्टमी पर बच्चों के लिए श्रीकृष्ण सेल्फी पॉइंट व श्री कृष्ण पालना जैसी कई वस्तुओं की व्यवस्था की गयी। बच्चों ने मटकी डेकोरेशन, मोर पंख एवं बांसुरी निर्माण जैसी अनेक मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए विभिन्न जीवन मूल्यों जैसे मित्रता, प्रेम, सद्भावना को अपनाने की प्रेरणा दी।

अब तक 2.26 लाख लोग खा चुके है फाइलेरिया की दवा

फाइलेरिया की दवा खाते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद सहित प्रदेश के 27 जिलों में इस समय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चल रहा है। रामानंद बालक इंटर कॉलेज में 208, वहीं जनता इंटर कालेज में 375 छात्रों को बूथ लगाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई गई। इस दौरान पीसीआई संस्था से अनुपम मिश्र ने छात्रों को समझाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया। साथ ही लिंजीगंज चिकित्सालय से संजय बाथम ने कई टीमों का भ्रमण कर अभियान की जानकारी ली। अभियान 2 सितंबर तक चलाया जायेगा।

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने कहा कि जनसामान्य से अपील है कि फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है। इससे बचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खिलाई जाने वाली दवा का सेवन उनके सामने ही करें। वीवीडी के नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने बताया हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पाँव हो जाना यानी पैरों में सूजन हो जाना। महिलाओ के स्तन में सूजन आ जाना, यह सब फाईलेरिया रोग के लक्षण हैं, फाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है। जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने बताया कि 2 वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया की दवा दी जायेगी। दवा खाली पेट नहीं खाना है।

स्वागत के दौरान मौजूद मुवनेश फौजी आदि

भाजपा छोड़ सपा में कई लोग हुए शामिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने आयोजित सभा में युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव द्वारा कायमगंज विधान सभा के ग्राम मुरहटी निवासी मुवनेश कुमार उर्फ रिंकू फौजी को कायमगंज विधानसभा युवजन सभा अध्यक्ष घोषित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कायमगंज निवासी अवधेश राजपूत, पूरनलाल राजपूत, रामवीर सिंह दिवाकर, वीरेंद्र सिंह एवं आंशिक कुमार ने लगभग 20 वर्ष से जुड़े रहे भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि 2027 में मिशन पीडीए को मजबूत करुंगा। फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ब्लाक बढ़पुर रहा विजेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी मौजूद अतिथिगण

उच्च प्राथमिक विद्यालय कलौली महबुल्लापुर में टेबल टेनिस की जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विकास खण्ड शमशाबाद, बढ़पुर, नवाबगंज के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों को ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह यादव व जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने मेडल पहनाकर पुरस्कार किया।

इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आलोक यादव, कुलदीप यादव, मनीष यादव, सत्यवीर सिंह, रेखा वर्मा, नितिन यादव, कामोद राजपूत, सुनीता यादव, अर्जुन सिंह, खेल अनुदेशक अभिषेक शाक्य, संजीव यादव उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ी कानपुर में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विजेता खिलाड़ियों में बालक वर्ग मंकेश बढ़पुर विजेता व नितिन शमशाबाद उपविजेता रहे। आशु बढ़पुर विजेता व सूर्यांश शमशाबाद उपविजेता रहा। राहुल विजेता व अजय शमशाबाद उपविजेता रहा। मुस्तफा बढ़पुर विजेता व प्रशांत शमशाबाद उपविजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में सोनी बढ़पुर विजेता व छाया नवाबगंज उपविजेता रही। सुहाना बढ़पुर विजेता व जान्हवी नवाबगंज उप विजेता रही। कंचन बढ़पुर विजेता व आरजू नवाबगंज उप विजेता रही। शेजल बढ़पुर विजेता व आकृति नवाबगंज उप विजेता रही।

लम्बी स्किन डिजीज बीमारी के टीकाकरण की डीएम ने की समीक्षा

निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन ने गौशाला खण्डौली व कन्हा का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग लखनऊ ने जनपद पहुंचकर निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल खण्डौली विकास खण्ड राजेपुर व कान्हा गौशाला कमालगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण में दोनों गौशालाओं में व्यवस्थायें दुरूस्त पायी गयी। निरीक्षण करने के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की एवियन इन्फ्लूऐन्जा (बर्ड फ्लू) बीमारी से बचाव हेतु बैठक सम्पन्न हुई। साथ ही बैठक में लम्बी स्किन डिजीज बीमारी के टीकाकरण की समीक्षा की गयी। निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन, अपर निदेशक ग्रेड-।।, पशुपालन विभाग कानपुर मण्डल, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी मुख्यालय एवं जनपद स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे है।

बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

सुगम संगीत प्रतियोगिता में गौरी पाण्डेय ने तबला में पाया द्वितीय स्थान

प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उप्र संगीत नाटक अकादमी लखनऊ (संस्कृति विभाग उप्र) द्वारा आयोजित सम्भागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता 2025-2026 में द्वितीय स्थान पाने वाली छात्रा गौरी पाण्डेय को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन आवास विकास स्थित कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज में सम्पन्न हुई थी। जिसमें गौरी पाण्डेय ने तबला में प्रतिभाग किया था। जिसमें गौरी पाण्डेय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। निर्णायक दरश आघारी, शिव शम्भू कपूर, रंजना श्रीवास्तव, प्रदेश संयोजिका रेनू श्रीवास्तव, केंद्र संयोजक सुरेन्द्र पाण्डेय ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

गौरी पाण्डेय को प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी

सांसद ने किया एमएच सैलून का उद्घाटन

इटावा, समृद्धि न्यूज। सांसद ने सैलुन का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सांसद जितेन्द्र दोहरे व विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव मो. नौमान आलम ने रामगंज चौराहा स्थित एमएच सुपर सैलुन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान सांसद जितेन्द्र दोहरे ने सैलुन के प्रोपराइटर अयान खान को अपना आर्शीवाद दिया और दुकान अच्छी चले ऐसी कामना की। सांसद ने अयान के पिता शाहबुद्दीन खान से कुछ चर्चा की। नौमान आलम ने अयान खान को सैलुन के प्रोपराइटर अयान को अपनी दुआएं दी। इस मौके पर समीर खान, नसीम खान, शकील खान, जिलाउल हक एडवोकेट, दानिश मेव, हाजी शमी कुरैशी, आमिर वारसी, दानिश कुरैशी, निशु कुरैशी, आदिल, शफीक खान आदि मौजूद रहे।

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

डॉ0 आनन्द यादव
प्रभारी
चिकित्साधिकारी
पड़री, मीरजापुर

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त जनपद वासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबन्धन व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ

मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, मा0 गृह मंत्री अमित शाह जिन्दाबाद, मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिन्दाबाद

रमाकांत पटेल
ब्लाक प्रमुख
बबेरू जनपद (बाँदा)

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ई0 राजबली यादव
अभियन्ता
जिला पंचायत
मीरजापुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज-कन्नौज
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी के पावन पर्व पर समस्त नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
स्वच्छ सर्वेक्षण 2025
नागरिकों से अपील
01. पालिका द्वारा समस्त वार्डों में पृथक्कीकृत कूड़ा कलेक्शन हेतु ट्राई साइकिल लगाई गई है। अतः सभी नागरिक सूखा एवं गीला कूड़ा का स्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर सफाई मित्र को सौंपे। 02-नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में सहयोग करें। सड़कों/नालियों में कूड़ा न फैलाएं। 03-नाला/नाली फुटपाथ सार्वजनिक स्थानों परअतिक्रमण न करें। 04-पालीथीन/थर्मकोल, सिंगल यूज प्लास्टिक सामान का प्रयोग न करें। 05-नगर पालिका के करों का भुगतान समय से करें। 06-जल अमूल्य है, इसका दुरूपयोग न करें। 07-रोड पटरी पर निर्माण/विध्वंस सामग्री एकत्रित न करें। 08-सभी घरेलू/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आईएस 2470 (पार्ट-1 पार्ट 2) अनुसार सेप्टिक टैंक का निर्माण कराएं एवं प्रति तीन वर्ष में टैंक अनिवार्य रूप से खाली कराने हेतु पालिका की सेवाओं का लाभ उठाएं।
15 स्वतंत्रता दिवस 15 स्वतंत्रता दिवस
मुन्नी देवी गुप्ता अध्यक्ष
समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद-गुरसहायगंज

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह
प्रांजल स्टोन वर्क
प्रियांशु स्टोन वर्क
प्रांजल TVS ऑटो सेल्स
अधिकृत डीलर
नरायनपुर

पता, भंडारी देवी कंचनपुर अहरौरा मिर्जापुर, मो- 9005852460

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

कौशलेन्द्र राय
ग्राम विकास अधिकारी
हलिया मीरजापुर

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव
ग्राम विकास अधिकारी
हलिया मीरजापुर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत।
पत्रांक- मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/ तम्बाकू नि0/समाचार पत्र / 2025-2639788 दिनांक-15 अगस्त, 2025
कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत की तरफ से समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज़िन्दगी चुनो, तम्बाकू नहीं.
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रभात शुक्ला
ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी
मीरजापुर

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, पारिवारिक न्यायालय बाराबंकी

नोटिस अन्तर्गत धारा - 125 दं0 प्र0 सं0
चांदनी सोनी उर्फ आरती सोनी
बनाम
कृष्ण कुमार वर्मा उर्फ आयुषमान
वाद संख्या- 1036/2024
अं0 धारा -125 जा0 फौ0
थाना -कोतवाली नगर
जनपद -बाराबंकी
ता0पे0- 29.8.2025

विपक्षी का नाम और पता -कृष्ण कुमार वर्मा उर्फ आयुषमान पुत्र गणेश प्रसाद सेठ निवासी अमानगंज पोस्ट गैबीघाट, थाना लाल डिग्गी जनपद मिर्जापुर। आपके विरुद्ध इस न्यायालय में धारा 125 दं0प्र0सं0 के अंतर्गत गुजारा भत्ता दिए जाने हेतु उपरोक्त वाद किया गया है।

आप दिनांक 29.8.2025 को समय 10:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित आकर लिखित अभिकथन/जवाबदावा प्रस्तुत करें। यदि आप बिना उचित कारण के उपस्थित नहीं होते हैं। तब आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

प्रधान न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय, बाराबंकी।